Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865
रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-232
रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

# मासूम दिव्यांश की मौत का गुनाहगार कौन ?

## गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज करने की मांग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर की जिम्मेदारी रायपुरवासियों को सुविधा मुहैया कराना है। लेकिन सुविधा तो दूर नगर निगम के अफसरों की लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली। वहीं दो मासूम बच्चों की जिंदगी खतरे में है, जिन्हे अस्पताल दाखिल कराया गया है। नगर निगम में इन दिनों आखिर हो क्या रहा है? आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है? रविवार की रात गुढियारी इलाके में गुलमोहर पार्क के पास महीनों पहले खोदे गए गडढे में डूबकर 7 वर्षीय मासूम दिव्यांश कुम्हार की मौत हो गई। हद तो तब हो गई कि अब तक इस मामले में किसी की जबाबदेही तय नहीं की गई। दोशियों पर कार्रवाई करने के बजाय निगम के जिम्मेदार अफसर बगल झांकते दिख रहे हैं।





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर दुर्घटना में मृत बालक दिव्यांश के शोकसंतप्त परिवारजनों को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी गई है।



काश दिव्यांश के माता पिता का दर्द निगम के अफसर समझ पाते। नन्हें दिव्यांश को खोने के बाद उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। निगम के अफसरों की कार्यप्रणाली को लेकर रायपुरवासी इन दिनों उन्हें कोश रहे हैं। इतना ही नहीं रविवार की रात छत्तीसगढ़ नगर में निगम द्वारा खोदे गए एक और गड्ढें में एक 4 साल का बच्चा गिर गया। एक राहगीर ने भगवान बनकर इस बच्चे की जान बचाई, नहीं तो यहां भी घटना घटित हो सकती थी।

### नगर निगम की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

रायपुर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय रहवासियों का मानना है कि निगम का काम सिर्फ राजस्व वसूलने तक सीमित रह गया है। यहां अफसरों का आम जनता से कोई सरोकार नहीं रहा। कहा जा रहा है कि इस मामले में निगम के अफसरों को स्थानीयों ने पहले भी बताया गया था, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली, जिसके कारण मासूम दिव्यांश की जान चली गई।

### क्या है मामला?

गुढियारी इलाके के गुलमोहर पार्क में यह हादसा हुआ। नगर निगम रायपुर द्वारा बनाए जा रहे सिवरेज टैंक के लिए खोदे गए गड्ढे में तीन बच्चे डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से दो बच्चों को बाहर निकाल लिया गया। वहीं तीसरे बच्चे की गंदे पानी में डूबने से मौत हो गई। दरअसल नगर निगम ने खोदे गए गड्ढे को खुला छोंड दिया था, जिसके वजह से यह घटना घटित हुई। स्थानीय निवासी इस घटना के लिए साफ तौर पर नगर निगम के अफसरों को जिम्मेदार मान रहे हैं, वही लगातार कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### महापौर मीनल चौबे ने सभी सैप्टिक टैंक एवं सम्पवेल के मेन होल को ढकने का निर्देश दिए

यह घटना सामने आने के बाद नगर पालिक



निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने रायपुर शहर में स्थित सभी बीएसयूपी और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमवाय) की कॉलोनियों और अन्य निगम परिसर के सैप्टिक टैंक और सम्पवेल के मेनहोल को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अगले 24 घण्टे के भीतर ढकने के निर्देश दिए हैं।

रायपुर नगर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने इस लापरवाही के लिए नगर निगम के अफसरों को जिम्मेदार ठहराया है। विकास ने कहा कि अफसरों पर गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज होना चाहिए। वहीं मृतक के परिवार को कम से कम 20 लाख का मुआवजा दिया जाना चाहिए। उपाध्याय ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों के लापरवाही से रायपुर में एक बच्चा की जान चली गई, वहीं एक अन्य बच्चे का ईलाज जारी है। रायपुर के गुलमोहर पार्क के पीछे बीएसयूपी कॉलोनी में नगर निगम ने सिवरेज के लिए महीनों से गड्ढा खोद कर रखा हुआ है, पिछले कई महीनो से काम बंद होने के कारण इस पर गंदा पानी भर गया है। जिसकी शिकायत आम लोग करते रहे हैं लेकिन नगर निगम उसकी सुनवाई नहीं कर रहा था। निगम के अफसरों पर सख्त कार्वाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।



## क्विक न्यूज

### विद्यार्थियों से जय श्रीराम का नारा लगवा कर विवादों में फंसे रवि

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देने में



देरी को लेकर उच्चतम न्यायालय की ओर से फटकार लगाए जाने के बाद राज्यपाल आर एन रवि ने एक और विवाद खड़ा करते हुए एक कार्यक्रम में छात्रों से 'जय श्री राम' का नारा लगाने को कहा, जिसके बाद विरोध शुरू हो गया है। रवि ने मदुरै में एक कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने कथित तौर पर छात्रों से जय श्री राम का नारा लगाने को कहा था। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए द्रविड़ कषगम के अध्यक्ष के वीरमणि ने धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें को पद से हटाने की मांग की। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, राज्यपाल को तुरंत हटाओ।

### चीन के दुकान में आग लगने से आठ लोगों की मौत



**कुनमिंग।** चीन के युन्नान की प्रांतीय राजधानी कुनमिंग के चेंगगोंग जिले में एक दुकान में भीषण आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच आग में दुकान में रखे कई सामान जल कर खाक हो गये। सूचना प्राप्त होते ही अग्निशमन कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूत्रों के अनुसार अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### एम्स ऋषिकेश का दीक्षांत समारोह आज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मंगलवार को उत्तराखंड में ऋषिकेश के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे। नड्डा समारोह के बाद एयरोमेडिकल से केंद्र का दौरा करेंगे और ट्रॉमा सेंटर में 'पिक्गर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम' का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही एम्स ऋषिकेश में ' पीईटी-सीटी सुविधा और उन्नत बाल चिकित्सा के लिए नवनिर्मित 'सेंटर फॉर एडवांस्ड पीडियाट्रिक्स' का भी लोकार्पण किया जाएगा।

# जहां बिजली चोरी अधिक, वहां सबसे पहले ट्रांसफार्मर हो रहें प्री-पेड

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर खास



चोरी के मामले में एक मुहावरा काफी लोकप्रिय है, जो बच गया वो साहूकार, जो पकड़ा गया वो चोर। जी हां बिजली चोरी के मामले में भी यह मुहावरा चरितार्थ होते दिख रहा है। दरअसल बिजली की बढ़ती दर से बचने के लिए गाहे-ब-गाहे लोग चोरी करते ही हैं, या चोरी की योजना बनाते रहते हैं। अधिकांश लोग सफल हो जाते हैं और कुछ पकड़े जाते हैं। बच जाने वाले साहूकारों को पकड़ने और बिजली चोरी से हो रही लाइन लॉस नुकसान को कम करने के लिए विद्युत वितरण कंपनी की ओर से निरंतर प्रयास जारी हैं। इसी के चलते अब मोबाइल की तरह बिजली कनेक्शन को भी प्री-पेड रिचार्ज कराया जाएगा। जितनी रकम का रिचार्ज कराया जाएगा उतना ही बिजली का उपयोग किया जा सकेगा। इसे मॉडल के रूप राजधानी रायपुर और रायगढ़ जिले के कुछ हिस्सों में प्रयोग किया जा रहा है। अब इसका विस्तार करते हुए जशपुर में भी लागू करने की तैयारी कर ली गई है।

### ऐसे पकड़ी जाएगी चोरी

दरअसल विद्युत वितरण कंपनी बिजली खरीदकर आम जनता को बिजली मुहैया कराती है। दरअसल जितना खरीदने में राशि अदा की जा रही है, उतना बेचकर उन्हें राशि नहीं मिल रही है। इसलिए अब चोरी को पकड़ने का रास्ता प्री-पेड मीटर, पोस्ट पेड मीटर निकाला गया है। मीटर लगाने के बाद खपत के अनुसार बिजली प्री-पेड ले सकेंगे। इससे कंपनी का नुकसान बचेगा। प्री-पेड का रिचार्ज खत्म होते ही बिजली ऑटोमेटिक कट हो जाएगी। रात में कभी भी कट नहीं होगा। हमेशा दिन में होगा इसके लिए बिल माइनस में चला जाएगा। प्री-पेड वालों को कई तरह के छूट मिलेंगे और बिजली सस्ती होगी, वहीं पोस्ट पेड मीटर वालों को महंगा पड़ेगा। एक-एक यूनिट की चोरी का रिकॉर्ड विभाग के पास पहुंचेगा।

### ट्रांसफार्मर से शुरूआत

जशपुर जिला मुख्यालय में सबसे पहले प्री-पेड मीटर की शुरूआत ट्रांसफार्मर से की जा रही है। विद्युत विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिन इलाकों में लाइन लॉस की समस्या अधिक है, या कहें, जहां बिजली की अधिक चोरी की जा रही उन इलाकों के ट्रासफार्मर में सबसे पहले प्री-पेड मीटर लगाया जा रहा है। ट्रांसफार्मर का रिचार्ज खत्म होने के बाद इलाके की बिजली स्वतः की कट जाएगी। जब तक ट्रांसफार्मर रिचार्ज नहीं कराया जाएगा तब तक बिजली नहीं मिलेगी।

# कोरबा में वाहन नहर में गिरा पांच लोग बहे, तीन शव बरामद

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले में रविवार को पिकअप पलटकर नहर में गिर गई जिसके तेज बहाव में दो बच्चे और तीन महिलाओं समेत पांच लोग बह गए। हादसे के 24 घंटे बाद सोमवार को अब तक दो महिला और एक बच्ची के शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि दो लोग अब भी लापता हैं। मामला उरगा थाना क्षेत्र के मड़वारानी जर्वे का है। मिली जानकारी के मुताबिक, पिकअप वाहन में लगभग 20 से 25 लोग सवार होकर सक्ती जिले के ग्राम रेडा से कोरबा में एक पारिवारिक छठी कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। इसी दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और नहर में जा गिरी। हादसे के बाद बाकी लोग तैरकर बाहर निकल आए, जबकि पांच लोग लापता हो गए थे। इनमें से तीन के शव बरामद कर लिए गए हैं। रेस्क्यू टीम देर रात तक अभियान चलाने के बाद कोरबा लौट गई। सोमवार को फिर से नहर किनारे नगरदा के पास तलाश शुरू की गई।



### लश्करे लूट की लम्पट छूट पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक्फ़ संशोधन एक्टः नकवी

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख़्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि



लश्करे लूट की लम्पट छूट पर सर्जिकल स्ट्राइक है वक़्फ़संशोधन एक्ट। नकवी ने पत्रकारों द्वारा वक़्फ पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि 'चोट लश्करे तबाही पर चीख़ लश्करे तुष्टीकरण' की निकल रही है, जिनके लूट लाइसेंस की नाकेबंदी पर लूटसाहबों की लामबंदी इस बात का प्रमाण है कि वक़्फ सिस्टम की दाल में काला नहीं था बल्कि पूरी दाल ही काली हो गई थी। इस गन्दगी की सफाई में मुल्क और मज़हब की भलाई है। नकवी ने कहा कि वक़्फ़सुधार क़ानून, आस्था के संरक्षण और व्यवस्था के सुधार का है, ये क़ानून किसी मज़हब का नहीं मुल्क का है, इससे ना धर्म को नुक़सान है ना धार्मिक स्थल को।

# कांग्रेस ने संविधान की भावना से किया खिलवाड़ : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी < हिसार
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काँग्रेस पर हमला करते हुये कहा कि इस पार्टी ने संविधान की भावना से खिलवाड़ किया है और बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। प्रधानमंत्री हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का शिलान्यास करने और हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की यह पवित्र धरती, जो भगवान श्रीकृष्ण और महाभारत के समय से जुड़ी है, अब सीधे श्रीराम की पावन भूमि अयोध्या से जुड़ गई है। उन्होंने इसे केवल हवाई कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। मोदी ने कहा कि यह वह भारत है, जो हवाई चप्पल पहनने वालों को भी हवाई जहाज में बैठाने का सपना लेकर चला था और अब उसे साकार कर रहा है। उन्होंने बताया कि हिसार जैसे शहर अब देश के उन धार्मिक और सांस्कृतिक केन्द्रों से सीधे जुड़ रहे हैं, जहाँ पहले पहुँचने में कई दिन लगते थे। इससे तीर्थयात्रा, पर्यटन, व्यापार और निवेश को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट को आधुनिक बनाया गया है। नए टर्मिनल भवन के निर्माण से इसकी यात्री क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। शुरुआत में हिसार से अयोध्या, चंडीगढ़, अहमदाबाद और जम्मू के लिए सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी। भविष्य में इसे अन्य शहरों को भी जोड़ा जाएगा।

# जाति जनगणना कराने के साथ एसएसी एसटी उप-योजना फिर लागू करे सरकार : खरगे

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में जाति जनगणना को आवश्यक बताते हुए सरकार से एससी और एसटी के हित में पांच मांगे स्वीकार करने का आग्रह करते हुए इन वर्गों के लिए उप योजना को फिर से लागू करने की मांग की है। खरगे ने डॉ अम्बेडकर जयंती पर जारी बयान में कहा संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ आंबेडकर जी की जयंती है। मैं काँग्रेस पार्टी की तरफ़से 5 बातें कहना चाहता हूँ। पहली बात मैं कहना चाहता हूँ कि जाति जनगणना जरूरी है। अभी केंद्र सरकार 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर अपनी योजनाएँ बना रही है। साल 2021 में होनेवाली जनगणना का अभी तक पता नहीं। हम मांग करते हैं कि जनगणना के साथ-साथ ये भी जरूरी है कि जाति जनगणना कराया जाए। क्योंकि इतने वर्षों के बाद ये नहीं मालूम है कि समाज के अलग-अलग वर्गों की वास्तविक हालत कैसी है। सामाजिक न्याय के पैमाने पर - शिक्षा, नौकरी, मकान, जमीन का मालिकाना हक़ आदि पर उन्होंने कितनी तरक्की की है। उन्होंने कहा इंदिरा गांधी ने 1976 में अनुसूचित जाति जन जाति सब प्लान लागू किया था ताकि इन समुदायों के साथ समुचित न्याय हो। दुर्भाग्य से 2015 में मोदी सरकार ने इसे ख़त्म कर दिया। हमारे कर्नाटक और तेलंगना राज्य सरकारों ने सब प्लान लागू करने का क़ानून बनाया है। हम भाजपा सरकार से माँग करते हैं कि अनुसूचित जाति जन जाति सब प्लान को केंद्र सरकार फिर से लागू करे। तमिलनाडु के सिवा कोई राज्य नहीं जहाँ आरक्षण सुरक्षित है। हम मांग करते हैं कि राज्यों के आरक्षण को नौवीं सूची में शामिल किया जाए जिससे 50 प्रतिशत की सीलिंग हटाकर राज्यों के आरक्षण को सुरक्षित किया जा सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा साल 2006 में संशोधन हुआ अनुच्छेद 15 (5) में संविधान संशोधन कर एससी, एसटी, ओबीसी को निजी कालेजों में आरक्षण दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में यह क़ानून सही ठहराया। आज 55 प्रतिशत उच्च शिक्षण संस्थान निजी हाथों में है। हमारे बच्चे कैसे पढ़ेंगे।

## छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी

# प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में पंचायत दिवस से शुरू होगी नगद भुगतान की सुविधा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से नगद भुगतान सहित अन्य डिजिटल सेवाएं शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए एमओयू किया गया। इन सुविधा केंद्रों में ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। वे अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे भेज सकेंगे, बिजली-पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन-बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के



सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच आज एमओयू हुआ। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया गया। इन सुविधा केंद्रों के आरंभ होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड और जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही उन्हें बहुत-सी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। मोदी की गारंटी की एक और गारंटी पूरी करने जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा शुरू करने का वादा किया था, जो अब पूरा होने जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने सवा साल में ही मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया है। चाहे किसानों के लिए 3100 रुपये में धान खरीदी हो या पिछले दो वर्षो का धान बोनस, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, बुजुर्गों के लिए रामलला दर्शन, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुनः प्रारंभ, या 5 लाख 62 हजार कृषि मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपये देने का वादा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ग्राम पंचायतों में शुरू हो रहे इन सुविधा केंद्रों से किसान धान का भुगतान, महतारी वंदन योजना, पेंशन तथा अन्य योजनाओं की राशि का भुगतान ले सकेंगे, साथ ही जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाओं का भी लाभ ले सकेंगे।

### आवास सर्वे की सूची में हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति का नाम हो शामिल, योजना का मिले लाभ

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर किसी का पक्का मकान हो। पिछली सरकार के कार्यकाल में 18 लाख हितग्राही आवास से वंचित रह गए थे। शपथ लेने के दूसरे दिन हमने कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। अभी तक हमें केंद्र से 14 लाख आवास मिले हैं। दो दिन पूर्व केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ के लिए साढ़े तीन लाख आवास स्वीकृत करने जा रहे हैं। सभी को आवास मिले, इसके लिए हमने आवास प्लस प्लस सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस प्लस का सर्वे 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक हो रहा है। इस सर्वे की सूची में सभी जरूरतमंद और पात्र हितग्राहियों का नाम शामिल हो।

### गांव-गांव में वाटर हार्वेस्टिंग की अपील

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में गिरते भू-जल स्तर पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने गांव-गांव में जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग अपनाने की अपील की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पंचायतों में वित्तीय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र एक मील का पत्थर साबित होगा। इनसे निश्चित ही एक ही स्थान पर रेलवे टिकट बुकिंग हो या छात्रवृत्ति, पेंशन राशि का आहरण की सुविधा ग्राम पंचायतों में ही उपलब्ध होगी। इससे हम ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने के संकल्प को पूरा कर सकते हैं। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भू-जल का गिरता स्तर बहुत ही चिंताजनक है। इसके लिए गांव-गांव में भू-जल स्तर बढ़ाने हेतु विभाग से अलग से एसओपी जारी किया जा रहा है। हम जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए कार्य करने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

# किसानों से डिजीटल आईडी बनवाने का आग्रह किया शिवराज सिंह ने

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से डिजीटल पहचान पत्र (आईडी) बनवाने का आग्रह करते हुए कहा है कि इससे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सरलता होगी और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। चौहान ने मध्यप्रदेश के विदिशा में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाना है। इस अवसर पर चौहान ने डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी किसान आईडी बनवाई। चौहान ने कहा कि इस महत्वपूर्ण मिशन के अंतर्गत सभी किसानों की एक डिजिटल पहचान होगी। उनको आईडी प्रदान की जाएगी और इसमें किसानों की खेती संबंधी और सभी जानकारियां एक ही स्थान पर होगी। इसमें जमीन, रकबा, परिवार और सदस्य, फसल, खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य, मिट्टी के तत्व, मृदा कार्ड, पशु धन और संपत्ति की जानकारी होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका सबसे बड़ा लाभ ये है कि अभी हर योजना का लाभ लेने के लिए किसान को अलग-अलग जगह औपचारिकता पूरी करनी की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सीधे खाते में पैसा आएगा।

# समयबद्ध और सहज न्याय सरकार की प्राथमिकता : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी ✈ लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समयबद्ध और सहज न्याय सरकार की प्राथमिकता है। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) लखनऊ खंडपीठ के उद्घाटन के मौके पर उन्होने कहा सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। यह समयबद्ध, सहज और सरल हो और एक कॉमन मैन के साथ सामान्य कार्मिक वहां तक पहुंच बना सके। उसकी समय पर सुनवाई और मेरिट के आधार पर मामलों का निस्तारण हो, यह जरूरी है। हमारे न्यायालय में बहुत मामले लंबित पड़े हुए हैं। इन लंबित मामलों के लिए कोर्ट के अनावश्यक समय को जाया ना करना पड़े, इसके लिए ट्रिब्यूनल के स्तर पर मामलों की अलग से सुनवाई हो। इस मंशा के अनुरूप ट्रिब्यूनल ने देश में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रिब्यूनल समयबद्ध तरीके से संबंधित पक्षों को मेरिट के स्तर पर न्याय प्रदान कर सके, यह सरकार की प्राथमिकता में है। कैट की भूमिका भी ऐसी ही है। केंद्रीय सरकार से जुड़े हुए विभिन्न सरकारी उपक्रम और शासकीय व्यवस्था से जुड़े हुए अधिकारियों और कार्मिकों को किसी स्तर पर न्याय नहीं मिल पाया, उनके लिए प्लेट फॉर्म देने और समय पर न्याय देने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि फुल बेंच हो या सर्किट बेंच अगर उनके पास कोई भी संसाधन नहीं है तो वहां दूसरों को न्याय प्रदान करने के लिए कितने एग्रेसिव तरीके से अपने कार्य को आगे बढ़ा पाएंगे, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। यहां पर 16 जनपदों के केंद्रीय कार्मिकों के लिए कैट की व्यवस्था की गई है। यहां शानदार भवन बना करके तैयार हो गया है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप किसी मजबूरी में कार्मिकों यहां आना पड़ा तो उन्हे न्याय उपलब्ध कराने में कैट महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करेगा। उन्होने कहा कि वर्ष 2014 से 2025 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप लखनऊ पीठ ने 10 वर्षों में कुल 6,700 मामलों में से 6,000 से अधिक मामलों का निस्तारण किया है, इसको अभी और तेज किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बहुत सारे मामलों में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठा कर सुना जाए तो ऐसे ही बहुत सारे मामलों का निस्तारण हो सकता है। प्रदेश में वर्ष 2017 में राजस्व के 33 लाख मामले लंबीत थे। इन बहुत सारे छोटे मामले थे। इस पर सरकार ने इन मामलों को मेरिट के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इन मामलों को लेकर टाइम बाउंड किया गया। इसकी जवाबदेही के साथ ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाने लगी। पिछले आठ वर्षों में 34 लाख मामलों को निस्तारण किया गया जबकि पिछले 8 वर्षों में 10 लाख नये मामले आए। इन मामलों को भी टाइमलाइन के अनुसार निस्तारित किया जा रहा है। इससे सरकार के साथ कर्मचारियों को भी राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि मुझे नव निर्मित भवन से कार्मिकों को समय पर न्याय मिलने के साथ शासन के अनावश्यक बोझ को भी कम करने में मदद मिलेगी।

# डोटासरा अखबारों की सुर्खियां बटौरने के लिए कर रहे है गलत बयानबाजी : पटेल

एजेंसी ✈ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए इसे कांग्रेस की हताशा, निराशा और अंतर्कलह करार देते हुए कहा है कि वह अखबारों की सुर्खियां बटौरने के लिए बिना किसी आधार के गलत बयानबाजी कर रहे हैं। पटेल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि डोटासरा को अहमदाबाद में कांग्रेस के अधिवेशन में जिस तरह साइड लाइन किया गया, उससे उनकी मनोदशा समझी जा सकती है वहीं विधानसभा में उनकी अनुपस्थिति और उनकी पार्टी में सचिन पायलट का बढते कद से वह अखबारों की सुर्खियां बटौरने के लिए बिना किसी आधार के गलत बयानबाजी कर रहे है। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकार कानून कब लाया जा सकता है इसके बार में भी शायद डोटासरा को जानकारी नहीं है। पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की सभी 200 विधानसभा में यथा योग्य समान विकास कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री ने तो डोटासरा से बजट पूर्व यहां तक कह दिया था कि यदि कोई विधायक अपने क्षेत्र में विकास कराने की बात उन तक पहुंचाना चाहता है तो वो उसके मार्फत भी पहुंचा सकता है। वह प्रदेश के विकास के लिए सदैव तत्पर है और विकास कार्यों को बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता देंगे। ऐसे में विशेषाधिकार का हनन का सवाल ही नहीं होता। पटेल ने कहा कि डोटासराजी ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का नाम लेकर अनर्गल आरोप लगाए, डोटासराजी के ये आरोप पूर्ण रूप से मिथ्या है गलत है। पंचायतों का पुनर्गठन प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्था है, पंचायतों का पुनर्गठन पंचायती राज अधिनियम तथा नगरपालिका का पुनर्गठन नगरपालिका अधिनियम के अनुसार किया जाता है। यह पूर्णरूप से प्रशासनिक ईकाई है, जिसमें विधायकों, जनप्रतिनिधियों का मात्र सुझाव देने तक का रोल हो सकता है, निर्णय कानून के अनुसार पूर्ण पारदर्शिता से यह ईकाई करती है। इस ईकाई के फैसले के बाद भी आपत्तियों को सुनवाई का अधिकार जिला एवं प्रदेश समिति के समक्ष किया जाता है। ऐसे में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा का बयान गलत और गैर जिम्मेदाराना है। यह बयान कांग्रेस के अंतर्कलह को स्पष्ट कर रहा है। वर्ष 1975 के दौरान ऐसे ही एक प्रकरण का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि विधानसभा में ऐसा ही प्रकरण आया था, तत्कालीन पंचायती राज मंत्री ने कहा था कि हम पंचायतों का कार्यकाल नहीं बढ़ाएंगे लेकिन कार्यकाल बढ़ाया गया। उस वक्त भी प्रो केदार और एक और विधायक ने विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने का प्रयास किया था लेकिन उस वक्त भी यह स्पष्ट हो गया था कि यह विशेषाधिकार के क्षेत्र में नहीं आता। उन्होंने कहा कि डोटासरा ने तथ्यों से परे जाकर गैर जिम्मेदाराना बयान दिया और ऐसे में उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस केवल और केवल राजनैतिक माहौल ख़राब करने में लगी हुई है जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की मज़बूत सरकार विकसित राजस्थान की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## हिरासत में युवक की मौत,32 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

एजेंसी ✈ झुंझुनू
www.dailypioneer.com

राजस्थान में झुंझुनू जिले के खेतड़ी थाने में चोरी के आरोप में पकड़े गये पप्पू राम मीणा (28)की पुलिस हिरासत में मौत होने पर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए थानाधिकारी से लेकर कॉन्स्टेबल तक सभी 32 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करके पुलिस लाइन झुंझुनू भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेतड़ी थाने में पुलिस लाइन झुंझुनू से नया स्टाफ लगाया गया है। मामले की जांच जारी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। झुंझुनू जिला पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी के अनुसार चोरी के आरोप में अजीतगढ़ के सीपुर निवासी पप्पू राम मीणा (28) को गिरफ्तार किया गया था। थाने में पूछताछ के दौरान पप्पूराम की तबीयत बिगड़ गई। उसको घबराहट होने लगी और थोड़ी देर बाद वह उल्टियां करने लगा। उन्होंने बताया कि पुलिस उसे खेतड़ी के सरकारी अस्पताल ले गई, जहां से उसे बीडीके अस्पताल झुंझुनू भेज दिया गया। रात एक बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चौधरी ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस ने युवक के साथ मारपीट और प्रताड़ना की बात से इन्कार किया है। उधर मृतक के भाई कानाराम ने बताया कि पप्पू छह अप्रैल को अपनी बहन के ससुराल नयाबास गया था। इसी दौरान चार गाड़ियों में सवार पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और पप्पू को गाड़ी में बैठाकर खेतड़ी थाने ले गए थे। जब हमें इस बात की सूचना मिली कि पुलिस ने पप्पू को हिरासत में लिया है तो आठ अप्रैल को खेतड़ी थाने पहुंचे, लेकिन पप्पू से मिलने नहीं दिया गया। इसके बाद 10 अप्रैल को वकील के साथ थाने पहुंचे, जहां पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना और तस्दीक करवाने की बात कहकर वापस भेज दिया। मृतक के पिता हनुमान प्रसाद ने आरोप लगाया कि पप्पू को हिरासत में लिए जाने वाली रात को बेरहमी से पीटा गया जिससे उसके पैरों में सूजन आ गई थी और वह चलने-फिरने की हालत में नहीं था। इसके बाद पुलिस ने उसे खेतड़ी थाने की बजाय निजामपुर मोड़ चौकी में एक कमरे में बंद कर दिया और न्यायालय में भी पेश नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पप्पू को छोड़ने के बदले पुलिसकर्मियों ने दो लाख रुपए की मांग की थी।

## कार की टक्कर से दो श्रद्धालुओं की मौत

**हनुमानगढ़।** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के रावतसर थाना क्षेत्र में रावतसर-पल्लू मेगा हाईवे पर धन्नासर गांव के नजदीक पंजाब से पैदल सालासर जा रहे श्रद्धालुओं को एक कार के टक्कर मारने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि दो घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पंजाब के मुक्तसर साहिब से कुछ श्रद्धालु पैदल डाक ध्वज लेकर चुरू जिले के सालासर में बालाजी के मंदिर जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े चार बजे बत्रा होटल के पास एक कार ने उनके टक्कर मार दी। इससे कपिल अरोड़ा (39) और अशोक अरोड़ा (47) की मौत हो गयी जबकि सुनील और जसकरण सिंह घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मंत्री हफ़ीज़ुल हसन को मंत्रिमंडल से बाहर करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

एजेंसी ✈ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के मंत्री हफीजूल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने गिरिडीह में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंत्री हफीजूल हसन के बयान जिसमें उन्होंने कहा है कि वे भारतीय संविधान से ऊपर शरीयत कानून को मानते हैं। कहा कि बयान से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस झामुमो के लोग चाहे लोकसभा, राज्यसभा हो या विधानसभा,संविधान को पॉकेट में लेकर घूमते हैं जो संविधान का भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का यही वास्तविक चरित्र है। जिसका प्रकटीकरण हफीजूल हसन की जुबान से प्रकट हुआ है। उन्होंने कहा कि आज बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर जिस प्रकार से एक संवैधानिक पद पर बैठे राज्य के मंत्री से संविधान का अपमान हुआ यह अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र विरोधी, संविधान विरोधी बयान है। इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल मंत्रिमंडल से हफीजूल हसन को बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और झामुमो से सवालिया लहजे में पूछा कि वे बताएं कि हफीजूल हसन के बयान से पार्टी सहमत है या असहमत। मरांडी ने कहा कि यदि मंत्रिमंडल से हफीजूल हसन की बर्खास्तगी नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि इंडी गठबंधन के लोग मंत्री हफीजूल हसन के बयान से सहमत हैं। और संविधान के पालन का केवल नाटक करते हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति में आकंठ डूबा इंडी गठबंधन शरिया के आधार पर देश चलाना चाहते हैं। कहा कि जो हिंदू समाज के पर्व त्यौहार में जो पत्थरबाजी होती है,तनाव होते हैं यह तुष्टिकरण नीति को इंडी गठबंधन की सत्ता के द्वारा ऐसे संविधान विरोधियों के संरक्षण का परिणाम है।

## महू-नयी दिल्ली के बीच नई ट्रेन को हरी झंडी

**भोपाल।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश को एक और एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिली है, जो डॉ अंबेडकर की जन्मस्थली राज्य के महू से नयी दिल्ली के बीच चलेगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कल इस एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस संबंध में डॉ यादव ने कल देर रात एक्स पर पोस्ट किया, मुझे यह जानकारी साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि बाबासाहेब की जयंती की पूर्व संध्या पर डॉ. अम्बेडकर नगर - नई दिल्ली 20155/56 एक्सप्रेस रेल सेवा को और अधिक सुदृढ़ करते हुए माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, माननीय केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री बहन सावित्री ठाकुर जी, इंदौर सांसद शंकर ललवानी और राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार जी के साथ नई ट्रेन सेवा का हरी झंडी (वर्चुअली) दिखाकर शुभारंभ किया।



## भारत-अमेरिका संयुक्त निसार मिशन के प्रक्षेपण की तिथियों की समीक्षा कर रहे हैं नासा, इसरो

**चेन्नई।** अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भारत-अमेरिका संयुक्त निसार उपग्रह मिशन के प्रक्षेपण की संभावित तिथियों की समीक्षा कर रहे हैं। इसरो के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपग्रह को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जायेगा। इसका परीक्षण इसरो की बेंगलुरु स्थित सुविधा में किया गया है और इसे यहां से लगभग 110 किलोमीटर दूर श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र में ले जाया जायेगा। प्रक्षेपण की तिथि शार रेंज में उपग्रह के आगे के परीक्षणों के बाद प्रक्षेपण विंडो की उपलब्धता के आधार पर मई या जून में होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि निसार एक लो अर्थ ऑर्बिट वेधशाला है जिसे नासा और इसरो की ओर से संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है। यह 12 दिनों में पूरे विश्व का मानचित्रण करेगा तथा पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र, बर्फ द्रव्यमान, वनस्पति बायोमास, समुद्र के स्तर में वृद्धि, भूजल और भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी और भूस्खलन सहित प्राकृतिक खतरों में परिवर्तन को समझने के लिए डेटा प्रदान करेगा।



## पश्चिमी सूडान में आरएसएफ के हमले में 56 लोगों की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी प्रांत दारफुर के उम्म कडाडा में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में 56 लोग मारे गए हैं। स्वयंसेवी समूहों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरएसएफ ने गुरुवार को शहर पर नियंत्रण करने के बाद हमला किया। सभी मृतक स्थानीय नागरिक हैं। एक स्थानीय स्वयंसेवी समूह ने मिलिशिया पर व्यापक उल्लंघन करने, निवासियों को जबरन विस्थापित करने और सभी संचार नेटवर्क बंद करने का आरोप लगाया। आरएसएफ ने आवासीय घरों को जला दिया और संपत्तियों को लूट लिया। इसके अलावा स्थानीय अस्पताल पर भी हमला किया और अस्पताल के निदेशक सहित चार चिकित्सा कर्मचारियों की हत्या कर दी।

## साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के नौगावा थाना क्षेत्र में पुलिस ने साईबर शील्ड विशेष अभियान के तहत दबिश देकर एक साइबर ठग को गिरफ्तार करके उससे तीन मोबाइल और छह सिम बरामद की हैं। थानाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर कलसावड़ा गांव में दबिश देकर सायबर ठगी में लिप्त तौहीद मेव (19) को गिरफ्तार किया। वह विभिन्न सोशल मीडिया पर अन्जान लोगों से मोबाइल फोन पर काल एवं वाट्स एप पर लक्की ड्रा निकालने, नटराज पैन पेंसिल का विज्ञापन डालकर, नौकरी देने का झांसा देकर एवं अन्य फर्जीवाडा करके लोगों से ठगी करता है।

## भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद कार्रवाई

एजेंसी ✈ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पंजाब नेशनल बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि 65 साल के मेहुल चोकसी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। वह अभी भी जेल में है। भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद बेल्जियम में यह कार्रवाई की गई है। ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बेल्जियम में संबंधित विभाग और अधिकारियों से मेहुल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय मुंबई की एक अदालत की ओर से उसके खिलाफ जारी किए गए दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। वारंट 23 मई, 2018 और 15 जून, 2021 की तारीख के थे। हालांकि, मेहुल चोकसी के खराब स्वास्थ्य और अन्य कारणों की वजह से आशंका जताई जा रही है कि पुलिस उसे ज्यादा देर तक जेल में नहीं रख पाएगी और उसे जमानत मिल सकती है। मेहुल चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 13,500 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए वांछित है। वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ एंटवर्प (बेल्जियम) में रह रहा है। उसके पास एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता है। वह इलाज के लिए द्वीप राष्ट्र से बाहर गया था। उनके भतीजे नीरव मोदी भी इसी मामले में सह-आरोपी है। उसे भी लंदन से प्रत्यर्पित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक पीएनबी में घोटाला सामने आने से कुछ हफ्ते पहले वह जनवरी 2018 में भारत से भाग गया था। इससे पहले एंटीगुआ और बरबूडा के विदेश मंत्री ईपी शेत ग्रीन ने मेहुल चोकसी को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा था कि वह फिलहाल एंटीगुआ बारबूडा में नहीं है और इलाज के लिए विदेश गया हुआ है। वह अभी भी एंटीगुआ और बारबूडा का नागरिक है। हमारी और आपकी सरकार मिलकर इस मामले पर काम कर रहे हैं।

## सलमान की कार को बम से उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार उन्हें मुंबई के वर्ली स्थित परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजा गया है। धमकी भरे मैसेज में अभिनेता के घर में घुसकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही, उनकी कार को बम से उड़ाने की भी धमकी मिली है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी के स्रोत और प्रामाणिकता की जांच कर रहे हैं। बीते साल 14 अप्रैल की सुबह सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर बाइक से आए दो शूटर्स ने पांच राउंड फायरिंग की थी। इस गोलीबारी में एक गोली सलमान के घर की दीवार पर भी लगी थी।

## आईसीजी और एटीएस को देखते ही समुद्र में 300 कि. मादक पदार्थ फेंक भागे तस्कर

### कीमत 1800 करोड़ आंकी गई

एजेंसी ✈ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

भारतीय तटरक्षक बल को दरम्यानी रात बड़ी सफलता हाथ लगी। इस दौरान 1800 करोड़ रुपये की कीमत के 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए। दरअसल, आईसीजी ने 12-13 अप्रैल की रात को गुजरात एटीएस के साथ संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान आईसीजी और एटीएस की टीम ने गुजरात तट के पास अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा से 1800 करोड़ रुपये मूल्य के 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए। तटरक्षक बल के जहाज को देखते ही तस्करों ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ को समुद्र में ही फेंक दिया और अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पार भाग गए। समुद्र से मादक पदार्थ बरामद किया गया और आगे की जांच के लिए ड्रग्स को सौंप दिया गया। यह मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ मजबूत अंतर-एजेंसी तालमेल का की एक बेहतरीन उदाहरण है।

दरअसल, गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते और तटरक्षक बल ने 1,800 करोड़ रुपये मूल्य की 300 किलोग्राम नशीली दवाएं जब्त कीं। इसे तस्करों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा पार करने से पहले अरब सागर में फेंक दिया था। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री मेथमफेटामाइन हो सकती है। इसे आगे की जांच के लिए एटीएस को सौंप दिया गया है। गुजरात एटीएस से मिली सूचना के आधार पर तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम) से एक आईसीजी जहाज को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास समुद्र में उस क्षेत्र की ओर मोड़ दिया गया, जहां एक संदिग्ध नाव की मौजूदगी का पता चला। आईसीजी जहाज ने रात के अंधेरे के बावजूद एक संदिग्ध नाव की पहचान की। जहाज के आने का पता लगते ही संदिग्ध नाव ने आईएमबीएल की ओर भागने से पहले अपने मादक पदार्थों की खेप को समुद्र में फेंक दिया। सतर्क आईसीजी जहाज ने संदिग्ध नाव का पीछा करते हुए फेंकी गई खेप को बरामद करने के लिए तुरंत अपनी समुद्री नाव को तैनात किया। जब्त मादक पदार्थों को आगे की जांच के लिए आईसीजी जहाज से पोरबंदर लाया गया।

## तीन दिन पहले उद्घाटन हुए पुल में आई दरार सीएम नीतीश ने किया था लोकार्पण



एजेंसी ✈ पटना
www.dailypioneer.com

पटना के जेपी गंगा पथ को 3831 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया था. तीन दिन पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका उद्घाटन किया था. यह दरारें दीदारगंज के पास पुल के पिलर नंबरU A-3 के पास नजर आ रही हैं. यह दरारें ब्रिज की दोनों लेन में नजर आ रही है. जेपी गंगा सेतु का 9 अप्रैल को उद्घाटन हुआ थाजेपी गंगा सेतु का 9 अप्रैल को उद्घाटन हुआ था बिहार की राजधानी पटना में तीन दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ (जेपी सेतु) का उद्घाटन किया था. लेकिन तीन दिनों के भीतर ही इस पुल में बड़ी-बड़ी दरारें नजर आ रही हैं. इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें ब्रिज पर आई दरारों को साफ देखा जा सकता है. पटना के जेपी गंगा पथ को 3831 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया था. तीन दिन पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका उद्घाटन किया था. यह दरारें दीदारगंज के पास पुल के पिलर नंबर A-3 के पास नजर आ रही हैं. यह दरारें ब्रिज की दोनों लेन में नजर आ रही है. बता दें कि 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कंगन घाट से दीदारगंज तक बने इस गंगा पथ का लोकार्पण किया था. इस मौके पर मंच पर बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और कई वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## भजनलाल ने भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर किया नमन

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डा भीमराव अंबेडकर को उनकी जयंती पर नमन किया।



इस अवसर पर शर्मा ने अम्बेडकर सर्किल स्थित डा अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मंत्री एवं विधायक कालीचरण सराफ, नगर निगम ग्रेजर जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### जन आकांक्षाओं की पूर्ति ही हमारे सुराज संकल्प का केन्द्र बिंदु : भजनलाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति और उनकी परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण ही हमारे सुराज संकल्प का केन्द्र बिंदु है। शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के उच्च मापदंडों के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस : साहू

एजेंसी ✈ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस सोलह अप्रैल को समारोहपूर्वक पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया जायेगा। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस बुधवार को राज्य स्तर, रेंज, जिला, यूनिट, प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर हर वर्ष की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी में किया जायेगा। साहू ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह की श्रंखला में बच्चों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिनके विजेता एवं उनके अभिभावकों को बुधवार को मुख्य समारोह में आमंत्रित किया जायेगा। 15 एवं 16 अप्रैल को सभी पुलिस कार्यालयों एवं परिसरों में सफाई एवं पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयनित थानों में स्कूल के बच्चों का भ्रमण एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर, पुलिस लाईन आयुक्तालय, जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण पुलिस लाईन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में जयपुर स्थित पुलिस कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों एवं स्वयंसेवकों के द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया जाए। साहू ने बताया कि राज्य में रेंज मुख्यालय, जिला, यूनिट एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रम के तहत मंगलवार एवं बुधवार को स्वच्छता कार्यक्रम, पौधारोपण, रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत रेंज एवं जिला पुलिस के सभी कार्यालयों, पुलिस लाईन्स, पुलिस थानों, पुलिस चौकियों में साफ-सफाई एवं पौधारोपण किया जाना है। इस दौरान जिला पुलिस लाईनों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाए। मंगलवार की संध्या पर जिला पुलिस लाईन, आरएसी बटालियन मुख्यालय एवं प्रशिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसके अन्तर्गत खेलकूद, वाद-विवाद, कविता वाचन, नृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सेवा, समर्पण और संविधान मूल्यों का स्मरण

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी कोंडागांव द्वारा आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा, गरिमा एवं सामाजिक समरसता के भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत जयंती की पूर्व संध्या पर अंबेडकर चौक में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल की सफाई और श्रमदान से हुई। कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल की स्वच्छता एवं आकर्षक सजावट कर जन-जागरण का संदेश दिया। रात्रि में दीप प्रज्वलन एवं दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने दीप जलाकर सामाजिक समरसता, ज्ञान और न्याय के दीप जलाने का संकल्प लिया। यह आयोजन बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास रहा। मुख्य आयोजन 14 अप्रैल को प्रातः भाजपा कार्यालय, कोंडागांव में आयोजित हुआ, जहां वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। जिसमें लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और समानता के प्रति संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन, उनके संघर्षों एवं संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान का स्मरण किया। उन्होंने समाज में शिक्षा, समान अवसर और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। भाजपा बस्तर संभाग कार्यक्रम प्रभारी दीपेश अरोरा ने बताया भारतीय जनता पार्टी 15 से 25 अप्रैल तक जिले में विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत, पार्टी के 25 वरिष्ठ नेता 5-5 अनुसूचित जाति के प्रमुख जनों से संपर्क करेंगे और कुल 125 प्रमुख जनों से मुलाकात कर उन्हें पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही, 200 प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संपर्क कर कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। यह अभियान पार्टी के विचारों को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर मनोज जैन, गोपाल दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जस केतु उसेंडी, दयाराम पटेल, जैनेन्द्र सिंह ठाकुर, कुलवंत चहल, ईना श्रीवास्तव, सोनामणी पोयाम, सुमन शुक्ला, सती बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी एससी-एसटी कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा मनाया गया बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी की किरंदुल परियोजना में संचालित एनएमडीसी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति किरंदुल के तत्वाधान में संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी का 134 वा जयंती समारोह सोमवार सुबह 11 बजे धूमधाम से मनाया गया।सर्वप्रथम एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के अम्बेडकर चौक पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की विशालकाय प्रतिमा पर किरंदुल परियोजना के शीर्ष प्रबंधन और समिति के सदस्यों ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात नगर में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में राजगृह राजगृह कच्छ का लोकार्पण एवं डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक वर्क्स किशन आहूजा, विशेष अतिथि महाप्रबंधक उत्पादन आर राजा कुमार, किरंदुल पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, महाप्रबंधक विद्युत एम सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक आर्सेलर मित्तल कंपनी वी वाय राघवेल्लू , महाप्रबंधक खनन संजय कोचर, महाप्रबंधक सर्विसेज बी सेल्वा कुमार, उप महाप्रबंधक कार्मिक के एल नागवेणी के करकमलों से किया गया। इस दौरान एनएमडीसी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति किरंदुल के अध्यक्ष बी एल तारम, सचिव दामोदर सिंह नाग, पतिराम बघेल, नवीन केरकेट्टा, बी आर डांगे, मधुकर सीताप राव,त्रिलोक बांधे के साथ साथ संयुक्त खदान मजदूर संघ के सचिव राजेश संधू, इंटक के सचिव ए के सिंह, किरंदुल पालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, पूर्व पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, आर्सेलर मित्तल के उप महाप्रबंधक सीएसआर डॉ तेजप्रकाश, व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज छल्लीवाल ,विशेष रूप से मौजूद थें।

# लंबे समय बाद किरन्दुल के क्षतिग्रस्त मुख्य सड़क का शुरू हुआ मरम्मत कार्य



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल में पिछले वर्ष 21 जुलाई 2024 को आई बाढ़ के कारण कई घरों को भारी नुकसान होने के साथ ही मुख्य सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गई थीं। बता दें बस स्टैंड से रिंग रोड नम्बर 4 तक जगह जगह गड्ढे हो गए थें। जिसके कारण वाहनों की आवाजाही में दिक्कतों के साथ ही राहगीरों को भी काफी परेशानी होती हैं। जिसके लिए आम नागरिकों द्वारा कई बार नगरपालिका में शिकायत करने के लंबे समय बाद सोमवार सड़क का मरम्मत कार्य शुरू किया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा पेच वर्क करते हुए क्षतिग्रस्त सड़क पर डामरीकरण किया जा रहा हैं।

# तेंदूपत्ता बोनस गबन मामले में पूरे दोषियों को मिले दण्ड : दीपिका

पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com



आदिवासियों के तेंदूपत्ता बोनस राशि के गबन को लेकर सुकमा डीएफओ कार्यालय के साथ, दोरनापाल, कोंटा समेत समस्त ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई से बहुत से सफेद पोश लोगों के चेहरे से नकाब उतर रहा है पूरे दोषियों को दंड मिलना तय है यह कहना है छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी का दीपिका ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने डीएफओ कार्यालय में छापा मारा है। वन कर्मियों और तेंदूपत्ता प्रबंधकों के घर भी कार्रवाई हुई है, दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। सुकमा, दोरनापाल, कोंटा समेत अन्य जगहों पर छापेमार कार्रवाई चल रही है। जिसमें तेंदूपत्ता प्रबंधकों सहित कुल 12 ठिकानों पर कार्रवाई की गई है सुकमा में डीएफओ कार्यालय में भी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। तेंदूपत्ता बोनस राशि में हुए भ्रष्टाचार मामले में ही डीएफओ अशोक पटेल सस्पेंड हुए हैं। यह सभी कार्रवाई तेंदूपत्ता बोनस फर्जीवाड़े से जुड़ी है। इस कार्रवाई में डीएफओ कार्यालय के कर्मचारी राजशेखर पुराणिक के घर से 26 लाख 63 हजार 700 रुपये नकद जब्त किए गए जो पूर्ण रूप से इस ओर इंगित करता है कि गरीबों को दी जाने वाली राशि का बंदरबांट हुआ है ,मासूम आदिवासी परिवार जो अपने छोटे छोटे बच्चों सहित अपने जान को जोखिम में डालकर तपते धूप में तेंदूपत्ता तोड़ते है जो हमारे जीविका का प्रमुख साधन है इस अपकृत्य में जितने भी दोषी है उन सभी को दंड मिलना चाहिए चाहे वो कितना भी रसूखदार नेता हो या अधिकारी मैंने अपने गरीब आदिवासी परिवार के इस दर्द को अपने कोंडासांवली प्रवास के दौरान नजदीक से जाना था व इस सम्बंध में डीएफओ को जांच करने हेतु कहा भी था परंतु जब वो स्वयं इस कांड में शामिल थे तो जांच क्या करते अंततः वो स्वयं जांच के दायरे में आ गए और परिणाम भुगत रहे हैं डीएफओ अशोक पटेल के लिए मैं एक लाइन में एक ही बात कहूंगी की जैसी करनी वैसी भरनी।

### ये है मामला

सुकमा के वन विभाग अधिकारी अशोक कुमार पटेल और उनके साथियों पर तेंदूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों के बोनस में बड़ा घोटाला करने का आरोप है। यह घोटाला वर्ष 2021 और 2022 के तेंदूपत्ता सीजन से जुड़ा है, जिसमें करीब 7 करोड़ रुपये की राशि संग्राहकों को दी जानी थी। अधिकारियों ने आपसी साठगांठ कर बड़ी रकम खुद रख ली और संग्राहकों तक पैसा नहीं पहुंचा। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो ने अशोक कुमार पटेल और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया। 8 अप्रैल 2025 को एफआईआर दर्ज होने के बाद 10 अप्रैल को छापेमार कार्रवाई की गई है।

# अवैध शराब तस्करी पर बस्तर पुलिस की कार्यवाही

**जगदलपुर।** बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है इसी तारतम्य में अवैध शराब तस्करी पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है। ज्ञात हो कि दिनांक 12.04.2025 को सूचना प्राप्त हुआ कि तीन व्यक्ति एक वाहन कमांक सी.जी. 17 के व्ही 6808 में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिकी करने हेतु परिवहन कर रहे है कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के मार्ग दर्शन में एस.डी.ओ.पी. केशलूर लक्ष्मण सिंह पोटाई के पर्यवेक्षण में थाना कोड़ेनार से टीम गठित कर रवाना किया गया।

# भाजपा मण्डल किरंदुल द्वारा डॉ. अंबेडकर की मनाई गई जयंती



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी मण्डल किरंदुल द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर सोमवार शाम 05 बजे एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किरंदुल में स्थापित डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उक्त कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष विजय सोढ़ी एवं नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके सामाजिक समानता और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल किरंदुल के सह प्रभारी भावना सक्सेना, अतुल सिंह,आर सी नाहक, संजीव दास, जितेन्द्र गुप्ता, विक्रम नाहक एवं कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे।

# माधव सेवा समिति द्वारा मनाया गया डॉ. अंबेडकर की जयंती





पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल गजराज कैम्प म3 सोमवार प्रातः 07 बजे माधव सेवा समिति, शहीद वीर नारायण प्रभात शाखा द्वारा प्रभात फेरी का कार्यक्रम के साथ डॉ अम्बेडकर जयन्ती मनाई गई।मुख्य अतिथि एम साहू द्वारा तेल चित्र का दीप पूजन किया।नगरवासियों द्वारा अनुशासित तरीके से गजराज कैंप प्रभात फेरी शामिल हुए। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा बाबा भीमराव रामजी अंबेडकर जी के जीवनी पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि वे भारतीय संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक, सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मना रहें हैं।डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न सिर्फ दलितों,वंचितों, पिछड़ों और गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि वे महिलाओं के अधिकारों के भी बहुत बड़े हिमायती थे और उनके द्वारा बताए हुए रास्तों पर चलने कहा उन्होंने उनके जीवन की अनेक रोचक एवं संघर्ष की कहानी बताएं।इसी कड़ी में मेघा,शगुन और दीपांशी ने बाबा साहब अंबेडकर जी के जीवन को कहानियों के माध्यम से परिचय कराया।साथ ही आयुष बाबा साहब जी की वेशभूषा में आकर लोगों का ध्यान आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए माधव सेवा समिति ने आए हुए सभी नगरवासियों को स्वल्पाहार कराकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# साल 2025-26 का संपत्ति कर जमा किये जगदलपुर महापौर संजय पांडेय

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

महापौर संजय पांडेय ने दिया साल 2025-26 का संपत्ति कर जगदलपुर---करो को सरकार के लिए राजस्व के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत माना जाता है।रविवार को जगदलपुर के महापौर संजय पांडे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एक मुश्त संपत्ति का भुगतान किया। जो नगर पालिका निगम के वित्तीय वर्ष 2025-26 मे संपत्ति कर देने वाले बने। संपत्ति कर जमा करने के साथ-साथ महापौर ने निर्धारित समयवधि में करो (टेक्स) का भुगतान कर छूट का लाभ भी प्राप्त किये। रविवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मे स्थित उनके आवास में नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन की उपस्थिति में राजस्व अधिकारी विनय श्रीवास्तव एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व मे संपत्ति कर जमा किये महापौर संजय पांडे ने कहा सभी संपत्ति कर पटाये और मिलने वाले छूट का लाभ ले। हम सभी समय से पहले संपत्ति कर जमा करें। जिससे हम सभी को टेक्स का लाभ मिल सके।वित्तीय वर्ष 2025-26 मे 01 अप्रैल 2025 से 31 मई 2025 तक संपत्ति कर जमा करने पर 06.25 प्रतिशत की छूट दी गई है. 01 जून 2025 से 31 जुलाई 2025 तक संपत्ति कर जमा करने पर 05 प्रतिशत की छूट दी गई है।

## कांटों से भरे खजूर पेड़ पर नंगे पैर चढ़कर, फिर नृत्य करते हैं शिवभक्त

# आस्था विश्वास और पवित्र संस्कार के साथ शुरू हुआ चरक पूजा

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कोण्डागांव जिले में फरसगांव ब्लाक के पश्चिम बोरगांव में रविवार को आस्था विश्वास और पवित्र संस्कार के साथ शुरू हुआ चरक पूजा यानी नील पूजा। क्षेत्र में इस समय बोलबम के उद्घोष के साथ भक्तिमय माहौल की धूम मची हुई है। बंगाली बाहुल्य क्षेत्र पश्चिम बोरगांव में चरक पूजा की तैयारी पूरी कर आज खेजूर भांगा पर्व मनाया गया जो चरक पूजा के एक दिन पूर्व मनाया जाने वाला पर्व है।

**खेजूर भांगा पर्व देखने उमड़ी भीड़ :** चरक पूजा के एक दिन पहले 13 अप्रैल रविवार को खजूर भांगा महोत्सव का आयोजन हुआ जिसका इंतजार लोग बेसब्री से कर रहे थे। शिवभक्त की टोलियों से सदस्य गंगा जल से स्नान कर गेरुआ वस्त्र धारण कर कटीले खजूर पेड़ में बिना किसी सहारे चढ़ गए तथा नृत्य करते हुए पेड़ पर लगी कच्चे खजूर की डालियों को तोड़ नीचे फेंकते रहे। खजुर पेड़ के नीचे चारों ओर खड़े श्रद्धालु ऊपर से फेंके खजूर फल को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते रहे। जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पर्व का आनंद उठाया। बता दें कि यह दिन शिवभक्तों का भिक्षा मांगने का आखिरी दिन होता है। इसके एक दिन बाद यानी आज शिवभक्त अपने पीठ में रस्सी से लोहे की हुक लगा चरक पर्व मनाएंगे। चरक पूजा में वही भक्त शामिल होते हैं जो महीने भर उपवास रहते हैं।

**बंग समुदाय का सबसे कठिन व्रत में से एक है चरक पूजा :** चरक पूजा में मान्यता है कि इस चरक पूजा के दौरान संन्यासी चैत्र माह के पूरे 30 दिन तक व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। यहां व्रत चरक पूजा के दिन समाप्त हो जाते हैं। मान्यता के अनुसार चरक पूजा सबसे कठिन व्रत में से एक है। जिसके लिए पूरे चैत्र माह भगवा वस्त्र धारी सन्यासी अपने समस्त सुख सुविधाएं त्यागकर ब्रह्माचार्य का पालन करते हुए भूखे प्यासे नंगे पैर रहकर दिन भर शिव पार्वती के रूप में सज धज कर नाचते गाते गांव गांव में घूमते हुए भिक्षा मांगते हैं और उनसे भिक्षा आदि मांग कर रात को एक बार उबला हुआ सात्विक भोजन प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

**शिव जी को प्रसन्न करने करते हैं विशेष आराधना :** जानकार लक्ष्मण विश्वास बताते है चैत्र महीना बंग समुदाय के कैलेंडर का आखिरी महीना होता है। उसके बाद वैसाख महीना से बंग समुदाय के नव वर्ष का आगाज होता है। इसलिए साल के आखिरी चैत्र महीना के पहले दिन से ही बंग समुदाय के लोग शिव भगवान को प्रसन्न करने के लिए विशेष आराधना करते है। इसमें पूरे एक माह तक नंगे पैर गेरुआ वस्त्र धारण कर कठोर तपस्वी जीवन यापन किया जाता है। यहां तक कि भिक्षा मांगकर एक पहर का शाकाहार भोजन करते हैं और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

# जगत जननी काव्य संग्रह लोकार्पित

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

शहर के साहित्यिक आकाश में एक नवीन काव्य संग्रह 'जगत जननी' बस्तर के गांधी पद्मश्री धरमपाल सैनी, जगदलपुर के यशस्वी विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पाण्डे, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी वेद प्रकाश पाण्डे, एमआईसी सदस्य व पार्षद लक्ष्मण झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा के करकमलों से लोकार्पित हुआ। जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में हुये इस विमोचन कार्यक्रम में लेखिका डालेश्वरी पाण्डे के प्रथम संग्रह की सभी ने काफी सराहना की। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक ने कहा हमारे बस्तर क्षेत्र को अनेक विषयों से जाना जाता है जिसमें से एक साहित्य भी है। हमारे यहां अनेक महान साहित्यकार जन्म लिये हैं। इस विमोचन कार्यक्रम में आकर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। जब कभी भी साहित्य संबंधित किसी सहायता की आवश्यकता होगी हमारा सहयोग निश्चित रूप से मिलेगा। महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि यह काव्य संग्रह साहित्य के क्षेत्र में निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा। लेखिका ने जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपनी कलम चलायी है। आपकी कविताओं को सुनकर ऐसा लगता है मां सरस्वती का आपको पूरा आशीर्वाद प्राप्त है। आपकी लेखनी भविष्य में भी नवीन साहित्य का सृजन करती रहेगी। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री धरमपाल सैनी ने कहा कविता बन जाने के उपरांत उसके पीछे छिपी मेहनत नजर नहीं आती है। साहित्यकार का लेखन समाज के लिए उपयोगी और समाज को दिशा देने वाला होता है। 360 अरण्यक ब्राम्हण समाज और जिला भाजपा अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे ने कहा कि हमारे समाज से यूं कियी महिला का लेखन कर्म में आना प्रसन्नता का विषय है और अन्य किसी के भीतर प्रतिभायें हैं उनको समाज के सम्मुख लाने के लिये हमेशा हमारा सहयोग मिलता रहेगा। एमआईसी मेंबर व पार्षद लक्ष्मण झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखक की मेहनत का वर्णन करना असंभव है। वह दिन रात विचार करता हुआ लेखन कर्म करता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

प्र.क्र. 202503091000040 अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम किरगी, प.ह.नं. 09, रा.नि. मंडल दीवानभेडी, तहसील डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सामरथ राम आ. सुरीत राम साहू, निवासी ग्राम किरगी, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम किरगी, प.ह.नं. 09, तहसील डोंगरगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 433/2 रकबा 0.393 हेक्टेयर में से 0.142 हेक्टेयर को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु संशोधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 11/04/2025 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 11/04/2025 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

**जारी दिनांक – 26/03/2025**
**सुनवाई दिनांक – 11/04/2025**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगांव**

# राज्य स्तरीय पुस्तक आशा की लहरें : आत्मविश्वास के साथ आपदाओं का सामना का हुआ भव्य विमोचन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में, राज्य स्तरीय पुस्तक आपदा प्रबंधन और बचाव (आशा की लहरें: आत्मविश्वास के साथ आपदाओं का सामना) का आधिकारिक विमोचन सिविल लाइन्स स्थित नवीन सर्किट हाउस, रायपुर में किया गया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक की संपादक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका के. शारदा हैं, जिन्होंने राज्य के सभी 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की टीम का नेतृत्व करते हुए इस अत्यंत उपयोगी प्रकाशन को तैयार किया। यह पुस्तक प्राकृतिक और मानव निर्मित दोनों प्रकार की आपदाओं, सुरक्षा उपायों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले व्यावहारिक कदमों की जानकारी सरल और सहज भाषा में प्रदान करती है। पुस्तक की एक प्रमुख विशेषता इसमें सम्मिलित त्तक्रकोड्स हैं, जिन्हें स्कैन कर विद्यार्थी वीडियो सामग्री तक पहुँच सकते हैं। ये वीडियो न केवल पाठ्य सामग्री को सरल बनाते हैं बल्कि एनिमेशन, वास्तविक उदाहरणों और मॉक ड्रिल्स के माध्यम से इसे रोचक भी बनाते हैं, जिससे विद्यार्थियों की समझ और भी गहरी होती है। इसके अतिरिक्त, दृष्टिबाधित छात्रों के लिए यह पुस्तक ऑडियो फॉर्मेट में भी उपलब्ध है, जिससे वे भी विषयवस्तु को समान रूप से समझ सकें। यह संसाधन नियमित और विशेष रूप से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों दोनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर पुस्तक में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया, जो राज्य में शैक्षणिक और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। इस पुस्तक के सह-संपादक धर्मानंद गोजे हैं तथा पुस्तक समन्वयक की भूमिका प्रीति शांडिल्य ने निभाई, जिनके सहयोग से यह परियोजना समय पर पूर्ण हो सकी। पुस्तक लेखन में प्रमुख योगदान देने वाले शिक्षक के. शारदा, धर्मानंद गोजे, प्रीति शांडिल्य, कृष्णपाल राणा, संतोष कुमार पटेल, पुष्पेंद्र कुमार कश्यप, संतोष कुमार तरक, ज्योति बनाफर, श्वेता तिवारी, शांतिलाल कश्यप, मधु तिवारी, रिंकल बग्गा, योगेश कुमार साहू, लक्ष्मण बंदेकर, यशवंत कुमार पटेल, विनोद कुमार डाडसेना, ममता सिंह, समीक्षा गायकवाड़, चंचला चंद्रा, महेन्द्र कुमार चंद्रा, ब्रजेश्वरी रावत, गुलजार बरेठ, रश्मि वर्मा, पूनम उर्मालिया, अनामिका चक्रवर्ती, शिवकुमार बंजार, अमरदीप भोगल, डोलामणि साहू, समता सोनी, नंदा देशमुख, वसुंधरा गोजे, शुभम तिवारी, रामलाल केवट, सुप्रिया शर्मा और डॉ. गोपा शर्मा। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता लाने का यह आप सभी का पहला प्रयास है, जो अत्यंत सराहनीय है। मैं स्वयं भी एक शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुका हूँ, इसलिए समाज में जागरूकता लाने के इस प्रयास के लिए आप सभी शिक्षकों को बधाई। जब भी ऐसा कोई जन-जागरूकता से संबंधित कार्य किया जाएगा, तो मेरा प्रत्यक्ष सहयोग सदैव आप सभी शिक्षकों के साथ रहेगा।

# यादव सामाज के वार्षिक अधिवेशन और गोंड समाज के सामूहिक विवाह में सम्मिलित हुए बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा भाटापारा के ग्राम तरेंगा में आयोजित छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा तरेंगा राज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। समाज वालो ने बड़े ही उत्साह के साथ अतिथियों का स्वागत किया। सामाजिकजनों को सम्बोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने समाज के आराध्य भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों धर्म, नीति, पराक्रम और प्रेम को आत्मसात करने की बात कही। अग्रवाल ने कहा कि ठेठवार यादव समाज मेहनतकश, संस्कारवान और अपनी परंपराओं के प्रति समर्पित समाज है। यह कृषक समाज न केवल कृषि में योगदान देता आया है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को भी सहेज कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ठेठवार यादव समाज भगवान श्री कृष्ण के वंशज हैं। जिन्होंने पूरी दुनिया को जीवन जीने की कला सिखायी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा गौरवशाली यदुवंश की सेवा परंपरा यादव समाज (ठेठवार) अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौसेवा की भावना के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। शर्मा ने आगे कहा की अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ा यह समाज लगभग हर भारतीय परिवार से आत्मीय रूप से जुड़ा हुआ है।

### गोंड समाज के सामूहिक विवाह में सम्मिलित हुए

भाटापारा विधानसभा के ग्राम जोगीद्वीप (गुर्रा) में आदिवासी गोंड समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भी सांसद बृजमोहन अग्रवाल व उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पहुंच कर सर्वप्रथम शहीद नरेश कुमार ध्रुव के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस पुनीत अवसर पर 54 नवविवाहित जोड़ों को सुखी, समृद्ध और प्रेममय दांपत्य जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की गोंड आदिवासी समाज अपने संपूर्ण समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए सामूहिक विवाह जैसी आदर्श परंपरा को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। यह सराहनीय पहल न केवल आर्थिक असमानता को समाप्त करने में सहायक है, बल्कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बेटे-बेटियों को भी गरिमा और सम्मान के साथ विवाह का अवसर प्रदान करती है। ऐसी परंपराएं सामाजिक एकता और समरसता को सशक्त बनाने का माध्यम बन रही हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने गोंड समाज की संस्कृति एकता और परम्परा को प्रणाम कर कहा की सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन समाज द्वारा किया जाने वाला श्रेष्ठ कार्य है।

# बस्तीपाली में गोंडवाना चैत्ररई महापूजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com



पूर्वतन गोंडवाना साम्राज्य फुलझर राज्य की राजधानी बस्तीपाली जो बुढ़ाडोंगर पर्वत श्रृंखला (शिशुपाल पहाड़) के सुरम्य वनाच्छादित वनांचल ग्राम बस्तीपाली में फुलझर रियासत के राजा जगसाय जगत का वैभवशाली राजधानी हुआ करता था। जहां राजमहल का भग्नावशेषों में खंडहर धरोहर स्थित है, मानो प्राचीनकालीन इतिहास क्षेत्र को कुछ बताना चाह रहा हो। परन्तु इस फुलझर राज्य के गौरवशाली इतिहास की ओर किसी का भी ध्यानाकर्षण नहीं गया है राजवाड़ा भू संपत्तियों पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दिन ब दिन अतिक्रमण का भेंट चढ़ता जा रहा है। न सरायपाली राजपरिवार न शासन प्रशासन से कोई भी सुध लेने वाले नहीं होने के कारण राजा जगसाय जगत का प्राचीन धरोहर अपनी अस्तित्व खोने के कगार पर है। परन्तु विगत अनेक वर्षों से बस्तीपाली में विराजित पंच प्रकृति शक्ति भगवान बुढ़ादेव मंदिर, शिव मंदिर, कुलदेवी मां इक्कीसों बहिनिया माता देवठाना, महाप्रभु जगन्नाथ प्राचीन मंदिर स्थित है। यहां के विराजित देवी-देवताओं का पूजा-पाठ आदिवासी गोंडवाना गोंडी धर्म संस्कृति परम्परा अनुसार प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र और वासंतीय दोनों नवरात्रों में विभिन्न ग्रामों में बसे बस्तीपलिहा जगत राजा के वंशज परिवार के यज्ञमानों द्वारा मां इक्कीसों बहिनियां देवठाना मनोकामना सिद्धि स्थली में दीप प्रज्ज्वलित किया जाता है। चैत्र पूर्णिमा तिथि को माता की मनोकामना ध्यान स्तुति आरती चैतराई महापर्व पर आदिवासी गोंडवाना विधि विधान संस्कृति परंपरा बइगा भूमका और यज्ञमानों की उपस्थिति में यज्ञ हवन पूजन 21 नवकन्याओं को देवी श्रृंगार भोग पश्चात भंडारा का आयोजन प्रति वर्ष की भांति विधिवत किया गया। जगत वंशज कुलदेवी मां इक्कीसों बहिनिया माता एवं आराध्य इष्टदेव भगवान बुढ़ादेव देवठाना के मुख्य यज्ञमान एवं संरक्षक अमृतलाल जगत नोविना जगत संयोजक राजेन्द्र सिंह सिदार क्षेत्रोलाल सिदार शुभसिंह जगत राजेन्द्र जगत उत्तर सिदार कैलाश सिदार बैगा भूमका रामलाल बाघ विदेशी यादव सुदेशी यादव बबलू यादव दिनेश यादव सहित ग्राम बस्तीपाली के माता भक्त धर्मानुरागी ग्रामवासियों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से चैतराई पर्व मनाने में विशेष सहयोग रहा।

# भाजपाईयों ने मनाया बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर के अम्बेडकर चौक पहुँचकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाकर उनको अपनी पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें सच्चि श्रद्धांजलि दी। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव जी के जन्मदिन के अवसर पर अम्बेडकर चैक पहुँचे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सनम जांगड़े ने बताया की आज पूरा देश संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती माना रहा है। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और आजादी के बाद के सुधारों में भी अहम योगदान दिया है। इसके आलावा बाबा साहेब ने भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी उनके जीवन को जानने पर पता चलता है कि भीमराव अम्बेकर अध्ययन शील और कर्मठ व्यक्ति थे अपनी पढाई के दौरान उन्होंने अर्थशास्त्र राजनीति कानून दर्शन शास्त्र सामाज शात्र का भी अच्छा ज्ञान प्राप्त किया था, इस अवसर पर भाजपा के नेता विजय केसरवानी ने भी कार्यकर्ताओं को बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर उन्हे अपने जीवन में अनेक सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने अपना सारा जीवन पढ़ने लिखने व ज्ञान हासिल करने में नहीं बिताया उन्होंने अच्छे वेतन वाले कुछ पदों को ठुकरा दिया क्योंकि वह अपना जीवन समानता भाई चारे और मानवता के लिए समर्पित कर दिया था उन्होंने दलित वर्ग के उत्थान के लिए भरसक प्रयास किये। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी उनकी जीवन परिचय कराते हुए बताया कि बाबा साहेब अम्बेकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। वह अपने माता पिता की चैदवीं और अंतिम सांतन थे उनके पिता सुबेदार रामजी, मालोजी, सक्र पाल थे जो कि ब्रिटिश सेना में थे। बी.आर' अम्बेडकर के पिता संतकबीर के अनुयायी थे। भीमराव रामजी अम्बेकर लगभग 02 वर्ष के थे तब उनके पिता रिटाई हो गये थे वहीं जब वह केवल 06 वर्ष के थे तब उनकी माता की मृत्यु हो गई थी। इस पुष्पांजली कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू सहित वरिष्ठो ने भी बाबा साहेब की जीविनी पर अपनी बाते रखी। इस अवसर पर मुख्यरूप से टेसूलाल धुरंधर, नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, उमेश बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, पूर्व मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, मंडल महामंत्री महामंत्री पुरूषोत्तम साहू, अनिल बघेल, रेवाराम साहू, पोषण पटेल, अजय गर्ग, संजय श्रीवास, संतोष शर्मा, शबाखान, किर्ती गास्वामी, लता टंडन, महेन्द्र साहू, महिपाल सिंह ठाकुर, मनीष कश्यप, भूपेन्द्र मनहरे, राजू सलुजा, जितेन्द्र डड़सेना, कन्हैया सेन, सरिता माकड़े, धीरज बाजपेयी, नेतराम साहू, कमल टंडन, नीरज सोनी, सरिता मार्के, धनीराम मार्के, केशव जोशी, तरूण वर्मा, कामेश वर्मा, इंदू पंजवानी, योगेश अग्रवाल, ताराचंद कन्नौजे, सुशील सर्राफ, रवि यादव, मनोजकांत पुरैना, संतोष कोशले, सोमेश जायसवाल, राजकुमार सेन, विनय गुप्ता, कृष्णा सेन, वेदांत रजक, उमाशंकर भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जन्मदिन के अवसर पर उन्हे अपनी सच्ची पुष्पांजली उर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी।

# मोर दुवार साय सरकार महाभियान शुरू

**बलौदाबाजार।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में नये आवास सर्वेक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु मोर दुवार साय सरकार महाभियान 15 अप्रैल 2025 से शुरू होने जा रहा है। आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पूर्ण कराने हेतु यह विशेष पखवाड़ा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक तीन चरणों में सम्पन्न होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में मोर दुवार साय सरकार महाभियान हेतु सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में जिला एवं विकासखंड स्तर पर शुभारम्भ होगा जिसमें 15 से 19 अप्रैल तक मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा सांकेतिक रूप से एक-एक परिवार क़ा सर्वेक्षण किया जाएगा। द्वितीय चरण अंतर्गत 20 से 28 अप्रैल तक ग्राम नोडल अधिकारी एवं सर्वेक्षक द्वारा प्रत्येक ग्राम में सभा आयोजित करेंगे। सर्वेक्षक द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में 29 से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षक एवं सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर से सर्वे कार्य शतप्रतिशत पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जिला कार्यालय को प्रेषित किये जाएंगे।

# कलेक्ट्रेट में मनाया गया डॉ.अम्बेडकर जयंती, कलेक्टर सहित अधिकारियों ने डॉ. अम्बेडकर को किया नमन

**बलौदाबाजार।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की



जयंती संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में मनाया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी,महात्मा गांधी एवं शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। ज्ञातव्य है कि डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक कहे जाते हैं।वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे और अपने जीवनकाल में समानता और लोगों के अधिकारों के लिए लड़े थे।हर साल 14 अप्रैल को देशभर में अम्बेडकर जयंती मनाया जाता है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे, एसडीएम अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# माता कर्मा की भक्ति आधारित इतिहास साहू समाज को करता है गौरवान्वित : विधायक इन्द्र साव

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चंदियापथरा में आयोजित माता कर्मा जयंती एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने कहा कि माता कर्मा की भक्ति, सेवा और समर्पण की भावना साहू समाज को संस्कारवान एवं धर्मनिष्ठ बनाने की प्रेरणा देता है। विधायक साव ने अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे गांव की शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं उठाएं। उन्होंने वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों एवं नशाखोरी पर चिंता व्यक्त की और कहा कि युवाओं को इस बुराई से बाहर निकलकर समाज निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शाम के समय गांवों का वातावरण महिलाओं के लिए असुरक्षित होता जा रहा है, जिसे बदलने की जरूरत है। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें संतोष साहू, कमलेश साहू, लोकनाथ साहू, हीरालाल साहू, राजू साहू, रामाधार साहू, तिजु साहू, हेमलाल साहू, भीष्म साहू, विष्णु कोसले, कोमल टंडन तथा दिनेश साहू प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया।

# शासन की असहयोग रवैयों के चलते अनेक वार्डो में गंभीर पेयजल संकट : राशि

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



राज्य की भाजपा सरकार के असहयोग रवैयों के चलते पालिका क्षेत्र के अनेक वार्डो में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हुई है। राज्य शासन के अधिकारी जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी निद्रा में व्याप्त है व सत्तारूढ़ दल के नेता सत्ता सुख में लीन है। राज्य शासन के सुशासन त्योहार के जरिए केवल समस्याओ को ही पंजीबद्ध किया जा रहा है। धरातल में समस्याओ का निराकरण नही हुआ है। समस्या जस की तस बनी हुई है। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति में पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कही। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने कहा कि अभी ग्रीष्म ऋतु की गर्माहाट प्रारंभ ही हुई है की अनेक वार्डो के जल स्त्रोत कुए व नलकूपों आदि स्त्रोत्र सुख गए है और अनेक सूखने के कगार में है। इस विकराल स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन व राज्य प्रशासन के पास पर्यंत तक समुचित कार्य योजना का अभाव है। ना ही पालिका को इस स्थिति से निपटने किसी भी मद से राशि आबंटन नही मिली जो जनहितों के प्रति शासन के उपेक्षा को दर्शाता है। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर के अनेक वार्ड जहाँ पालिका की नल जल योजना का पानी तकनीकी कारणों से नही पहुँच पाता या धीमी गति से पहुँचता है सिर्फ कुछ टैंकरों के भरोसे पालिका पूर्ति कर रही है जिसके चलते वार्ड 6, 7, 18, 22, 23 सहित अनेक वार्डो में हाहाकार की स्थिति पेयजल के मामले में निर्मित है। शहर के नयापारा क्षेत्र के अनेक वार्डो में जहाँ घनी आबादी निवासरत है वहाँ टैंकरों के सीमित होने के कारण पालिका को एक पाली का पानी देने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पूर्व के शासन काल मे ग्रीष्म ऋतु में पेयजल के मामले में टैंकर मुक्त शहर की स्थिति निर्मित की गई थी। शासन की उपेक्षापूर्ण नीतियों के चलते पुनः टैंकर आश्रित शहर बन गया है जो खेदजनक है। पूर्व पालिकाध्यक्ष महिलांग ने राज्य शासन से माँग की शहर ने व्याप्त पेयजल संकट से निपटने अविलंब कार्ययोजना बनाकर राशि पालिका को आबंटित करे व इस विकराल स्थिति को जनमानस से दूर करे।

# ग्राम पंचायत सेमरिया (ब) में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई

**भाटापारा।** अम्बेडकर जयंती पर बाबा साहेब अंबेडकर को बाबा को फूल माला के साथ पूजा अर्चना करके अंबेडकर जयंती मनाया गया। जिसमें पंच गन खेमराम यदु राजू जोशी चमेली जोशी गोबिंद निषाद फागुराम यदु मीन यदु कोमल यदु नरेन्द्र यादव सतीश यदु बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती देशभर में मनाई गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय



संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक और दलितों के अधिकारों के रक्षक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए बिताया और सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने के लिए संविधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और मानवाधिकारों को समाज में स्थापित करने की दिशा में कई सारे महत्वपूर्ण निर्णय लिए। अंबेडकर जयंती हमें उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर एक समान और न्यायपूर्ण समाज की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। अंबेडकर जयंती के दिन हमें खुद तो कुछ अलग करने का प्रण लेना ही चाहिए साथ ही अपनों को शुभकामनाएं भेजकर उन्हें इसके बारे में जागरूक करना चाहिए

# गांव-गांव में सुशासन संध्या चौपाल शुरू, योजनाओं की मिल रही जानकारी

## कलेक्टर ने सुशासन संध्या चौपाल का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत 12 अप्रैल 2025 से ग्राम पंचायतों में सुशासन संध्या चौपाल का आयोजन किया जा रहा है जो 31 मई 2025 तक चलेगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा में आयोजित सुशासन संध्या चौपाल का अवलोकन किया। उन्होंने विकसित पंचायत एवं स्वच्छ पंचायत बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। इस अवसर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में आवेदन प्राप्त किया गया जिसमें जिले से 2 लाख से अधिक आवेदन मिले है। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण की कार्यवाही शुरू हो गई है। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर चयनित ग्राम पंचायत में आयोजित किये जायेंगे जिसमें आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुशासन संध्या में लोगों को कला जत्था एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अपने पंचायत को शतप्रतिशत साक्षर, एनीमिया मुक्त एवं स्वच्छ बनाएं। नशामुक्ति के लिए मुहीम चलाएं। सुशासन संध्या चौपाल का आयोजन प्रत्येक विकासखंड के 2 ग्राम पंचायत में अपरान्ह 4 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन किया जा रहा है। सुशासन संध्या चौपाल में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारत माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण तत्पश्चात कला जत्था एवं नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति, मुख्यमंत्री के सन्देश एवं शासन की योजनाओं का वीडियो प्रदर्शन, सुशासन पर परिचर्चा, विभिन्न योजनाओं पर आधारित क्विज, पंचायत में खुशहाली के सप्तरंगी सूत्र क़ा वाचन एवं संकल्प, जल संचयन एवं स्वच्छता शपथ लिया जा रहा है। इसके साथ ही स्कूल, कॉलेज, आआईटीआई एवं पोलिटेक्निक कॉलेजो में भी 12 से 25 अप्रैल तक सुशासन तिहार को लेकर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सरिता यादव, जनपद सदस्य राम बाबू पटेल, सरपंच शैलेन्द्री पटेल, अजय राव एसडीएम दीपक निकुंज सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विकास की बाट जोह रहे गांव, वीर नारायण पुर में गठित हुई विहीप बजरंगदल की कार्यकारिणी, अवैध शराब ग्रामीणों की सबसे बड़ी समस्या

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार भाटापारा के प्रसिद्ध स्थानों में से एक अमर बलिदानी महान क्रांतिकारी स्व. वीर नारायण सिंह की जन्मस्थली सोनाखान से महज एक किमी की दूरी पर स्थित गांव वीर नारायण पुर खराब पहुंच मार्ग और सुविधाओं के अभाव में जी रहे ग्रामीण शासन प्रशासन के दावों की पोल खोलते नजर आते हैं। वहीं अवैध शराब की बिक्री बंद करने को लेकर की जा रही प्रशासनिक कार्यवाही गांव में बनते अवैध शराब और उसके गोरखधंधे को धता बता रहे हैं। गांव में अवैध शराब के कारण घरों घर बढ़ते विवाद बाहरी अनजान व्यक्तियों के बढ़ते दखल एवं गांव की अन्य समस्याओं से त्रस्त ग्रामीणों ने विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल की सदस्यता ग्रहण की। विहीप विभाग पदाधिकारी राजेश केशरवानी जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी बजरंगदल जिला सहसंयोजक विजय साहू कसडोल प्रखंड अध्यक्ष हेमन्त साहू नगर संयोजक रवि यादव ने गांव में बड़ी संख्या में युवाओं प्रबुद्धजनों महिलाओं को संगठन से जोड़ा। गांव की महिलाओं ने धड़ल्ले से बिक रही शराब को गांव की सबसे बडी समस्या बताया विहीप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने युवाओं को नशे को समाज के पतन और नाश का कारण बताते हुए शराब गुटखा जैसे नशीले पदार्थों का बहिष्कार करने और शराब गांजा की तस्करी अवैधानिक कार्यों में संलिप्त लोगों की शिकायत थानों में करने की सलाह दी निराकरण नही होने की स्थिति में जिला मुख्यालय में इसकी जानकारी पहुंचाने की बात कही साथ ही गांव में बाहरी अनजान व्यक्तियों के आने जाने की जानकारी रखने और इसकी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों तक उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। गांव में धार्मिक सामाजिक आयोजनों में समाज के सभी वर्गों को भागीदारी निभाने और एकजुट होकर गांव गौवंश एवं समाज के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में श्री राम दरबार की पूजा अर्चना जयकारे के बाद ग्रामीणों की सहमति से परसराम यादव को विहीप ग्राम अध्यक्ष गाड़ाराय लोधावंशी को उपाध्यक्ष जीतराम साहू को मंत्री रूपराय यादव को सहमंत्री जागेश्वर प्रसाद साहू को सत्संग प्रमुख वीरेंद्र साहू को बजरंगदल संयोजक मनीष साहू को सहसंयोजक नागेश्वर साहू को साप्ताहिक मिलन प्रमुख बृजलाल यादव को गौरक्षा प्रमुख लताबाई लोधावंशी को मातृशक्ति संयोजिका कनकलता साहू को सहसंयोजिका कु. भूमि साहू को दुर्गावाहिनी संयोजिका कु. रानी साहू को सहसंयोजिका कु. निशा लोधावंशी को साप्ताहिक मिलन प्रमुख नियुक्त किया गया।

# संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जंयती के अवसर पर जिले में सामाजिक समरसता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कलेक्टर ने उपस्थित जनों को संविधान की उद्देशिका का कराया वाचन, जल संरक्षण हेतु दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जंयती के अवसर पर सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष बालोद में सामाजिक समरसता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा पवन साहू सहित अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक के अलावा जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायतों के सरपंच आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित किया।

**अंबेडकर ने नीचले तबके के लोगों को न्याय दिलाने का किया कार्य- चेमन-** जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है जो भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करता है। गणमान्य नागरिक पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जंयती पर सामाजिक समरसता दिवस मनाने का निर्णय लिया। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिकुल परिस्थितियों का सामना करते हुए देश के नवनिर्माण में अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होंने नीचले तबके के लोगों को न्याय दिलाने का कार्य किया है। हम सभी को उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदानों का उल्लेख करते हुए उपस्थित सभी लोगों को अंबेडकर जंयती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 'मोर दुआर, साय सरकार' महाभियान चलाए जाने तथा भूजल स्तर में वृद्धि हेतु जल संरक्षण का कार्य करने की जानकारी दी।

**जल संरक्षण हेतु प्रयास करने दिलाया गया जल शपथ-** जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामाजिक समरसता दिवस के कार्यक्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने उपस्थित जनों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं लोगों को भूजल स्तर में वृद्धि लाने तथा जल संरक्षण हेतु प्रयास करने जल शपथ भी दिलाया। कार्यक्रम में जिले के 10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र हेतु ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सामान्य सेवा केन्द्र के वीएलई के सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू की कार्रवाई भी की गई। इस अवसर पर बताया गया कि 24 अप्रैल 2025 को पंचायतराज दिवस के अवसर पर उक्त ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जाएगा।

# आयुक्त ने नागरिकों से की अपील, कहा अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें

## आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुँचे





पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल ने 26 एवं 27 दो वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्होंने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही, उन्होंने नागरिकों से भी फीडबैक लिया और उनसे सुझाव मांगे.निरीक्षण के दौरान, आयुक्त ने पाया कि सड़को व नालियों में सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता थी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और सफाई व्यवस्था को और भी सुधारा जाए.उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें.आयुक्त सुमित अग्रवाल ने यह भी कहा कि नगर निगम को स्वच्छता और सफाई के लिए नागरिकों का सहयोग चाहिए और वे सभी मिलकर एक स्वच्छ शहर बना सकते हैं। आयुक्त ने सड़कों के किनारे व बाजार क्षेत्रो में निरंतर विशेष सफाई के लिए दोनों पालियों में सफाई के निर्देश दिए.नगर आयुक्त के द्वारा वार्डो के भीतर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में वार्ड 26 व 27 सड़कों एवं नालियों के सफाई का जायजा लेते हुए गलियों की सफाई एवं नालियों के मरम्मत का निर्देश दिया गया। इस क्रम में निगम के कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, हरिशंकर साहू, परमेश्वर, शशि यादव, ईश्वर साहू, गौतम, विनीत वर्मा, राजू सिंह सहित अन्य मौजूद रहें।

# विधायक अनिला भेड़िया के प्रयास से बाईपास सड़क की मिली मंजूरी



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया के प्रयास से दल्लीराजहरा की जनता के द्वारा लंबे समय से की जा रही बाईपास सड़क की मांग अंततः पूरी होने जा रही है। शासन के द्वारा बायपास एवं रिंग रोड निर्माण योजना अंतर्गत बायपास एवं रिंग रोड निर्माण से संबंधित कार्यों को अपरिक्षित नवीनमद के रूप में लिया गया है। जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने बताया कि जिसमें दल्लीराजहरा बायपास सड़क जो की 18 किलोमीटर का होगा के निर्माण कार्य के लिए 500 लाख रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाना है। इस कार्य के लिए वर्तमान बजट में अनिला भेड़िया के प्रयास से 100 लाख रुपए का प्रावधान किया जा चुका है। साथ ही दल्लीराजहरा शहर के मुख्य मार्ग का भी फोरलेन निर्माण हेतु चार किलोमीटर सड़क के लिए 500 लाख रुपए का लागत राशि रखी गई है जिसमें से बजट प्रावधान 100 लाख रुपया रखा गया है। इनके अलावा डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र में अनेकों बड़े पुल पुलिया निर्माण एवं सड़कों का मरम्मत जिसमें मुख्य रूप से कुसुमकसा के बस्ती से रेलवे स्टेशन के लिए पुल निर्माण महत्वपूर्ण एवं जनउपयोगी मांग थी जिसे पूरा करने में अनिला भेड़िया जी ने प्रयास किया और सफल भी रही है। दल्लीराजहरा सहित डौंडी लोहारा विधानसभा के नागरिक उनके इस प्रयास से हर्षित है।

# पार्षद मेवालाल पटेल ने बीएसपी के नगर प्रशासन विभाग के संपदा विभाग की कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह लगाया

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



वार्ड क्रमांक 09 के पार्षद मेवालाल पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बीएसपी के नगर प्रशासन विभाग के अधीन संपदा विभाग की कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह लगाया है। मेवालाल पटेल आगे कहा कि बीएसपी का संपदा विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और आए दिन नगरवासियों की शिकायत मिलते रहतीं हैं कि संपदा विभाग के अधिकारी महेन्द्र कछवाहा द्वारा आमजनता से और नियमित कर्मचारियों से बदतमीजी की जाती है और उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है अभी कुछ दिन पहले ही संपदा विभाग के अधिकारी महेन्द्र कछवाहा द्वारा उनके कार्यकाल किसी काम से पहुंची महिलाओं के साथ बदतमीजी किया गया था और उसकी सारी जानकारी समाचार पत्रो में भी छपी थी कि किस तरह बीएसपी संपदा विभाग के एक अधिकारी द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उसके बाद भी उस अधिकारी के ऊपर किसी भी तरह की विभागीय कार्यवाही का न होना बहुत ही खेदजनक है ऐसा लगता है कि संपदा विभाग के अधिकारी महेन्द्र कछवाहा को अपने उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है यहां एक बात और महत्वपूर्ण है कि संपदा विभाग द्वारा कुछ लोगों को जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है और वर्षो पहले बनें हुए बीएसपी क्षेत्र के मकान मालिकों को नोटिस दिया जा रहा है और नोटिस देकर डराकर उनसे मोटी रकम वसूलने का खेल खेला जा रहा है यहां एक बात महत्वपूर्ण है कि राजहरा में एक तो लोग बीएसपी की जमीन में अपना मकान बनाकर वर्षो से रह रहें हैं और एक रेलवे की जमीन पर अपना मकान बनाकर रह रहे हैं और बहुत सी जगहों पर तो बीएसपी प्रबंधन द्वारा ही लोगों को बसाया गया है। मगर कुछ सालों से संपदा विभाग के अधिकारी की मिलीभगत से बीएसपी के मुख्य मार्गों की जगहों पर भू-माफियाओं के साथ मिलकर उस जगहों को कब्जा करने का खेल खेला जा रहा है और इसमें मुख्य भूमिका में बीएसपी का संपदा विभाग है और आज स्थिति यह है कि अगर कोई ग़रीब व्यक्ति कहीं बीएसपी की जमीन पर झोपड़ी बनाता है तो संपदा विभाग के अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ उस गरीब की झोपड़ी कों तोड़ने के लिए सारे नियमों को पालन करते नजर आते हैं मगर जैसे ही बीएसपी के मुख्य मार्गों पर करोड़ों की जमीन पर कब्जा किया जाता है तो यही बीएसपी संपदा विभाग के अधिकारी उनके साथ मिलकर कब्जा करने में सहयोग करते हैं और दिखावे के लिए नोटिस जारी किया जाता है। स्थिति बहुत ही गंभीर है गरीबों को बीएसपी संपदा विभाग के अधिकारी द्वारा लूटा जा रहा है महिलाओं के साथ खुलेआम बदतमीजी की जा रही है मगर बीएसपी के उच्च अधिकारी इस पर अपनी मौन सहमति दे रहे हैं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है एक तरफअपने को महार कंपनी बताने वाली सेल और उसी की ईकाई राजहरा खदान समूह संपदा विभाग के अधिकारी द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और मकान आबंटन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है साथ बीएसपी के मुख्य मार्गों की जगहों को पैसों का लेन-देन कर कब्जा करवाया जा रहा है। पार्षद मेवालाल पटेल आगे कहा कि अगर बीएसपी प्रबंधन संपदा विभाग के अधिकारी के ऊपर तत्काल कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है और नगर प्रशासन के अधिकारी जो राजहरा में रहते ही नहीं है वे भिलाई से आना जाना करते हैं उनको आने में तो देरी हो जाती है मगर भिलाई वापस जाने की बड़ी जल्दी रहती है इसलिए बीएसपी प्रबंधन से मेरा आग्रह है कि नगर प्रशासन विभाग में ऐसे अधिकारी को बैठाया जाए जो आम जनता से विनम्रता से बात करें और राजहरा के लोगों की भावनाओं को समझे तथा यहां टाउनशिप में निवासरत बीएसपी कर्मचारी और आमजनता की समस्याओं का समाधान कर सके न कि लोगों के साथ दुर्व्यवहार करता रहें और साथ ही संपदा विभाग के अधिकारी जिनकी लगातार शिकायत मिल रही उनके ऊपर तत्काल ठोस कार्रवाई किया जाए क्योंकि आमजनता के बीच यह संदेश है कि महेन्द्र कछवाहा संपदा विभाग में वर्षों से जमें हुए हैं जिसके कारण यहां बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। अगर बीएसपी प्रबंधन तत्काल इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है तो फिर नगर की जनता सीधे कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगी और उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बीएसपी प्रबंधन की होगी।

# रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय राजा बीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में एवं सब्या पटेल (विभागाध्यक्ष -रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ .राजेश डोरिया (सहायक प्राध्यापक) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग , राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर (एन.आई.टी) छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप मे रसायन अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से डॉ .एम .के .देव (प्राध्यापक), डॉक्टर एम .के राय (प्राध्यापक) एवं डॉक्टर कमलेश श्रीवास मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता डॉक्टर राजेश डोरिया द्वारा साइबर सिक्योरिटी, पेट डॉग, क्लीनिंग रोबोट, चेट जीपीटी,सीरी, अलेक्सा डिवाइस, आईबीएम द्वारा निर्मित वाटसन सॉफ्टवेयर, वर्किंग आफ एआई की परिपेक्ष में विस्तार से बताया गया।

## दावा आपत्ति 21 अप्रैल तक

**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन दुर्ग अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक / एन.एच.एम. / एच.आर./2025/345 दुर्ग, 11.01.2025 के माध्यम से 38 पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के अनुसार विज्ञापित पदों में से लैब असिस्टेंट डीपीएचएल, एएनएम एनएचएम, एएनएम आरबीएसके, टीबीएचव्ही एनएचएम, काउंसलर एनएचएम, रेडियोग्राफ र एनएचएम, लैब टेक्निशियन बीपीएचयू, एसटीएस एनटीईपी, एम. ओ. आयुष आरबीएसके, प्रोग्राम एसोसियेट एनटीईपी, कम्यूनिटी हेल्थ ऑफि सर एनएचएम, वार्ड असिस्टेंट एण्ड अटेण्डेंट एनएमएचपी, अकाउण्टेंट-एन.यू.एच.एम., नर्सिंग ऑफि सर- एन.यू. एच.एम..ए.एन.एम. एन.यू.एच.एम. सीनियर नर्सिंग ऑफिसर-एन.एम.एच.पी., फार्मासिस्ट आर.बी.एस. के. पदों पर दावा आपत्ति हेतु प्रारंभिक पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन दावा आपत्ति हेतु किया जा रहा है।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल 29 वें दिन भी जारी रही हड़ताल पर डटे सचिव, धरना स्थल पर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

मोदी की गारंटी पूरा करने अपनी सेवा के शासकीयकरण करने की मांग को लेकर रायपुर जिले के तिल्दा जनपद के समस्त सचिव 29 वें दिन भी हड़ताल पर बैठे रहे। अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत 17 मार्च को राजधानी में प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन के बाद से शुरू हुई है। इसके बाद ब्लॉक व जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में हड़ताल के 29 वा दिन धरना स्थल तिल्दा नेवरा में उपस्थित सचिवों द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया एवं संविधान के उद्देश्यिका का वाचन किया गया। हड़ताल के 29 वे दिन क्रमिक भूख हड़ताल में सरिता वर्मा,डिगेश्वरी वर्मा, खिलेश्वरी वर्मा,राजिम ध्रुव शामिल हुए। इस मौके पर पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भरत वर्मा ने बताया कि सरकार बनने से पहले मोदी की गारंटी में 100 दिन के भीतर पंचायत सचिवों के शासकीयकरण व नियमितीकरण की बात शामिल होने का दावा किया गया था। सरकार बनने के बाद 7 जुलाई को सचिव दिवस कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री ने 100 दिन में नियमितीकरण वाली मोदी की गारंटी दोहराई थी। इसके लिए कमेटी गठित कर 30 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने और इसके आधार पर तत्काल शासकीय करण करने का भरोसा मुख्यमंत्री ने दिलाया था, लेकिन 100 की जगह 300 दिन बीतने पर भी शासकीय करण तो दूर, कमेटी की रिपोर्ट तक पेश नहीं हो सकी है और शासन द्वारा दूसरी बार कमेटी बना दिया गया। सरकार में आने के डेढ़ साल बीतने के बावजूद यह वादा नहीं निभाया गया।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह, मुख्य अथिति मेयर अलका बाघमार हुई शामिल

- मेयर ने कहा- बाबा साहब को नमन करते हैं, जिन्होंने संविधान का निर्माण किया है, इसके माध्यम से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत चल रहा है

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शंकर नगर स्थित बुद्ध विहार में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बुद्ध विहार समिति द्वारा भव्य सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेयर अलका बाघमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े ने स्वागत, सत्कार किया। इस अवसर पर मेयर अलका बाघमार ने अंबेडकर जयंती की दी बधाई देते हुए बोले, बाबा साहब को नमन करते हैं, जिन्होंने संविधान का निर्माण किया है। इसके माध्यम से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत चल रहा है। बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग द्वारा सन् 1970 से दुर्ग शहर स्तरीय भारत रत्न डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के जयंती समारोह का आयोजन कराया जा रहा है। इस वर्ष 134वीं जयंती समारोह का आयोजन 11 से 14 अप्रैल तक किया जाएगा। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर चंद्राकर, पार्षद हर्षिका जैन, सावित्री दमाहे, आशीष चंद्राकर और संजय कोहले उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष बागडे और महिला मंडल अध्यक्ष संगीता मेश्राम ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भारी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बुद्ध विहार समिति और महिला मंडल का योगदान सराहनीय रहा।

# कलेक्टरेट परिसर में स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अर्पित की श्रद्धासुमन

- **विधायक व महापौर, कहा- बाबा साहेब का जीवन और संघर्ष अपने आप में एक शिक्षा है**

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत।आज कलेक्टरेट परिसर में स्थित डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव,महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण एवं भाजपा सहित परिवारजन उपस्थित रहे।विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर अलका बाघमार ने बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब ने हमें संविधान के माध्यम से वास्तविक आजादी दिलाई।बाबा साहेब ने सामाजिक रूढ़ियों को समाप्त करते हुए महिला, दलित व वंचित वर्ग के उत्थान के साथ समानता का अधिकार दिया।वे एक न्यायविद, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि देश के हर नागरिक के लिए सम-विधान का निर्माण करने वाले अंबेडकर का जीवन एवं संघर्ष अपने आप में एक शिक्षा है। उन्होंने ये भी कहा कि हमें बाबा साहेब के विचारों को अपनाते हुए समानता व भाईचारे की भावना को कायम रखना है। जिन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया और स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में कार्य किया। इस मौके पर देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल,पार्षद गुलाब वर्मा, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, ललिता ठाकुर, युवराज कुंजाम सरिता चंद्राकर सहित पार्षदगण, पदाधिकारी और मंडल पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सुबह विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने भी किया जायजा

# फिल्टर प्लांट में खराबी के चलते पानी सप्लाई हुआ बाधित 18 घंटे चला सुधार कार्य

- **महापौर अलका बाघमार,जलघर प्रभारी व एमआईसी सदस्यो के साथ निरीक्षण करने रात्रि 12 बजे पहुंची**

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत।रायपुर नाका 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में स्थित विद्युत सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में आई बड़ी खराबी के चलते बघेरा पोटिया, बोरसी सहित शहर के 8 बड़ी टंकियों में पानी नहीं भर पाने के कारण रविवार सुबह व सोमवार सुबह पानी सप्लाई प्रभावित हुई जिसे जल गृह विभाग के तकनीकी कर्मियों द्वारा विद्युत मंडल के सहयोग से 18 घण्टे की मशक्कत के बाद सुधार कर लिया इस दौरान जानकारी मिलने पर चल रहे रिपेयर कार्य का निरीक्षण करने आधी रात को महापौर अलका बाघमार जल गृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन सहित अन्य एम आई सी सदस्य भी फिल्टर प्लांट पहुंचे और एक घंटे से अधिक समय रहकर तकनीकी खराबी दूर करने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए वही सुबह तक स्थिति सामान्य नही होने की जानकारी मिलने पर जायजा लेने विधायक गजेंद्र यादव भी फिल्टर प्लांट पहुंचकर अधिकारियों को शीघ्र दूर करने के निर्देशित किया। रात्रि में निरीक्षण के अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर नरेंद्र बंजारे ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। इस प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई करने का प्रयास किया गया। रायपुर नाका फिल्टर प्लांट सब स्टेशन में रविवार को सुबह 11बजे ट्रांसफार्मर में मीगर वेल्यू नहीं बनने के कारण बार बार डीओ उड़ता गया और ट्रांसफार्मर का चार्जिग भी उतर गया था जिसे मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने सुधारने का प्रयास किया किंतु देर शाम रात तक फॉल्ट ठीक नही हुआ और बड़ी खराबी होने के कारण महापौर व जलगृह प्रभारी तथा उच्च अधिकारियों की जानकारी पश्चात रायपुर से विद्युत संबंधी तकनीकी जानकर को बुलाकर सोमवार सुबह 9 बजे फिल्टर प्लांट में शट डाउन कर सब स्टेशन में सुधार कार्य पूर्ण किया गया तत्पश्चात बोरसी पोतिया बघेरा पुलगांव गंज मंडी रायपुर नाका, सिकोला बस्ती की टंकियां में पानी भरने का कार्य प्रारंभ हुआ और देर शाम रात्रि तक पानी सप्लाई चालू होंगे।


## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202504330400003

### मामले की श्रेणी-राजस्व

विषय-अ-6 सन- 2024-2025
मनेन्द्रगढ़ प.ह.नं. 00014 [(हे.)],
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-रानी अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग.शासन,

// ईश्तहार //

नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रानी अग्रवाल पत्नी स्व. रमेष कुमार अग्रवाल, निवासी वार्ड नं.10 अग्रवाल लॉज रोड़ मनेन्द्रगढ़, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि नगर मनेन्द्रगढ़ स्थित नजूल प्लाट नं. 37/5 रकबा 1320 वर्गफीट भूमि का स्वामी है। उक्त भूमि नजूल अभिलेखों/मेन्टनेंस खसरा में स्व. रमेष कुमार अग्रवाल आ. स्व. लक्ष्मीनारायण अग्रवाल के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के पति रमेष कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 09/10/2024 को हो चुकी है। आवेदिका स्व. रमेष कुमार अग्रवाल की पत्नी होकर उनकी विधिक उत्तराधिकारी है। आवेदिका स्व. रमेष कुमार अग्रवाल के मृत्यु उपरांत उक्त भूमि के नजूल अभिलेखों/मेन्टेनेस खसरा से रमेष कुमार अग्रवाल का नाम विलोपित कराकर फौती नामांतरण के फलस्वरूप अपना नाम उक्त भूमि के नजूल अभिलेखों में दर्ज कराना चाहती है। ऐसा आवेदन प्रस्तुत कर फौती नामांतरण के आधार पर नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त नामांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना है तो दिनांक 22/04/2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जावेंगा।

आज दिनांक 08/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
मनेन्द्रगढ़

## शपथ पत्र

मैं रामधर वडडे पिता श्री मसूराम वडडे उम्र-59 वर्ष, जाति-मुरिया, निवासी पाला तहसील जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्न सत्य कथन करती हूं किः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र घसिया राम वडडे के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया जिसमें मेरे पुत्र का नाम आशिष वडडे (ASHISH VADDE) अंकित है, जो कि लिपिकीय त्रुटि है। जिसका क्रमांक 8346 0587 5845 है।
3. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम घसिया राम वडडे (GHASIYA RAM VADDE) है, जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों में अंकित है, जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि मैं अपने पुत्र घसिया राम वडडे के आधार कार्ड में आशिष वडडे (ASHISH VADDE) को विलोपित कर घसिया राम वडडे (GHASIYA RAM VADDE) अंकित कराना चाहता हूं।
4. यह कि शपथ पत्र उक्त आशय के समर्थन में पेश है।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मैं रामधर वडडे पिता श्री मसूराम वडडे सत्यानिष्ठापूर्वक कथन करती हूं कि मेरे द्वारा दिये गये शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से लेकर 05 तक की जानकारी मेरे अनुसार सत्य एवं सही है। आज दिनांक 07/02/2025 को स्थान कोण्डागांव में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूं।

शपथकर्ता

## संपादकीय

### राना का प्रत्यर्पण पीड़ितों का न्याय

**तहव्वुर राना का प्रत्यर्पण** 26-11 पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुंबई में 26-11 आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में 2008 जघन्य हमले के एक मुख्य षडयंत्रकारी तहव्वुर हुसेन राना का संयुक्त राज्य अमेरिका से भारत को सफल प्रत्यर्पण संभव हुआ है। इस हमले में 166 लोगों की जान गई थी। गुरुवार शाम उसे दिल्ली लाया जाना भारतीय राजनयिकों व विधि विशेषज्ञों की सालों की मेहनत का नतीजा है जो उन्होंने अमेरिकन न्याय विभाग तथा सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिल कर किया था। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राना पर भारत के इतिहास में सबसे बड़े आतंकी हमले में सहायता करने और उसे प्रेरित करने का आरोप है। उसने डेविड कोलमैन हेडली को शरण और लाजिस्टिक सहायता दी जिसने पाकिस्तानी लश्करे तैयबा-एलईटी आतंकियों से मिल कर हमले को अंजाम दिया। मुंबई हमले ने भारत को बदल दिया था।

भारत को इसके बाद सुरक्षा तथा पड़ोसियों, खासकर पाकिस्तान के बारे में पुनर्विचार करना पड़ा था। 26-11 हमले ने भारत को तेजी से अपने आतंकवाद-विरोधी ढांचे को बदलने के लिए प्रेरित किया। इसके परिणामस्वरूप नेशनल इन्विस्टीगेटिंग एजेंसी-एनआईए का गठन हुआ, समुद्रतटीय निगरानी मजबूत की गई, पुलिस बलों का आधुनिकीकरण हुआ तथा एजेंसियों के बीच खुफिया सूचनाओं की साझा प्रक्रिया बेहतर हुई। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड-एनएसजी की भूमिका का भी विस्तार किया गया तथा बाद में अनेक आतंकी माड्यूलों को उखाड़ फेंका गया। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान-आधारित आतंकी समूहों, जैसे लश्करे तैयबा व हाफ़िज सईद व जकीउर रहमान लखवी जैसे आतंकियों को वैश्विक आतंकी घोषित कराने के लिए आक्रामक लाबीइंग की। इन प्रयासों से पाकिस्तान के आतंकी ढांचे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित हुआ। राना का प्रत्यर्पण अमेरिका में सारी विधिक संभावनायें खोजने से संभव हुआ। यह 26-11 के सभी दोषियों को सजा दिलाने की भारत के दीर्घकालीन अभियान में एक महत्वपूर्ण क्षण है। हालांकि, पहले उसे हमलों में सीधी संलिप्तता के आरोप से अमेरिका में बरी कर दिया था, पर भारतीय अधिकारियों ने कहा कि राना इस मामले में पूर्णत: संलिप्त था तथा उसने बिजनेस के नाम पर हेडली की यात्रा एवं खुफिया सूचनायें जुटाने में सहायता की थी।

तहव्वुर राना की सुनवाई हमले के बारे में नए विवरणों का खुलासा कर सकती है। इसमें खासकर पाकिस्तानी सरकार की संलिप्तता के साथ ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लोगों का योगदान शामिल है। भारत ने बार-बार कहा है कि 26-11 इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि पाकिस्तान अपनी धरती से पैदा होने वाले आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का इच्छुक नहीं है। नई दिल्ली ने पठानकोट और पुलवामा के बाद पाकिस्तान को राजनयिक रूप से अलग-थलग करने के साथ ही 'सर्जिकल स्ट्राइक' व 'एयर स्ट्राइक' से सबक सिखाया है। इन हमलों से पाकिस्तान को अच्छी तरह समझ में आ गया कि भारत पर आतंकी हमलों का उसे तगड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत ने पिछले दशक में आतंकवादियों तथा उनके समर्थकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर देश को सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। तहव्वुर राना को कठोरतम दंड एक और उपलब्धि होगी। 26-11 पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ ही अमेरिका व अन्य देशों के साथ मिल कर आतंकवाद को राज्य-नीति बनाने वाले पाकिस्तान के खिलाफ निरंतर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। तहव्वुर राना का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आक्रामक कार्रवाई के साथ वैश्विक मंचों पर भारत के बढ़ते सम्मान का भी प्रतीक है। भारत ने पिछले दशक में आतंकवाद-प्रायोजक पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर माहौल बनाने में निर्णायक भूमिका अदा की है। बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों तथा कट्टरपंथी इस्लामवाद के उभार के कारण आतंकवाद की विभीषिका से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आज ज्यादा जरूरी है। आज अमेरिका समेत सारी दुनिया इसके खिलाफ वैश्विक सहयोग की आवश्यकता अनुभव कर रही है।

# चीन के भरोसे मुहम्मद यूनुस

यूनुस पर चरमपंथी शक्तियों से मिलीभगत, भारत जैसे परंपरागत सहयोगियों से संबंध खराब करने तथा अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए क्षेत्र में तनाव बढ़ाने के आरोप हैं।

**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)






बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस पर चरमपंथी शक्तियों से मिलीभगत, भारत जैसे परंपरागत सहयोगियों से संबंध खराब करने तथा अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए क्षेत्र में तनाव बढ़ाने के आरोप हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या स्वयं को जनता के सशक्तीकरण के प्रतीक की तरह पेश करने वाले यूनुस वास्तव में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं? इस संबंध में उनके अतीत पर भी गौर किया जा सकता है। 10 दिसंबर, 2006 को नोबेल पुरस्कार स्वीकार करते हुए बांग्लादेशी अर्थशास्त्री व बिजनेसमैन मुहम्मद यूनुस ने कहा था, 'कोई मनुष्य इस धरती पर न केवल अपनी देखभाल करने की पूर्ण क्षमता के साथ पैदा होता है, बल्कि वह पूरी दुनिया की बेहतरी में योगदान तक इसका विस्तार भी करता है।

कुछ लोगों को थोड़ी सीमा तक इस संभावना को खोजने का मौका मिलता है, पर बहुत से अन्य लोगों को यह अवसर अपने जीवन में कभी नहीं मिलता है। वे यह महत्वपूर्ण उपहार खोल ही नहीं पाते हैं जो उनको जन्म के साथ मिलता है।' इस भाषण के बीस साल से भी कम समय बात मुहम्मद यूनुस को अपनी बातों पर अमल करने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। उनको 'बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार' के रूप में अपने देश का बड़ा कैनवास मिला जहां वे नागरिकों के प्रति अपने उपरोक्त वादे को पूरा करने का प्रयास कर सकते थे। उनको यह अवसर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का रक्तरंजित तख्तापलट के फौरन बाद मिला। उनके सामने अनेक विकल्प थे जिनके माध्यम से वे नोबेल पुरस्कार स्वीकृति भाषण में दिए अपने शब्दों का ईमानदारी से पालन कर सकते थे। इसी भाषण में उन्होंने कहा था, 'आतंकवाद की कठोरतम शब्दों में निन्दा की जानी चाहिए। हमें मजबूती से इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए और इसे समाप्त करने के सारे तरीके खोजने चाहिए।'

लेकिन विडंबना है कि बांग्लादेश की सत्ता हाथ में आने के बाद उनकी कथनी और करनी में भारी अंतर दिख रहा है। दु:ख की बात है और वर्तमान परिस्थितियों से स्पष्ट है कि उन्होंने धार्मिक अतिवाद, अंध-राष्ट्रवाद तथा धार्मिक रूप से रूढ़िवादी लोगों का पक्ष लिया है। इसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर धड़ल्ले से निशाना लगाया जा रहा है और एक समय तुलनात्मक रूप से पंथनिरपेक्ष राष्ट्र बांग्लादेश आज अपने पूर्व पश्चिमी भाग, यानी पाकिस्तान जैसा दिखने लगा है। बांग्लादेश में पाकिस्तान जैसी कट्टरपंथी व जिहादी शक्तियां उभर कर सामने आई हैं। मुहम्मद यूनुस ने जानबूझ कर उन शक्तियों का पक्ष लिया है जिन्होंने धार्मिक भेदभाव व कट्टरता के नाम पर गुंडागर्दी की है, राक्षसी व्यवहार किया है तथा राजनीति को आक्रामक बनाया है।

इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि पाकिस्तानियों के हाथों बांग्लादेश में जघन्य नरसंहार का इतिहास भुला कर यूनुस ने पाकिस्तान के साथ संबंध 'सामान्य' बनाने का रास्ता चुना है। उन्होंने पाकिस्तानियों को वीसा नियंत्रणों में राहत दी है, सीधी उड़ाने तथा समुद्री संपर्क आदि शुरू किए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र में भारत-पाक समीकरणों की असलियत अच्छी तरह समझने के बावजूद मुहम्मद यूनुस ने नई दिल्ली के प्रति आरोप लगाने वाली शब्दावली अपनाई है। उन्होंने '1971' की भावना समाप्त करने के लिए सारे कदम उठाए हैं। उनके इस प्रयास का संबंध केवल मुजीबुर रहमान और उनके परिवार की विरासत समाप्त करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उससे भी बहुत आगे तक जाती है। इसका अर्थ अपने ही देश के हिस्से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान की जनता पर जघन्य अत्याचार करने वाले अपराधी पश्चिमी पाकिस्तान के साथ खड़े होना है। इस नरसंहार के विरोध में पूरे देश की जनता उठ खड़ी हुई थी और बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में स्वतंत्र बांग्लादेश का जन्म हुआ था। मुहम्मद यूनुस ने शुरुआत में 'नए युवा नेतृत्व' का आह्वान किया था जो बदले की राजनीति से अलग होता, लेकिन अब वे सत्ता पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं जिससे उनकी महत्वाकांक्षी तथा दुष्टतापूर्ण राजनीति स्पष्ट हुई है।

जो युवा नेतृत्व यूनुस को सत्ता में लाया था वह धीरे-धीरे पर निश्चित रूप से उनसे निराश हो रहा है क्योंकि जल्दी चुनाव की उसकी मांग नहीं सुनी जा रही है। 84 वर्षीय यूनुस ने पहले स्वयं एक राजनीतिक पार्टी शुरू करने का विचार किया था, पर अब वे सत्ता अपने हाथ में बनाए रखने का काम कर रहे हैं। अपने शब्दों पर अमल करने पर उनका धीमे चलने का रास्ता छात्र नेताओं तथा संदिग्ध बांग्लादेश सेना को असहज कर रहा है, जबकि उन्होंने मुहम्मद यूनुस को पहले स्थान पर स्थापित कर उनकी राजनीति को हवा दी थी। अब यही समूह उनसे नाराज हो रहे हैं। सामाजिक-आर्थिक रूप से भी स्थिति अच्छी नहीं है। जहां बेरोजगारी समाज में बढ़ती अशांति का कारण बनी हुई है, वहीं इस मोर्चे की जानबूझ कर अनदेखी की जा रही है और स्थिति दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है।

ऐसे में छात्र नेता अब मुहम्मद यूनुस को ज्यादा मौका देने के पक्ष में नहीं दिखते हैं। अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिएवेअपनी राजनीतिक पार्टी गठित करने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि वे अनिश्चित काल तक यूनुस पर विश्वास करने के पक्ष में नहीं हैं। इस अंधकारमय और विस्फोटक बनी पृष्ठभूमि में यूनुस को कुछ 'निर्मित भटकावों या भावनाओं को भड़काने' का रास्ता मिल गया है जो उनको थोड़ी राहत दे सकता है। इस स्थिति में उनके सामने भारत को भड़काने के सिवा कोई और रास्ता नहीं दिखता है। वे दिल्ली की प्रतिक्रियाओं के आधार पर अपनी विभाजनकारी राजनीति और अपनी प्रासांगिकता बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। वे शेख हसीना का मुद्दा उठाने के साथ ही भारत के बहाने धार्मिक भावनायें भड़काने का प्रयास कर रहे हैं और इसके साथ ही भारत के 'बड़े भाई जैसे दृष्टिकोण' को भी सुर्खियों में बनाए रखने में लगे हैं। क्षेत्रीय भावनाओं तथा संवेदनशीलताओं पर गौर करते हुए यूनुस बड़ी चालाकी से चीन को अपने साथ घसीट लाए हैं। चीन की धरती पर जाकर यूनुस ने बिना नाम लिए उत्तरी बंगाल की 22 किलोमीटर लंबी पट्टी या 'चिकेन नेक' का मामला गरमाना चाहते हैं। उनकी यह रणनीति स्पष्ट रूप से भारत को भड़काने पर केन्द्रित है।

उन्होंने बड़ी चालाकी से चीन में कहा कि पूर्वोत्तर भारत 'चारों ओर भूमि से घिरा' है और उसके 'समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है।' इसके साथ ही उन्होंने 'चीनी अर्थव्यवस्था के विस्तार' की बात करते हुए संभवत: बांग्लादेश की ओर से गारंटी दी कि वह इस क्षेत्र में 'समुद्र का एकमात्र संरक्षक' है। उनका यह कदम चीन की विस्तारवादी भावनायें भड़काने पर केन्द्रित है। स्वाभाविक रूप से नई दिल्ली यूनुस के जानबूझ कर उठाए इस कदम से बहुत नाराज है।

हालांकि, दिल्ली इस जाल में नहीं फंसेगी और वह यूनुस की घरेलू व राजनीतिक मजबूरियों में उनकी सहायता करने वाली नहीं है, लेकिन इस प्रकरण से यूनुस की भावी राजनीति खुल कर सामने आ गई है। हालांकि, इस सारी राजनीति से छात्र नेताओं पर दबाव बनाना संभव है, पर बांग्लादेश की सेना तथा निराश नागरिक गिरती अर्थव्यवस्था के कारण इस जाल में फंसने वाले नहीं हैं। ऐसी भ्रामक रणनीति अलोकतांत्रिक नेताओं का मनपसंद हथकंडा है जो राष्ट्र के दीर्घकालीन लक्ष्यों को अपनी अल्पकालीन राजनीति पर कुर्बान करते रहे हैं।

शेख हसीना की अवामी लीग के साथ ही बांग्लादेश नेशनल पार्टी-बीएनपी व अन्य राष्ट्रीय पार्टियां तथा यहां तक कि जमात जैसे चरमपंथी संगठन भी चुनाव में विलंब से परेशान हैं। ऐसे में यह देखना होगा कि मुहम्मद यूनुस कब तक जनता को भ्रमित करने तथा उसकी भावनायें भड़काने में सफल होंगे ताकि वे सत्ता में बने रह सकें। हालांकि, बांग्लादेश का इतिहास सैनिक विद्रोहों तथा विकलांगकारी प्रदर्शनों से भरा रहा है और वे मुहम्मद यूनुस को भी सत्ता से बाहर कर सकते हैं। 1971 में स्वतंत्रता के बाद पिछले 54 वर्ष में बांग्लादेश में 29 सैनिक विद्रोह हुए हैं। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज़-जमां द्वारा बुलाई आपातकालीन बैठकें यूनुस के भविष्य को देखते हुए शुभ संकेत नहीं हैं। ऐसे में देखना होगा कि क्या चीन मुहम्मद यूनुस की मदद के लिए आगे आता है, क्योंकि बाकी सारे हथकंडे विफल हो रहे हैं?

# अहंकार पर अंकुश आवश्यक

> मैंने अतिशय अहंकार के खतरों को महसूस किया है, यह हमें अलग-थलग कर देता है, वास्तविक संबंध बनाने की हमारी क्षमता को सीमित कर देता है।

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

अहंकार के लिए हमें सबसे पहले किसी और का नहीं बल्कि खुद का आंकलन करना चाहिए। लेकिन अत्यधिक अहंकार के लक्षणों की पहचान करने से पहले, आइए समझते हैं कि अहंकार का वास्तव में क्या मतलब है। भगवद गीता के श्लोक 7.4 में, कृष्ण अपने स्वभाव के आठ घटकों का वर्णन करते हैं: पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार। अहंकार के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला संस्कृत शब्द अहंकार है, जिसका अर्थ है मैं, कर्ता हूं।

अपने कर्तव्यों का पालन करते समय कर्ता होने का यह भाव स्वाभाविक है। हालाँकि, यह तब समस्याग्रस्त हो जाता है जब कोई यह मानने लगता है कि सफलता के लिए वे अकेले ही जिम्मेदार हैं। वास्तव में, गीता (18.14) में कहा गया है कि प्रत्येक कार्य के पीछे पांच कारक होते हैं- कार्य का स्थान, कर्ता, उपयोग किए जाने वाले साधन, विभिन्न प्रयास और ईश्वरीय प्रावधान। तो अहंकार का आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द अहंकार से क्या संबंध है?

आधुनिक भाषा में, अहंकार अक्सर आत्म-सम्मान या आत्म-महत्व को संदर्भित करता है। हालांकि अर्थ में समान नहीं है, हम सुविधा के लिए यहा अहंकार शब्द का उपयोग करेंगे।अतिशय अहंकार के लक्षण क्या हैं? सबसे स्पष्ट है विनम्रता की कमी। बड़े अहंकार वाला व्यक्ति लगातार ध्यान आकर्षित करना चाहता है, महत्व चाहता है, और अक्सर अपने कार्यों को सही ठहराता है - भले ही वे गलत हों। वे शायद ही कभी प्रतिक्रिया या सुधार स्वीकार करते हैं, उन्हें लगता है कि वे दूसरों से बेहतर हैं। यह मानसिकता विकास को रोकती है।

जबकि हम में से प्रत्येक अद्वितीय है, हम दूसरों से श्रेष्ठ नहीं हैं। व्यक्तिगत रूप से, मैं ऐसा व्यक्ति नहीं बनना चाहता। मैंने अतिशय अहंकार के खतरों को महसूस किया है, यह हमें अलग-थलग कर देता है, वास्तविक संबंध बनाने की हमारी क्षमता को सीमित कर देता है, और हमें बुद्धिमान सलाह के प्रति अंधा बना देता है। अहंकारी अक्सर अच्छी सलाह को नज़रअंदाज़ कर देते हैं और अलग-अलग दृष्टिकोणों पर विचार किए बिना कार्य करते हैं। इससे वे गलतियाँ करने के लिए प्रवृत्त होते हैं।

इसके विपरीत, एक विनम्र व्यक्ति अपनी सीमाओं को पहचानता है, दूसरों से इनपुट को महत्व देता है, और जमीन पर रहता है। विनम्रता निर्णय लेने को बढ़ाती है और सहयोग को बढ़ावा देती है। तो हम इस सामान्य कमजोरी को कैसे दूर कर सकते हैं? हममें से ज़्यादातर लोग, भले ही पूरी तरह से अहंकारी न हों, यह सूक्ष्म विश्वास रखते हैं कि हम अपनी सफलताओं के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार हैं।

खुद को सिर्फ़ अपने हिस्से तक सीमित रखना और दूसरों के योगदान को ईमानदारी से स्वीकार करना आसान नहीं है - जिसमें भगवान भी शामिल हैं। एक भक्त सफलता के सभी पाँच तत्वों को देखता है, जिसमें ईश्वरीय कृपा भी शामिल है। परिस्थितियाँ अक्सर हमारे अपने प्रयास के बिना ही बदल जाती हैं। उदाहरण के लिए, अगर किसी बाहरी शादी के दौरान बारिश नहीं होती है या व्यस्त मौसम के दौरान कोई कुशल पुजारी उपलब्ध हो जाता है - तो क्या ये भगवान की कृपा के संकेत नहीं हैं? यहाँ तक कि कर्तव्यों को निभाने की हमारी शारीरिक क्षमता, जैसे कि एक पिता का अपनी बेटी की शादी के लिए समय पर ठीक हो जाना, एक आशीर्वाद है।

इन्हें भगवान की व्यवस्था के रूप में पहचानना अहंकार को रोकने में मदद करता है। अहंकार को नियंत्रित रखने के लिए, पहला और सबसे ज़रूरी गुण विनम्रता है। दूसरा, हमें दूसरों से अपनी तुलना करने से बचना चाहिए। इसका क्या मतलब है? ग्रह पर आठ अरब से ज़्यादा लोगों के साथ, कोई न कोई हमेशा ज़्यादा प्रतिभाशाली या सफल होगा।

इसके बजाय, दूसरों की ईमानदारी से सराहना करने के लिए खुद को प्रशिक्षित करें। भगवान कृष्ण ने खुद अर्जुन की बार-बार प्रशंसा की और उन्हें धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। दूसरों में अच्छाई देखना सीखना अहंकार को नरम बनाता है। मार्गदर्शन प्राप्त करने से भी मदद मिलती है - या तो किसी सच्चे आध्यात्मिक गुरु से या किसी बुद्धिमान मित्र से। व्यक्तिगत रूप से, मुझे अपने अहंकार के साथ लंबे समय से संघर्ष करना पड़ा है। इसके नुकसान के बारे में जागरूक होना पहला कदम था, लेकिन इसे बदलना बहुत कठिन था।

हमारी पहचान अक्सर हमारे अहंकार से जुड़ी होती है, और इसे छोड़ देना खुद को खोने जैसा महसूस हो सकता है। फिर भी, मैंने दृढ़ निश्चय किया। मैंने मदद के लिए ईमानदारी से प्रार्थना की और दिव्य अंतर्ज्ञान और एक आध्यात्मिक मित्र के माध्यम से समर्थन प्राप्त किया, जिन्होंने मुझे याद दिलाया, विनम्रता ईश्वर को करीब लाती है। जब हम श्रेष्ठ महसूस करते हैं, तो ईश्वर खुद को दूर कर लेते हैं। उस सत्य ने मुझे गहराई से प्रभावित किया।

मुझे अपने जीवन के हर हिस्से में ईश्वर की उपस्थिति की आवश्यकता है। प्रार्थना मेरे अहंकार को कम करने में एक शक्तिशाली उपकरण रही है। कोई व्यक्ति वास्तव में समर्पित और अहंकारी रूप से आत्म-केंद्रित दोनों नहीं हो सकता। समापन से पहले, आइए विचार करें: हमें अहंकारी व्यक्तियों से कैसे निपटना चाहिए? आखिरकार, हम अक्सर उनसे मिलते हैं। गीता श्लोक 3.26 में सलाह देती है कि बुद्धिमानों को अज्ञानियों के मन को विचलित नहीं करना चाहिए, बल्कि उदाहरण के द्वारा उन्हें प्रेरित करना चाहिए।

उन्हें जबरदस्ती सुधारने की कोशिश न करें। इसके बजाय, शांत रहें, आचरण से नेतृत्व करें और अपने विकास पर ध्यान केंद्रित करें। हम दूसरों को सुधारने के लिए जिम्मेदार नहीं हैं - हम खुद के लिए जिम्मेदार हैं।

## आप की बात

### सराहनीय फैसला

**मध्य प्रदेश** सड़क निगम ने हर एक किलोमीटर पर वाटर रिचार्जिंग होल बनाने का निर्णय लिया है। इससे सड़कों से व्यर्थ बह जाने वाला पानी धरती में चला जाएगा और वाटर लेवल ऊपर आएगा। यह फैसला अत्यधिक सराहनीय है। ऐसे प्रयासों को कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक विभागों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से देश भर में चलाने की आवश्यकता है। भारत में जल संकट गंभीर और लगातार बढ़ती समस्या बन चुका है। इसका प्रभाव न केवल पर्यावरण बल्कि आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर भी पड़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या, जलवायु परिवर्तन और अव्यवस्थित जल उपयोग के कारण पानी की उपलब्धता लगातार घट रही है। इससे किसानों, उद्योगों और आम नागरिकों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से शहरीकरण और कृषि क्षेत्र में पानी की अत्यधिक खपत ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया भर में भूजल का सबसे बड़ा प्रयोगकर्ता है। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था और जनसंख्या के साथ भूजल की मांग और बढ़ने की संभावना है। जल संकट जैसी गंभीर समस्या का समाधान करने के लिए हम सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे।

- **विभूति बुपक्या**, खाचरौद

### व्यापार युद्ध के निहितार्थ

**दुनिया** के आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि व्यापार युद्ध में कोई देश कभी पूरी तरह से न तो पराजित हो सकता है ना ही जीत सकता है। व्यापार युद्ध के कारण पैदा होने वाली आर्थिक तंगी, बेरोजगारी, मानसिक उत्पीड़न के मारे लोग भीतर से पूरी तरह टूट जाते हैं। जबकि आर्थिक तंगी से लोग पैसों के अभाव के कारण जिन्दा लाश बनने को मजबूर हो जाते हैं। व्यापार युद्ध एक आर्थिक संघर्ष है जो अक्सर अत्यधिक संरक्षणवाद के परिणामस्वरूप पैदा होता है जिसमें राज्य दूसरे देश द्वारा किए उपायों के जवाब में अपनी वाणिज्यिक नीतियों के हिस्से के रूप में एक दूसरे के खिलाफ टैरिफ या अन्य व्यापार बाधायें बढ़ाते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस समय यह तमाशा पुरे विश्व के साथ खेल रहे हैं। मजेदार बात यह है उन्होंने 2 अप्रैल से लागू जवाबी टैरिफ को अब 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया। उन्होंने दुनिया के नेताओं का मजाक उड़ाते हुए कहा कि ये लोग मेरे आदेश से डर गए हैं और गिड़गिड़ा रहे हैं इसलिए मैंने इसे स्थगित किया है। स्पष्ट है कि ट्रंप इस व्यापार युद्ध के बहाने दुनिया में अमेरिका का आर्थिक वर्चस्व पुन: स्थापित करना चाहते हैं जो पिछले वर्षों में अनेक कारणों से कमजोर हुआ है।

- **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### गर्मी का प्रकोप

**गर्मी का प्रकोप** भारत में तेजी से बढ़ रहा है और इसका सीधा प्रभाव देश की विशाल आबादी पर पड़ता है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में हीट वेव के 48,000 से अधिक मामले सामने आए थे। इसका सामना करने वाले लोगों में दिहाड़ी मजदूर, ड्राइवर, डिलीवरी बॉय और सब्जी विक्रेता, आदि शामिल हैं जिनको मजबूरी में अपनी आजीविका के लिए भयानक गर्मी का सामना करना पड़ता है। गर्मी के साथ बहुत ज्यादा उमस होने पर शरीर पसीना निकालकर खुद को ठंडा नहीं कर पाता क्योंकि हवा पहले से ही नमी से भरी होती है। ऐसे में ठंडी जगह पर रहना बहुत जरूरी हो जाता है। लेकिन हर किसी के पास एयर कंडीशनर या कूलर जैसी सुविधा नहीं होती। इसलिए गरीब, बुजुर्ग और बीमार लोगों के लिए ऐसी गर्मी जानलेवा भी हो सकती है। हीट वेव के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाता है। इस दौरान बिजली की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है जिससे बिजली कटौती की समस्या और भी गंभीर हो जाती है। गर्मी के दिनों में बाहर काम करना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है जिससे उनकी दैनिक आय प्रभावित होती है। इस समस्या से निपटने का प्रयास मिल कर करना होगा।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### मोबाइल की लत

**मोबाइल** ने घरेलू खेलों को निगल लिया है। बच्चे अब इन खेलों से कन्नी काटने लगे है। हाईटेक होते युग में मोबाइल और इंटरनेट ही सहारा बन गए है। अभिभावकों को चाहिए कि अपनी भाग दौड़ भरी जिंदगी से कुछ समय बच्चों के साथ भी घूमने हेतु निकालें ताकि मोबाइल के गेम से बच्चे दूर रहकर अपनी फिटनेस पर ध्यान दे सकें। बच्चों के साथ बड़ों को भी मोबाइल की लत पड़ गई। अब ऐसा लगने बच्चे शारीरिक व बौद्धिक विकास के साथ ही वे खिलौनों की दुनिया ही भूल गए हैं। खिलौनों का व्यापार भी इससे प्रभावित हुआ है। मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से अनेक बच्चों को चश्मे लग गए हैं। घर पर मेहमान आने पर भी अनेक लोगों का ध्यान बस फेसबुक, व्हाट्सएप पर जवाब देने पर ही लगता है। हमें यह समझना चाहिए कि परस्पर बातचीत व एक दूसरे को समझने का स्थान मोबाइल कतई नहीं ले सकता है। मोबाइल के दुरुपयोग के कारण अनेक दुर्घटनायें भी सामने आती हैं जिसमें रील बनाने के लिए जोखिम उठाना व लोगों को आकर्षित करने के लिए कुछ भी करना शामिल हो गया है।

- **संजय वर्मा**, मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पानी के लिए तरस रहा कुकरापानी : छह महीने से हैंडपंप बंद, नाले से गंदा पानी पीने को मजबूर

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



बोड़ला विकासखंड के पहाड़ी इलाकों के बीच बसा ग्राम पंचायत कुकरापानी इन दिनों गंभीर जल संकट की चपेट में है। इस गांव के तीन हैंडपंप बीते छह महीने से खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। मजबूरीवश ग्रामीण आज भी नाले के गंदे और अस्वच्छ जल को पीने को विवश हैं, जिससे बीमारियों का खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है।

**बंद हैंडपंप, अधूरी योजना :** कुकरापानी में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने और नल कनेक्शन देने का कार्य शुरू हुआ है, लेकिन यह पूरी तरह से चालू नहीं हो सका है। एक ओर सरकार 'हर घर जल' का सपना दिखा रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। गांव के निवासी बताते हैं, छह महीने से हैंडपंप बंद हैं, समस्याओं को जनप्रतिनियों को अवगत करा चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब गर्मी में हालात और बिगड़ गए हैं। महिलाएं और बच्चे सुबह-सुबह पानी की तलाश में निकलते हैं और नाले से पानी भरकर लाते हैं।

**गंदा पानी, बीमारियों का खतरा :** नाले का पानी पीने के कारण बच्चों और बुजुर्गों में पेट दर्द, दस्त और त्वचा संबंधी बीमारियाँ बढ़ सकती हैं। ग्रामवासी न तो उबालने की सुविधा रखते हैं और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध है। कई ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें स्वास्थ्य विभाग से भी अब तक कोई मदद नहीं मिली।

**प्रशासन बना अनदेखा :** ग्रामीणों ने कई बार पंचायत और जनपद अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन किसी भी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों की मांग है कि बंद हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जाए और जल जीवन मिशन योजना को प्राथमिकता देकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

**जनप्रतिनिधियों से सवाल :** ग्रामीणों में नाराजगी है कि चुनाव के समय नेता गांव-गांव आकर वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई झांकने तक नहीं आता। हम भी इस देश के नागरिक हैं, क्या हमें साफ पानी पीने का हक नहीं? एक महिला ने भावुक होकर कहा।

**जरूरत तत्काल समस्याओं के निदान की :** अब समय आ गया है कि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग इस समस्या की गंभीरता को समझें और कुकरापानी जैसे गांवों में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए ठोस कदम उठाएं। पानी जीवन की सबसे पहली जरूरत है, और इससे किसी को भी वंचित नहीं रहना चाहिए।

# खेती की आड़ में हरे जंगल की कटाई : इमरती लकड़ी की हो रही खुलेआम तस्करी, वन विभाग मौन



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

वनमंडल कबीरधाम अंतर्गत कवर्धा परिक्षेत्र के केसदा गांव से आगे रेंगाखार मार्ग पर स्थित पुराने सागौन प्लॉट में अब हरे-भरे पेड़ों की जगह खेत नजर आ रहे हैं। जहां कभी घना जंगल होता था, अब खेती होती दिखाई दे रही है। यह परिवर्तन पिछले तीन वर्षों में हुआ है, जिससे स्पष्ट होता है कि जंगल की कटाई योजनाबद्ध तरीके से की गई है।

**हरे सागौन पेड़ों की कटाई और तस्करी** - स्थानीय लोगों और राहगीरों के अनुसार, सागौन जैसे कीमती इमारती लकड़ी के पेड़ों को पहले गाडलिन (छिलाई) किया जाता है, जिससे पेड़ धीरे-धीरे सूख जाते हैं। इसके बाद उन्हें चोरी-छिपे काटा और बेचा जाता है। कुछ मामलों में सूखे पेड़ों को आग लगाकर जलाया भी जा रहा है, ताकि कोई साक्ष्य न बचे।

**दर्जनों पेड़ ठूंठ में तब्दील, विभाग चुप** - रेंगाखार रोड जो कि अत्यंत व्यस्त मार्ग है, उसके किनारे स्थित इन जंगलों की दुर्दशा देखकर लोग विभागीय उदासीनता पर सवाल उठा रहे हैं। अगर मुख्य मार्ग की यह स्थिति है, तो दूर-दराज और सुनसान जंगलों की दशा सहज ही समझी जा सकती है।

**वन संरक्षण की दुर्दशाः अभ्यारण्य क्षेत्र की सीमा में लापरवाही** - उक्त क्षेत्र के पास ही भोरमदेव अभ्यारण्य की सीमाएं शुरू हो जाती हैं। आश्चर्य की बात यह है कि वन विभाग के अधिकारी इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी कोई कार्रवाई होती नहीं दिख रही।

**बोड़ला-चिल्फी मार्ग भी अछूता नहीं** - सिर्फ केसदा ही नहीं, बोड़ला से चिल्फी मार्ग तक सड़क किनारे सागौन के ठूंठ दिखाई देना आम बात हो गई है। इससे साफ है कि पूरे कवर्धा परिक्षेत्र में जंगलों की स्थिति दयनीय हो गई है।

# समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा : ताम्रध्वज साहू



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

परिक्षेत्रीय साहू समाज पुरई और ग्रामीण साहू समाज कोकड़ी के तत्वावधान में कुल देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयन्ती समारोह का आयोजन कोकड़ी में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पुसऊ राम साहू ने की। विशेष अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, परिक्षेत्र संरक्षक जगदीश दीपक, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, हस्तशिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, तहसील साहू संघ के महासचिव उमाशंकर साहू, सरपंच युगलकिशोर चन्द्राकर, उपसरपंच निर्मला मानिकपुरी मंचासीन थे। कार्यक्रम के पहले दिन महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पश्चात समाज की कुल देवी माता कर्मा की सामुहिक पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कर्मा जयंती के दिन सभी घरों में माता कर्मा की पूजा की जानी चाहिए। साथ ही सभी के घरों में माता कर्मा की फोटो अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में फैली बुराइयां को दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा।

# धार्मिक और सांस्कृति कार्यक्रम से आस्था, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है : विधायक साहू

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुधेली, हरदी, बोरसी, उफरा, खुड़मुड़ी एवं कुम्ही में आयोजित जस झांकी महोत्सव, मानसगान एवं गायन प्रतियोगिता ने एक बार फिर साबित किया कि हमारी लोक संस्कृति और आस्था की जड़ें कितनी गहरी और जीवंत हैं। पूरे आयोजन में भक्ति, भाव, संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, जनपद सदस्य सीमा टिकरिहा, समिति सदस्य, ग्रामवासी एवं क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने जय माँ दुर्गा और जय श्रीराम के जयघोष के साथ अपने उदबोधन की शुरुआत की और कहाः इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ते हैं, लोगों में सकारात्मक सोच, आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का संचार करते हैं। जब गांव-गांव से लोग एकत्र होकर लोक गीत, झांकियां और भक्ति संगीत प्रस्तुत करते हैं, तो हमारी संस्कृति और परंपराएं सशक्त होती हैं। यह आयोजन नई पीढ़ी को हमारी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आगे कहाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारें निरंतर जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है। विधायक साहू ने उन योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से ज़रूरतमंदों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# जस झांकी प्रतियोगिता एवं श्री राम कथा मानस गान कार्यक्रम में शामिल हुए आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा, अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरसी तथा कोशपातर (बारगांव) मे जय मां महामाया जस झांकी मंडली समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय विराट देवी जस गीत झांकी एवं श्री राम कथा मानस गान में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, उपस्थित हुए इस अवसर पर आशीष छाबड़ा ने कहा कि जसगीत और झाकी एव लोक कला महोत्सव हमारे धार्मिक आस्था का एक प्रमुख केंद्र है तथा गांव में एक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है जिससे हमें सीख मिलती है कि अपने गांव में भाईचारा एकता, बनाए रखने के लिए लोक महोत्सव पर्व को त्योहार मुख्य रूप से मनाया जाता है लोक कला तथा जस गायन के रूप में हम अपनी संस्कृति को समृद्ध करते हैं तथा इससे न केवल आपसी भाईचारा बढ़ता है बल्कि गांव में रौनकता भी आती है शक्ति की आराधना पूरे संसार में की जाती है और इसी शक्ति के आराधना हमारे ग्राम में हो रही है जो अत्यंत ही हर्ष का विषय है तथा आयोजन समिति को मैं इसके लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं इस कार्यक्रम में उपस्थित माधुरी रवि परगनिहा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला शुभम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला विजय पारख तखत साहू चंद्र प्रकाश साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कुसमी ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा चंदू यादव रवि साहू सदस्य जनपद पंचायत बेरला हेमंत वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत बोरसी मनोज शर्मा प्रवीण शर्मा चंदू यादव कृष्णा चतुर्वेदी सहित मंचस्थ मण्डली सहित भारी संख्या में ग्रामवाशी एवं कार्यकर्ता उपस्थित है।

# सांसद एवं राज्य योग आयोग के अध्यक्ष ने किया जिले के पहले जनसमस्या निवारण केंद्र का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com





ग्राम नारायणपुर (घुघुवा क) में पहले जन समस्या निवारण केंद्र का शुभारंभ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा एवं सांसद विजय बघेल के करकमलो से संपन्न हुआ। आयोग के अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहा की हनुमान जी संकटों का हरण करने वाले हैं इस प्रकार जन समस्या निवारण केंद्र में भी लोगों के समस्या का निवारण प्रारंभ होगा, लोगों की समस्या को सुनने मात्र से भी आम जनता को आशा मिलती है एवं ग्राम घुघुवा(क) के नाम परिवर्तन कर नारायणपुर रखे जाने की प्रयासों की सराहना की। सांसद विजय बघेल ने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीणों को कई प्रकार की समस्याएं होती है जिनको दूर करने के लिए अलग-अलग स्तर पर प्रयास होते हैं। कई समस्याएं पंचायत स्तर पर निराकृत नहीं हो पाती है, तो जनपद और जिला पंचायत स्तर पर उनका निराकरण किया जाता है और वहां भी निराकरण नहीं होने पर उसके लिए आगे विधायक और सांसद प्रयास करते हैं, कोशिश की जाती है कि आम लोगों के हित के लिए काम हो सके। अतिथियों आभार व्यक्त करते हुए प्रणव शर्मा (सभापति जनपद पंचायत पाटन) ने बताया कि अभी ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि ग्राम का मुख्य मार्ग भिलाई तीन की ओर जाता है जिस पर कई भारी गाड़ियां चलती है और हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसलिए यहां ब्रेकर बनाने की मांग की गई है, सांसद ने समस्या के निराकरण की बात कही है।

# ऑल इंडिया लीनेस क्लब ने किया घड़ी चौक में छांछ और केले का प्रसाद किया वितरण




**बेमेतरा।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर घड़ी चौक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में छांछ और केले का प्रसाद वितरण किया गया। इस गर्मी में सभी श्रद्धालुओं ने छाछ पीकर बहुत ही तृप्ति महसूस की तथा उन्होंने क्लब को बहुत धन्यवाद दिया इस बेहतरीन सेवा कार्य के लिए क्लब का उत्साह वर्धन बढ़ाया व समाज को संदेश दिया कि हर वर्ग को सेवा कार्य करना चाहिए ताकि बच्चे देख कर सेवा कार्यो को सीख सके और समाज में सेवा व संस्कार के कार्य करके अपना नाम कमाए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रामेश्वरी साहू चार्टर अध्यक्ष विनोद राघव उपाध्यक्ष शारदा तिवारी सचिव निधि बनाफर कोषाध्यक्ष उमा तिवारी मीनाक्षी शर्मा रश्मि शर्मा सीमा साहू बेबी साहू वीणा शर्मा एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित हो उक्त कार्य में सहभागिता दिए।

# 12 मवेशी से भरे वाहन सहित दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



12 मवेशी से भरे वाहन सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया साथ ही फरार आरोपी की पता तलाश जारी, अब गौ सेवकों के सहयोग से पुलिस करेगी गौ वंश की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही इस संबंध में पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अभय सिंह पिता राजकुमार सिंह उम्र 19 वर्ष साकिन बरेला थाना जरहागांव जिला मुंगेली ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया है कि शनिवार रात्रि में सूचना मिला कि पर ग्राम मुडपार खार में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से मवेशियो को वाहन में भर कर कत्तल खाना ले जाने वाले है सूचना पर अपने साथियो के साथ रात्रि 12/30 बजे ग्राम मुडपार खेत जिला बेमेतरा पहुचे तो वाहन माजदा क्रमांक सी.जी. 10 एएल 8328 में मवेशीयो को बीना चारा पानी के क्रूरता पूर्वक ठुस ठुस कर भर कर जा रहे थे, जो हम लोगो को देख कर वाहन को लेकर भागने लगे जिसे बेवरा खार रोड में पकड़े वाहन के चालक से नाम पुछने पर राजू मानिकपुरी पिता मुन्ना उम्र 45 वर्ष निवासी बरतोरी थाना बिल्हा जिला बिलासपुर एवं उसके बगल सीट में बैठे व्यक्ति अपना नाम कलेश्वर कोशले पिता भागवत उम्र 56 वर्ष ग्राम मुड़पार चौकी सम्बलपुर बताया एवं वाहन में बैठे एक व्यक्ति वाहन से कुद कर भाग गया जिसका नाम पुछने पर कलेश्वर ने उसे अपने गांव के धर्मेन्द्र सतनामी पिता लच्छी ग्राम मुडपार का होना बताया। वाहन माजदा क्रमांक सीजी 10 एएल 8328 एवं उक्त वाहन में ठुस ठुस कर बिना चारा पानी के भरे 12 नग मवेशी एवं वाहन चालक राजू मानिकपुरी तथा कलेश्वर कोशले को कार्यवाही हेतु पुलिस चौकी मारो में पेश किया है कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 4, 6, 10 छ.ग. कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपीगण राजू मानिकपुरी तथा कलेश्वर कोशले को पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपीगण राजू मानिकपुरी तथा कलेश्वर कोशले के पेश करने पर वाहन माजदा क्रमांक सीजी 10 एएल 8328 क्षतीग्रस्त हालत में एवं उक्त वाहन में ठुस ठुस कर बिना चारा पानी के भरे 12 नग गाय, तथा आरोपी कलेश्वर कोशले का मोबाईल फोन की पेड को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया।

**द्वितीय चरण के आकलन में जिले के 23 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया, दूसरे संकुल के सीएससी के द्वारा कराया गया आकलन**

# एफएलएन के तहत शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि के लिए स्कर्ट ने ली आकलन परीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एफएल एन के तहत शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि के लिए स्कर्ट द्वारा ली गई आकलन परीक्षा में 23 शिक्षक शिक्षिकाओं का चयन किया गया है। इन सभी 23 शिक्षक शिक्षिकाओं का द्वितीय चरण का आकलन पूर्ण कर लिया गया है। प्रदत्त भाषा एवं गणित के फोर ब्लॉक का बच्चों में दक्षता आकलन के लिए बेमेतरा जिले के चारों विकासखंड से कुल 81 शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन कर चुनौतियों को स्वीकार किया था। जिसका ऑफलाइन/ऑनलाइन आकलन जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू चारों विकासखंड से बीआरसी बेरला खोमलाल साहू, बेमेतरा राजेन्द्र कुमार साहू, नवागढ़ जगजीवन साहू, साजा बी डी बघेल एवं राज्य स्तर के कोर मेबर पवन देवांगन, केवरा सेन इन सभी के नेतृत्व में इन 81 विद्यालय/शिक्षक का ऑफलाइन /ऑनलाइन आकलन डीआरजी, सीएसी, बीआरजी के सहयोग से किया गया। जिनमें से 23 शिक्षकों/विद्यालय का चयन द्वितीय चरण वारियर्स शिक्षक के रूप में चयन हुआ है। जिनका पुनः ऑफलाइन/ ऑनलाइन आकलन हुआ है। जिनमें बेरला विकासखंड से चौदह, बेमेतरा से चार, साजा से चार, नवागढ़ से एक शिक्षक शिक्षिकाओं का आकलन हुआ। द्वितीय चरण के इन सभी विद्यालय के आकलन में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, चारों विकासखंड के बीआरसी एवं राज्य स्तर के कोर मेबर पवन देवांगन, केवरा सेन के साथ इन सभी की भूमिका सराहनीय रही। द्वितीय चरण के आंकलन करने में बेरला से कमलेश नेताम, सुरेन्द्र देवदास, खिलेन्द्र साहू, खोमलाल साहू, महेंद्र सिन्हा, नागेश्वर नायक, गिरवर साहू, जागृतिदास बारले, कुशल साहू, राकेन्द्र साहू, शिव प्रकाश साहू, दुर्गादास चेलक, भूपेंद्र कौशिक, बेमेतरा से उद्धव कुमार साहू, विष्णु कुमार साहू, निलेश कुमार पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, साजा से सूरज कुंजाम, राजू पटेल, मनीराम श्रीवास, सूरज कुंजाम, नवागढ़ से बीआरसी जगजीवन साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी आंकलनकर्ताओं ने आंकलन कार्य में बच्चों की पठन एवं गणितीय संक्रियायें पर विशेष जोर दिये। जिनमें सभी विद्यालय में बच्चों के कक्षा के अनुरूप उनकी दक्षता देखी गई। द्वितीय चरण के आंकलन में जिन एफएलएन वारियर्स शिक्षक/विद्यालय का आंकलन हुआ, इसमें जोगीराम वर्मा/सिलघट, सागरिका यादव/हरदी, सैय्यद साबिर अली/पिपरोलडीह, ललित टिकरिहा/खुड़मुड़ी, हरिशंकर सिन्हा/ खिसोरा, थानसिंह मंडावी/गोड़गिरी, लीलाराम साहू/देवरी, सरिता वंशकार/भालेसार, कमल नारायण मिश्रा/मुड़पार कला, दीपा आडिल/ बांसा, लक्ष्मीनारायण पांडे /बहेरघट, संतोष कुमार साहू/ टेमरी, चेट्रानी देवांगन / परपोड़ा, रागिनी शर्मा / कंडरका, बेमेतरा विकासखण्ड से ऑचल वर्मा / कंतेली, आशा चंदेल / बालसमुंद, पुरूषोत्तम कुमार सोनवानी/ जिया, जयकुमार मालाकार/ चिल्फी, साजा विकासखण्ड से ममता गायकवाड़ / अकलवारा, प्रतापराम वर्मा/ समुन्दवारा, दीपिका वर्मा/ खैरी, गिरिजा पटेल/ देवकर, नवागढ़ विकासखण्ड से यामिनी बर्मन / घठोली शामिल है। इन सभी विद्यालय में एससीईआरटी के निर्देशानुसार दो चरणों आकलन की गई। यदि ये सभी 23 शिक्षक शिक्षिका सम्पूर्ण मापदंडों में सफल हो जाते हैं। एससीईआरटी रायपुर के तरफ से स्नरह वारियर्स शिक्षक के रूप में सभी को 26 अप्रैल को सम्मानित किया जायेगा। निश्चित रूप से यह मापदंड बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षकों ने भी चुनौती को स्वीकार कर उसे भरपूर पूरा करने का प्रयास किया। जो विद्यालयों में आकलन पश्चात् देखने को मिली।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के कमल वर्मा पुनः निर्विरोध संयोजक चुने गए

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित की गई। इस प्रांत स्तरीय आमसभा में कमल वर्मा को पुनः निर्विरोध रूप से फेडरेशन का संयोजक चुना गया। फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी एवं जी. आर. चंद्रा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आमसभा में कमल वर्मा ने अपने बीते पांच वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारी हित में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईमानदार एवं समर्पित साथियों के सहयोग से फेडरेशन ने राज्य में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, केंद्र के समान महंगाई भत्ता, सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता जैसे कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। फेडरेशन के सचिव राजेश चटर्जी ने प्रबंध कार्यकारिणी के निर्णयों को आमसभा में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया। इसमें सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लिए एक प्रकोष्ठ गठित करने एवं बी. पी. शर्मा को उसका संयोजक नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया। इसके साथ ही, प्रांतीय संयोजक के पद पर पुनः कमल वर्मा को नियुक्त करने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसे विभिन्न संगठनों के प्रांतीय अध्यक्षों एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। इस प्रकार कमल वर्मा एक बार फिर फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक निर्वाचित हुए। फेडरेशन द्वारा आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में उत्तर रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा को उनके सराहनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया। अपने स्वागत भाषण में प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने फेडरेशन की गतिविधियों से उपस्थितजनों को अवगत कराया। पुरंदर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वे सदैव कर्मचारियों की मांगों के समाधान हेतु शासन एवं कर्मचारी संगठनों के बीच एक सेतु की भूमिका निभाते रहेंगे।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को जिले में सामाजिक समरसता के रूप में मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



शासन के निर्देशानुसार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को जिले में सामाजिक समरसता के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया और सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल से बैंकिंग एवं डिजिटल सेवा का शुभारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती की जिलेवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र की स्थापना की जा रही है, जहां 24 अप्रैल से आमजनों को बैंकिंग, डिजिटल सेवा, जन्म-मृत्यु, जाति, निवास प्रमाण पत्र आदि की सुविधा मिलेगी। इसके लिए ग्राम पंचायतों में सुव्यस्थित भवन की सुविधा की गई है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना का पैसा भी ग्राम पंचायतों से ही मिलेगा। कार्यक्रम में 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं च्वाईस सेंटरों के व्हीएलई को प्रतिकात्मक ओएमयू पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा किया जा रहा है। हमारी सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में हमने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा कर लिया है, इनमें पीएम आवास, किसानों, माताओं व बहनों को महतारी वंदन योजनांतर्गत प्रतिमाह 01 हजार रूपए देने सहित श्रीरामलला दर्शन योजना, पीएससी घोटाला की जांच, कृषि भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रूपए देने की घोषणा शामिल है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना फिर से शुरू की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने घटते जल स्तर पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को जल बचाने और जल के दुरूपयोग नहीं करने के लिए जागरूक होना होगा। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पात्र लोगों का सर्वे कराकर आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित किया। गृहमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्री विजय शर्मा ने ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल से बैंकिंग एवं डिजिटल सेवा शुरू करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### जनदर्शन सभाकक्ष में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित कार्य म में विधायक पुन्नूलाल मोहले, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी. एल. यादव, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक कार्य म में मौजूद रहे। कार्य म का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहले ने बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि आमलोगों को सुविधा देने के लिए ग्राम पंचायतों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक मोहले ने कहा कि पीएम आवास योजना के लिए अभी सर्वे चल रहा है। उन्होंने आवास योजना का पात्रतानुसार लाभ लेने के लिए आमलोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने जल का संरक्षण करने के लिए लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अभी जल को नहीं बचाएंगे, तो आगे की स्थिति में पानी का स्तर और नीचे चला जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का जीवन संघर्ष दो चीजों संवेदना और स्वयंवेदना पर आधारित है। बाबा साहेब ने अपने समय में कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाया। उन्होंने कहा कि हम सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के निवासी हैं और सबसे बड़ा संविधान यहां है। इस संविधान के शिल्पी बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि हम अपनी स्थितियों को सुधारने के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, तो उसका केवल शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है। यह बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की शिक्षा है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी संबोधित किया और बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# वाहन चालको एवं वाहन मालिकों की सड़क सुरक्षा संबधित बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक शक्ति अंकिता शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव (रा पु. से.) अनुविभागीय अधिकारी मनीष कुंवर (रा. पु. से.) द्वारा माल वाहक वाहनों के मालिकों व चालकों का मीटिंग आयोजित करने हेतु दिशा निर्देश प्राप्त होने पर थाना परिसर में थाना प्रभारी विंटन साहू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के मालवाहक वाहन (पिकअप, छोटा हाथी, ट्रेक्टर आदि) मालिकों और चालकों को आमंत्रित किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में हाल के दिनों में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस समस्या को रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सभी वाहन मालिकों और चालकों को अपने वाहनों के दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, आरसी बुक आदि हमेशा अद्यतन और वैध रखने, नशे मे वाहन नहीं चलाने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने, माल वाहक वाहन मे सवारी (लोगों को ) नहीं ले जाने की सलाह दी गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बैठक मे 150 करीबन वाहन मालिक एवं चालक उपस्थित रहे। इस बैठक को सड़क सुरक्षा और दुर्घटना रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी के इस प्रयास की सराहना की और सुरक्षित यातायात के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

# डॉ.भीमराव थे राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक : ओमप्रकाश जायसवाल

पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि सहित धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था।

वह वकील होने के साथ-साथ अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक भी थे। डॉ.भीमराव अंबेडकर को बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने छुआछूत और जातीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया था। डॉ.भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का वास्तुकार भी माना जाता है।

वह भारत के संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय पर आधारित संविधान की नींव रखी थी। बी आर अंबेडकर जयंती के मौके पर आप उनसे प्रेरणा ले सकते हैं। अन्य उपस्थित जनों ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किय। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णा प्रसाद गुप्ता, अजीत सिंह, दीनानाथ यादव, छोटेलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष लोधि राम एक्का,उपाध्यक्ष दिलीप सोनी एवं मंडल अध्यक्ष विजय सिंह सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# रिसामा में पोषण पखवाड़ा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



कुपोषण, एनीमिया और जन्म के समय कम वजन को दूर करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन ग्राम रिसामा के आंगनबाड़ी क्रमांक 1 में किया गया। जिसमें ग्राम की गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण एवं खानपान से संबंधित चर्चा की गई। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी उषा झा, पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमलता साहू, लीला ठाकुर, सहायिका के साथ-साथ के साथ-साथ ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में चर्चा के में बताया गया कि गर्भ के पंजीयन के बाद माता को अपने साथ-साथ अपने गर्भ के बच्चे का भी ध्यान रखना होता है अतः सही खान-पान, दोपहर में आराम, वजन निगरानी बहुत जरूरी है। विभाग द्वारा प्रदायित रेडी टू ईट का सही मात्रा में रोज लेना अनिवार्य है इसके लिए पहले से ही इसको छह भाग में बाट कर रख लेना चाहिए ताकि रोज का एक भाग अपने आहार में शामिल किया जा सके। इसके साथ ही आयरन एवं कैल्शियम की गोली अनिवार्य रूप से लेना है। रोज के खाने में संतुलित आहार लेना है। जिसमें अनाज, दाल, फ्ल, हरी सब्जियां, पत्तेदार सब्जियां और प्रोटीन युक्त पदार्थ दूध या दूध से बने पदार्थ अपने आहार में शामिल करना है। कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताएं कीर्ति देवांगन, कमलेश्वरी निषाद, पूजा साहू, भुवनेश्वरी निषाद, तूलेश्वरी साहू, ज्योति साहू, तारिणी तारक, नेमिन निषाद, लोकेश्वरी, त्रिवेणी विश्वकर्मा, इंद्राणी पटेल,शिशुवती माता में पेमिन निर्मलकर तथा अन्य हितग्राहियों में भावना निर्मलकर, बुधीयारीन, अंकलहीन, ओमेश्वरी साहू, राधा साहू, टिकेश्वरी, हनेश्वरी, मोहनी निषाद, निर्मला साहू आदि उपस्थित थी।

# भाजपा मंडल बम्हनीडीह द्वारा बनाया गया डॉ अम्बेडकर जयंती



पायनियर संवाददाता ∢ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी बम्हनीडीह मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत झर्रा एवं मोहगांव मे 'भारत रत्न' बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा/तैल्यचित्र मे माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना करके उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए किया गया संघर्ष किया इसको याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर कोटिशः शत शत नमन किया । भाजपा जिला मंत्री चेतन महंत ने उनसे जुड़े पंचतीर्थों को सहेजने के साथ ही बाबा साहेब के विचार व आदर्श को जन-जन तक प्रसारित करते हुए सच्ची श्रद्धा और निष्ठा व्यक्त की है इस अवसर पर भूपेश तिवारी ने भी बाबा साहब जी के जीवन परिचय बतलाते हुए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक समरसता और गरीबों व वंचितों के उत्थान हेतु कटिबद्ध है बतलाया एवं बाबा साहब जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शत शत नमन किया। इस अवसर पर दुकालू पटेल अध्यक्ष लखाली सोसायटी,तुलेश पटेल मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, धाजा केवट, परमेश्वर कर्ष, गनपत साहू, महेंद्र कुमार, घन्नू डडसेना एवं ग्रामीण और भाजपा के जेष्ट श्रेष्ट कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

# वक्फसंशोधन कानून पर जनजातीय समाज ने जताया आभार, रामलखन पैकरा बोले 'आदिवासी हितों की रक्षा का ऐतिहासिक कदम'

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वक्फ संशोधन कानून लाने पर जनजातीय गौरव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने गहरा आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसे आदिवासी समाज के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय बताया है। पैकरा ने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से अब संविधान की पांचवीं और छठवीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की किसी भी भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। इससे जनजातीय समुदायों की भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और उनकी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रशासनिक और न्यायिक पारदर्शिता को भी बढ़ावा देगा तथा लंबे समय से चल रहे भूमि स्वामित्व और अतिक्रमण संबंधी विवादों का समाधान करेगा। यह निर्णय जनजातीय बहुल क्षेत्रों में संतोष और सशक्तिकरण की भावना लेकर आया है। पैकरा ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू तथा जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव के प्रति भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इन सभी नेताओं की प्रतिबद्धता, नेतृत्व क्षमता और संवेदनशील दृष्टिकोण के कारण यह विधेयक संभव हो सका। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए कहा, आपके प्रयासों से देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और जनजातीय समाज को न्याय और अधिकार मिल रहा है। हम आपके प्रति आभार व्यक्त करते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में भी आपका स्नेह और समर्थन इसी प्रकार बना रहेगा।

# पुस्तक विमोचन सह सम्मान कार्यक्रम न्यू सर्किट हाउस रायपुर में शिक्षक गुलजार बरेठ हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com




राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका के शारदा, धर्मानंद गोजे, प्रीति शांडिल्य के संपादकीय और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के पैंतीस शिक्षकों द्वारा आपदा प्रबंधन एवं बचाव पर आधारित लिखित पुस्तक वेव्स ऑफ होप नेविगेटिंग डिजास्टर्स विद कॉन्फिडेंस का विमोचन न्यू सर्किट हाउस रायपुर में आपदा एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा किया गया। आपको बता दे कि राज्य के लगभग सभी जिलों से शिक्षकों का चयन कर इस पुस्तक को तैयार किया गया है जिनमें अचानक से होने वाले प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के प्रबंधन एवं बचाव पर विस्तृत लेखन किया गया है। यह पुस्तक लोगों में आपदाओं को समझने एवं बचाव साथ ही उसके प्रबंधन पर केंद्रित है। इस पुस्तक की खास बात यह भी है कि इसे क्यू आर कोड से स्कैन भी किया जा सकता है। जिसमें कोई भी आपदाओं को समझकर उसके बचाव एवं प्रबंधन को आसानी से समझ सकता है साथ ही साथ दृष्टि बाधित भी इस पुस्तक का उपयोग ऑडियो फॉर्म के रूप में कर सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी सभी लेखकों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया है। शिक्षकों के उक्त कार्यों के लिए आपदा प्रबंधन एवं राजस्व मंत्री के हाथों सभी शिक्षकों को मोमेंटो और पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। जांजगीर जिले से शिक्षक गुलजार बरेठ भी इस कार्यकम का हिस्सा रहे उन्होंने ग्रीष्म लहर और शीत लहर से बचाव पर लेख लिखा जिसे उक्त पुस्तक में स्थान मिला साथ ही उन्हें भी राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका के शारदा राव की उपस्थिति में मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। समाज को आपदा के प्रति जागरूक करने के लिए लिखित पुस्तक के लिए मंत्री द्वारा शिक्षकों का सराहना किया गया।

# कांशीगढ में आयोजित सवा लाख पार्थिव शिवलिंग अभिषेक, शिव महा पुराण कथा संपन्न





पायनियर संवाददाता ∢ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

ज्ञात हो कि सक्ती जिला के अंतर्गत ग्राम कांसीगढ़ के भाटापारा मोहल्ला बाजार पारा चौक में शिव महापुराण कथा गढ़ महामाई चंद्रहासिनी के पावन धरा में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग अभिषेक एवं एकादशी का उद्यापन का कार्यक्रम समस्त ग्रामवासी के द्वारा किया गया इस शिव पुराण की कथा को दूर-दूर से सुनने भगवान भोलेनाथ के सभी श्रद्धालु भक्त ने धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लिया हैं सबने अपने जीवन को कृतार्थ किया, पुण्य लाभ अर्जित किया अपने हाथों से शिवलिंग बनाकर अभिषेक कर शिव पुराण की कथा श्रवण किया शिव शंभु की महिमा अपार है। कथा व्यास धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के व्यास आचार्य पंडित दीपक दुबे ने अमृत रूपी कथा का रसास्वादन कराया गांव के सभी नारी शक्ति महिलाएं सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन आरती की थाल लेकर शामिल हुई प्रतिदिन भंडारा का आयोजन सबने मिलकर किया। वहीं संगीत मय शिव महापुराण कथा में मुंगेली के संगीत टिम भक्ति की शक्ति मानस मंडली द्वारा बड़े ही सुंदर ढंग से गीत गायन वादन किया गया सभी श्रद्धालु भक्तिपूर्वक कथा श्रवण किए।

### कांग्रेस तो बाबा साहब अंबेडकर को संविधान सभा की ड्राफ्ट कमेटी का चेयरम नहीं बनना चाहती थी : राकेश यादव

# अटल जी की सरकार में डॉ अंबेडकर को भारत रत्न का सम्मान दिया गया : चेमन देशमुख

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com







भारतीय संविधान शिल्पी, महान अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती पर भाजपा जिला बालोद द्वारा बुथ से जिला स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पार्टी द्वारा आहूत कार्यक्रमों की श्रृंखला रखी गई है। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा के चुनाव में एक लाल किताब दिखाकर संविधान का रक्षक होने का दावा कर कांग्रेस ने एक नॉरेटिव सेट करने का काम किया था आरक्षण खत्म कर देने का झूठ तक फैलाया कांग्रेस आरक्षण की घोर विरोधी है जबकि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी ने आरक्षण का समर्थन किया उन्होंने कहा कि संसद के केंद्रीय कक्ष में स्वाधीनता सेनानी और संविधान निर्माण में सहयोग करने वाले वरिष्ठ नेताओं के चित्र लगे हुए हैं। लेकिन डॉ अंबेडकर का चित्र कांग्रेस और तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने नहीं लगने दिया जब स्व अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री बने तब वहां डॉ. अंबेडकर का चित्र लगा अटल जी के प्रतिनिधित्व काल में ही डॉक्टर अंबेडकर को भारत रत्न का सम्मान दिया गया।

### बुथ स्तर पर बाबा साहब का चित्र रखकर माल्यार्पण किया गया

जिला भाजपा महामंत्री एवं उक्त कार्यक्रमों के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव ने बताया कि 13 अप्रैल को जिले के सभी बाबा साहेब की प्रतिमाओं एवं प्रतिमा स्थलो पर स्वच्छता अभियान किया गया साथ ही 13 तारीख को रात को मूर्ति स्थलों पर दीप उत्सव किया गया 14 तारीख को प्रातः से ही अंबेडकर जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया गया व उनकी जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा मिष्ठान वितरण कर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जहां प्रतिमाया नहीं थी वहां पर बुथ स्तर पर बाबा साहब का चित्र रखकर माल्यार्पण किया गया। इसी दौरान संविधान की प्रस्तावना का वचन भी किया गया। इसके बाद भाजपा के वक्ताओ ने कांग्रेस बनाम भाजपा और डॉ आंबेडकर के अपमान बनाम सम्मान विषय पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व नागरिकों के बीच जानकारी रखी 15 से 25 अप्रैल तक भाजपा अनुसूचित बस्तियों में जाएंगे और वास्तविकता तथा यथार्थता के आधार पर हर चौखट पर जाकर बताएंगे कि डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान कांग्रेस ने क्यों किया और डॉक्टर अंबेडकर का सम्मान भाजपा ने कैसे किया कांग्रेस ने डॉक्टर अंबेडकर का अपमान और भाजपा ने डॉक्टर अंबेडकर का सम्मान करने के लिए क्या-क्या काम किया यह बात हर अनुसूचित जाति परिवार की चौखट तक पहुंचाया जाएगा।

### दीक्षाभूमि नागपुर में बनवाया स्मारक

भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश सदस्य अश्वन बारले ने कहा कि डॉ आंबेडकर के निधन उपरांत उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में ना हो इसके लिए कांग्रेस से पूरा जोर लगाया और परिवार को उनका शव लेकर मुंबई जाने के लिए बाध्य किया उनका मुंबई जाने के लिए विमान तक कांग्रेस ने उपलब्ध नहीं कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने पंच तीर्थ विकसित किया उनके जन्म भूमि महू, शिक्षा भूमि लंदन में मोदी सरकार ने बाबा साहेब अंबेडकर का स्मारक बनवाया, दीक्षाभूमि नागपुर में स्मारक बनवाया दिल्ली स्थित परी निर्माण स्थल को भी मोदी सरकार ने स्मारक के रूप में स्थापित किया और मुंबई की चैतन्य भूमि जहां डॉक्टर अंबेडकर का अंतिम संस्कार हुआ था। लाखों लोग वहां हर साल पहुंचते हैं स्टैचू ऑफ क्वालिटी बनाने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। निवर्तमान खेरथा मंडल अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती भारत के अलावा 120 देश में मनाई गई। 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया गया। डॉक्टर अंबेडकर की जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया। इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में डॉ. अंबेडकर के सम्मान में किए गए कार्यों की भी चर्चा की। उन्होंने संविधान की दुहाई देती कांग्रेस के संविधान विरोधी आचरण और कृतियों पर भी प्रकाश डाला।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई



**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर आधारित भाषण, कविताएं प्रस्तुत किए, जिसमें उनके संघर्षों, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को दर्शाया गया। विद्यालय की प्राचार्य डॉ बसंत तिवारी ने अपने संबोधन में कहा, डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार हैं। उनके विचार आज भी हमें समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे की प्रेरणा देते हैं। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबासाहेब के विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

# शांति देवी मेमोरियल सोसायटी द्वारा संचालित निशुल्क शीतल शरबत मंदिर का पूर्व मंत्री ने किया विधिवत शुभारंभ

## पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने टी. पी. नगर कोरबा में शीतल शरबत मंदिर का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा विधानसभा के पूर्व विधायक कार्यालय टी.पी. नगर कोरबा के सामने शीतल शरबत का विधिवत शुभारंभ पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया। जयसिंह अग्रवाल की ओर से शांति देवी मेमोरियल सोसाइटी इसका संचालन करेगा। शीतल शरबत मंदिर का विधिवत शुभारंभ जयसिंह अग्रवाल ने राहगीरों को शरबत पीलाकर किया। जयसिंह अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि गर्मी के मौसम में प्यास से बेहाल लोगों को शीतल पेयजल व शीतल शरबत उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। यह कोरबा का प्रमुख मार्ग है और अब यहां पर राहगीरों को इस गर्मी के मौसम में प्रतिदिन शीतल शरबत मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त स्थल पर प्रतिवर्ष शीतल जल व शीतल शरबत का निःशुल्क वितरण कराया जाता है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बताया पिछले कई वर्षों से शीतल शरबत मंदिर का अच्छा प्रतिसाद मिला। लोगों ने इस पुनीत कार्य को नेक कार्य बताया और इस नेक कार्य की क्षेत्रवासियों ने सराहना की। इस मौके पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद कहा कि जलदान ही महादान की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा अपने क्षेत्र में शीतल शरबत मंदिर का संचालन कराया जा रहा है। जो समाज के लिए एक अनुकरणीय सेवा कार्य है। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने बताया कि प्रतिदिन यहां भिन्न-भिन्न फ्लेवर के शरबत का वितरण कराया जाता है। जिसमें मैंगो, ऑरेंज, नींबू, चीकू, अनानास आदि फ्लेवर होते है। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने बताया कि किसी प्यासे को पानी पिलाना परोपकार और मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की गर्मी के मौसम में यह अनूठी पहल सराहनीय है। क्षत्रिय राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहा कि शीतल शरबत मंदिर का संचालन करना अपने आप में एक पुण्य कार्य है। उक्त स्थल पर प्रतिदिन हजारों लोगों की प्यास बुझेगी और सभी पूर्व विधायक जयसिंह अग्रवाल को दिल से धन्यवाद देंगे। इस मौके पर पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, पार्षद मुकेश राठौर, बद्री किरण, अनुज जायसवाल, नारायण कुर्रे, सुभाष राठौर, सुखसागर निर्मलकर, अविनाश बंजारे, इंटक अध्यक्ष विकास सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महिला अध्यक्ष पुष्पा पात्रे, पूर्व पार्षद मनक राम साहू, पालूराम साहू, गंगाराम भाराद्वाज, रवि खुंटे, लक्ष्मीनारायण देवांगन, बृजभूषण प्रसाद, प्रदीप जायसवाल, रमेश वर्मा आदि ने भी इस पुनीत कार्य की सराहना की । इस मौके पर प्रदीप पुरायणे, एफडी मानिकपुरी, शांता मंडावे, विनोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, बसंत राम टण्डन, संतदास दिवाकर, मनोज अनंत, अरविंद पाण्डेय, शशि अग्रवाल, रवि खुंटे, लक्ष्मी महंत, गिरधारी बरेठ, सीमा कुर्रे, जया लहरे, श्याम खुंटे, मंदोदरी टंडन, पार्वती जांगड़े, द्रौपति तिवारी, संगीता जांगड़े, राखी श्रीवास, राम कुमार राठौर, आबिद अख्तर, तुलसी उइके, शिव कुमार भट्ट, आशीष अग्रवाल, लखन लाल सहिस, दीपक टण्डन, प्रहलाद बंजारे, गणेश राम खुंटे, छत्रपाल कुर्रे, गोपाल यादव, डॉ. रामकुमार माथुर, विवेक श्रीवास, मिनी केतन गबेल, गुलशन साहू, नवरतन सिंह, पंचराम निराला, विजय आनंद, राजेन्द्र चौहान, अमित पन्ना, सहित भारी संख्या में आमजन उपस्थित थे ।

# तांदुला नहर मे सेलूद के पास डूबे दो युवक का दूसरे दिन भी पता नहीं चला

## एसडीआरएफ की टीम लगातार कर रही खोजबीन

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग के तीन युवक कार द्वारा धमतरी गंगरेल बाँध सैर सपाटे के लिए निकले थे। वहाँ अंगार मोती गंगरेल बांध व बिलाई माता का दर्शन करके वापस अपने घर दुर्ग लौट रहे थे। ग्राम सेलुद के गांधी चौक के पास तांदुला नहर बहती है। अभी गांवों के तालाबों को निस्तारी पानी देने के लिए नहर में लगभग 8 फुट पानी तांदुला बांध से नहरो में छोड़ा गया है। लगभग चार बजे के आसपास सेलुद पहुँचने पर गर्मी का दिन और बहती पानी को देखकर तीनों दोस्तों के मन में ख्याल आया कि पानी के किनारे बैठकर बहते पानी का आनंद लिया जाय। लेकिन इन लोगों ने ऐसे स्थान को बैठने का जगह चुना जहाँ पर पानी में उतरने के लिए कोई सीढ़ी नहीं बनी थी । इसी कारण एक दोस्त का पैर पानी में फिसल कर बहने लगा उसे दुसरा दोस्त बचाने की कोशिश में पकड़ने लगा लेकिन दोनों को तैरने नहीं आता था इसलिए नहर में बहने लगे। एक दोस्त कार में बैठ कर मोबाइल से बात कर रहा था दोनों दोस्तों को बहते देखकर आसपास बचाने आवाज़ लगाया जब तक ग्रामीण आते तब तक दोनों दोस्त पानी में बह गये। जिनका अभी तक कोई पता नहीं चला। मौके पर पाटन के आला अधिकारियों के साथ उत्तई पुलिस व एसडीआरएफ की टीम लगातार खोजने का प्रयास कर रही है। ग्रामीणों व राहगीरो की भीड़ पुल के पास लगी है लेकिन जब तक तांदुला बांध से पानी बंद नहीं कराया जायेगा तब तक दोनों युवको की बाडी मिलने की संभावना नहीं लग रही है। तांदुला बांध से पानी कम कर दिया गया है लेकिन सेलुद में जल स्तर कम होने लगभग 12 घंटे का समय लगने की बात विभाग के अधिकारी का कहना है। जानकारी के मुताबिक बहने वाले युवक का नाम नंदकिशोर ध्रुवे पता आदर्श नगर कसारीडीह दुर्ग का रहने वाला है साथ ही दुसरे साथी का नाम प्रहलाद यादव धनोरा का रहने वाला है। सेलूद नहर मेन तादुला नहर में बह गया है। जिसकी तलाश जारी है। वही कार में बैठे वर्मा युवक ने दोनों के बहने की जानकारी दी। उतई पुलिस दोनों युवक की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ के साथ संयुक्त अभियान चला रही है।

# सविता बनी राष्ट्रीय सचिव

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



जागरूक, सरल स्वभाव और परिश्रमी कार्यशैली एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहन की क्षमता को देखते हुए समाज के सर्वांगीण विकास हेतु आपको सर्व स्वर्णकार महासंगठन के आजीवन सदस्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल कृष्ण सोनी एवं महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष बालेन्दु सोनी एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने राष्ट्रीय सचिव (छत्तीसगढ़) का पदभार सविता सोनी (गुप्ता) को सौंपा है। आप अपनी जागरूकता के साथ अपनी कर्मठता को दर्शाएं इन्हीं आशाओं के साथ शुभकामनाएं दी। सविता गुप्ता के जागरूक सरल स्वभाव और परिश्रमी कार्य शैली तथा सामाजिक दायित्व के प्रति जिम्मेदारी को देखते हुए तथा प्रादेशिक स्तर पर अत्यधिक सफल कार्यकाल को देखते हुए राष्ट्रीय सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल कृष्ण स्वामी एवं महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष बालेंदु सोनी तथा समस्त कार्यकारिणी की सहमति से जारी की गई है। इनकी नियुक्ति से जन्म स्थान बलौदाबाजार और रायपुर महिला स्वामी समाज में हर्ष का माहौल है तथा छत्तीसगढ़ की समस्त महिला सोनी समाज पहले से और ज्यादा कार्यशैली को बढ़ाते हुए समाज को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। सविता गुप्ता न सिर्फ सोनी समाज वरन कई विभिन्न संगठनों में भी जुड़कर निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज में अपना योगदान देती हैं और हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए महिला सशक्तिकरण पर प्रेरित करने का काम करती है। बलौदाबाजार सोनी समाज ने सविता सोनी के राष्ट्रीय सचिव बनने पर बधाई दी। बधाई देने वालों में रमाशंकर सोनी सुरेश सोनी अशोक सोनी कैलाश सोनी पुरुषोत्तम सोनी केशव सोनी बंटी सोनी अनिल सोनी मनोज सोनी भारत सोनी आदि समाजजन लोगों ने बधाई दी।

# संविधान निर्माता डॉ अम्बेडकर की जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी का 134 वा जयंती शहर के पिकरी वार्ड 1 मे मनाया गया। जहां डॉ.अंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने अपनी बात रखी, इस अवसर पर स्कूली बच्चों को अध्ययन सामग्री का वितरण भी किया गया। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले डॉ आंबेडकर को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है, बाबा साहब केवल एक नेता नही थे बल्कि एक उम्मीद थे करोड़ों ऐसे लोगो के लिए जिन्हे समाज ने हासिए पर धकेल दिया था। बाबा साहब संविधान निर्माता के साथ साथ समाज सुधारक भी थे, उनका सिद्धांत था कि समाज को आगे तभी बढ़ाया जा सकता है जब समाज शिक्षित होगा। बाबा साहब ने जातिप्रथा पर विरोध करते हुए कहा था कि इंसान महान अपने विचारो और कार्यो से होता है न की जन्म से। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में वर्तमान सरकार संविधान को समाप्त करना चाह रही है जिसे बाबा साहब के संविधान को मानने वाले लोग कभी स्वीकार नही करेंगे। कार्यक्रम को टीआर जनार्दन, शकुंतला मंगत साहू, डिंडोरे, मनोज शर्मा, ठाकुर प्रसाद जोशी, रीता पांडे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस, रश्मि मिश्रा, राजू साहू, गोलू साहू, प्रकाश ठाकुर, लक्ष्मी डेहरे, रोमन वर्मा, पप्पू साहेब, नारायण छाबड़ा, चंदू शीतलानी, विकाश चौबे, योगिता साहू, रुबी सलूजा, हेमीन यादव, राघवेंद्र मनु, श्रीराम यदु, ओमप्रकाश साहू, नेमसिंग वर्मा, सहोद्रा नवरंगे, गायत्री डेहरे, श्रीराम वर्मा, सूरज वर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार सहायता संघ ने हनुमान जन्मोत्सव में किया प्रसाद वितरण



पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

मानवाधिकार सहायता संघ अंतरराष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू सिंह भारत के निर्देशानुसार एवं रामू राव प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के राजकुमार मोदी जिला अध्यक्ष कोरबा की टीम द्वारा श्री शिव, हनुमान मंदिर, पावर हाउस रोड कोरबा में प्रातः 11.00 बजे पूजा आरती कर भोग लगाया गया। तत्पश्चात दोपहर 2.30 बजे तक श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर लगभग 2000 भक्तों और राहगीरों को प्रसाद एवं जल का वितरण किया गया एवं उपस्थित सदस्यों को प्रसाद का पैकेट प्रदान किया गया।

उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम, कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सजन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल अशोक अग्रवाल, राज सिंघल, प्रमोद अवस्थी, विनय मोदी, जितेंद्र पांडे, मोनू पालीवाल, विद्या अग्रवाल, मंजू मोदी एवं अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# शिवसेना ने रामनवमी शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शिवसेना छत्तीसगढ़ उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊ राम चौहान ने कहां की जिला मुख्यालय बेमेतरा में रामनवमी शोभा यात्रा डीजे एवं बाजे, गाजे, व झांकी के साथ बड़ी धूमधाम से रामनवमी शोभा यात्रा निकाली। यह कार्यक्रम प्रदेश सचिव एवं जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊ राम चौहान व जिला प्रमुख गिरवर रजक के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ बेमेतरा नगर में झांकी का प्रदर्शन करते हुए रामनवमी शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें जिला उप प्रमुख ईश्वर साहू, जिला महासचिव डोमेन्द्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राजपूत, जिला सचिव सुनील सेन, नवागढ़ उपाध्यक्ष भुजेंद्र वर्मा, नवागढ़ ब्लॉक प्रमुख कुलदीप आडिल, टिकेश्वर वर्मा, पंचराम मंडल, रामप्रसाद रजक, भुवनेश्वर निषाद, रामेश्वर निषाद, अमरीश वर्मा, संजय आदिल, महेंद्र लहरे, हरीश लहरे, एवंन लहरे, राजा साहू, ओम प्रकाश साहू, केदार साहू, पंच संतराम साहू, दिनेश साहू, पंचू टंडन गार्रा एवं समस्त जिला बेमेतरा से उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के समस्त शिव सैनिक गण उपस्थित रहा एवं बेमेतरा नगर व जिला से गण माननीय आम जनता भी प्रभु रामचंद्र जी का रामनवमी शोभायात्रा में उपस्थित रहा।

# बीएसपी प्रबंधन को संघ ने बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए दो समय पानी देने का ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



खदान मजदूर संघ भिलाई से संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ दल्लीराजहरा के नेता मुश्ताक अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बीएसपी प्रबंधन को संघ द्वारा बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए हर वर्ष की तरह दो टाईम पानी देने का लिखित ज्ञापन सौंपा गया था।

लगभग एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बीएसपी प्रबंधन के नगर प्रशासन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है जबकि हर वर्ष अप्रैल महीने से पूर्व ही टाउनशिप में दो टाईम पानी देना शुरू कर दिया जाता था। किन्तु ऐसा लगता है कि नगर प्रशासन विभाग द्वारा जानबूझकर कर्मचारियों को और नगर की आमजनता को परेशान किया जा रहा है क्योंकि बीएसपी नगर प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी दल्लीराजहरा में निवास नहीं करतें वो भिलाई से आना जाना करते हैं इसलिए उनको राजहरा खदान के कर्मचारियों की समस्या से कोई लेना-देना नहीं होता है। भीषण गर्मी में कर्मचारियों को पानी की किल्लत से जूझते देखा जा सकता है। नगरवासियों को भी पानी की आवश्यकता है मगर नगर प्रशासन विभाग तो कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। लिखित आवेदन देने पर भी किसी प्रकार की कार्यवाही का न करना बहुत ही चिंताजनक है। बीएसपी प्रबंधन के उच्च अधिकारियों द्वारा भी नगर प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा मनमानी में किसी भी प्रकार का अंकुश नहीं लगाना भी बहुत सी प्रश्नों को खड़ा करता है। खदान में टारगेट से ज्यादा प्रोडक्शन देने वाले नियमित कर्मचारियों को जानबूझकर कर पानी नहीं देना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थिति में नगर प्रशासन विभाग में सिर्फ उन्हीं कार्यों को किया जा रहा है, जिसमें कुछ विशेष लोगों को ही लाभ मिलता है।

नियमित कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है नियमित कर्मचारियों को सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। आज की स्थिति में तो अब नियमित कर्मचारी नगर प्रशासन विभाग जाना भी बंद कर दिए हैं, क्योंकि अब उन्हें पता चल चुका है कि नगर प्रशासन विभाग अब सिर्फ हाथी का दांत बनकर रह गया है। यहां काम सिर्फ उन्हीं का किया जा रहा जिनका काम यह करना चाहते हैं। बाकि नियमित कर्मचारियों की किसी भी समस्या का समाधान इस विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस विभाग में परिवर्तन करने के लिए सभी यूनियनों द्वारा उच्च अधिकारियों को भी बोला जा चुका किंतु स्थिति जब की तस बनी हुई है।

# जस झांकी प्रतियोगिता व रामायण सम्मेलन में शामिल हुए योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के ग्राम कुम्हीं, ग्राम खुड़मुड़ी और ग्राम हरदी में आयोजित जस झांकी प्रतियोगिता एवं रामायण सम्मेलन के धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने विशेष अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। इन आयोजनों में ग्रामीणों के उत्साह, युवाओं की सहभागिता और सामाजिक समरसता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। योगेश तिवारी ने सभी आयोजनों में भाग लेकर भगवान राम की आरती, प्रसाद वितरण और संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। योगेश तिवारी का प्रेरणादायक उदबोधन जस गीत और रामायण पाठ हमारी सांस्कृतिक विरासत के जीवंत उदाहरण हैं। ये न केवल भक्ति का माध्यम हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा का मार्ग भी दिखाते हैं। युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़कर समाज के उत्थान में भागीदार बनना चाहिए। कार्यक्रम में तिवारी ने ग्रामीणों और युवाओं से संवाद कर धार्मिक आयोजनों को एक सकारात्मक सामाजिक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। मंच पर उपस्थित अन्य मुख्य अतिथि दीपेश साहू (विधायक बेमेतरा), सीमा टिकरिहा ( जनपद सदस्य), लखन चक्रधारी, प्रवीण परगनिहा (जनपद सदस्य), सपना सुनील देशलहरे ( सरपंच हरदी), ईश्वरी साहू (उपसरपंच हरदी), अशोक पांडेय, भूलुराम वर्मा, राजेश पाल, निशा वर्मा (सरपंच), कुम्हीं, तिलोचन वर्मा ( अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सिलघट), जागेश्वरी वर्मा, शुभम साहू, कमलनारायण पटेल, यशवंत साहू, नरेंद्र साहू, विजय वर्मा, खिलावन साहू, दूजेराम साहू, पुनाराम निर्मलकर, माखन निर्मलकर, गजाधर सिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं युवाजन उपस्थित रहे। इन आयोजनों से यह स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण क्षेत्र आज भी धर्म, संस्कृति और परंपरा के गहरे सूत्र में बंधे हुए हैं। योगेश तिवारी की सक्रिय उपस्थिति ने ग्रामीणों के बीच नया उत्साह और जागरूकता का संचार किया।

## बाबा साहब की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद दी श्रद्धांजलि

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर बाबा साहब भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार : जय सिंह अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com





डॉ. भीमराव जी अम्बेडकर बाबा साहेब लोकप्रिय, भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित एवं बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे।

उक्त कथन पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने डॉ. अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कही। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के शोध कार्य में ख्याति प्राप्त की। जीवन के प्रारम्भिक कैरियर में वह अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत की। बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में बीता। 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। 1990 में, मरणोपरांत उन्हे भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थु लाल यादव ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जीवन सामाजिक चिंतन पर आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्र होते ही पं. जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में बनी सरकार में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री का पद संभाला था। उन्होने आगे बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर पूरी शक्ति से जीवन भर सामाजिक उत्थान व विकास के लिए कार्य करते रहे। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि वे हर समाज के प्रेरक थे। उनका दर्शन सामाजिक चिंतन पर ही आधारित था। सामाजिक समानता, मौलिक अधिकार, मानवीय न्याय, समाजवाद तथा देश की एकता के लिए संघर्ष के पथ में उन्होने अपने प्राणों की आहूति भी दी। कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि सच्चे अर्थों में डॉ. अम्बेडकर एक महामानव, सच्चे देश भक्त और महान मानवतावादी थे। सेवादल प्रमुख प्रदीप पुरायणे, कांग्रेस एस.सी. प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पुष्पा पात्रे, संतदास दिवाकर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, एफ डी मानिकपुरी, पार्षद मुकेश राठौर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, महामंत्री लक्ष्मी नारायण देवांगन, इंटक अध्यक्ष विकास सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज सेवा दल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, गजानंद साहू, रवि खुंटे ने भी सम्बोधित किया। इन्होने बताया कि डॉ साहब जहॉ भी सम्मेलनों व सभाओं को सम्बोधित करते जय भीम के ऊंचे नारों से गगन (आसमान) गूंज उठता था। जिला कांग्रेस कार्यालय के बाद ओपन थियेटर पहुंचकर वहॉ स्थापित डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया और जय भीम के नारे लगाये गये। इन दोनो मौके पर अनुज प्रसाद जायसवाल, शांता मंडावे, रवि खुंटे, लखनलाल सहीस, बद्री किरण, मनोज अनंत, सीमा कुर्रे, छत्रपाल कुर्रे, शशि अग्रवाल, लक्ष्मी महंत, द्रौपती तिवारी, गिरधारी बरेठ, गंगाराम भाराद्वाज, विनोद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक टंडन, गणेश राम खुंटे, सुभाष राठौर, सुखसागर निर्मलकर, अनुज जायसवाल, बृजभूषण प्रसाद, विवके श्रीवास, रमेश वर्मा, अरविंद पाण्डेय, गौरी चौहान, सीमा उपाध्याय, शांता मण्डावे, रामकुमार राठौर, आबिद अख्तर, पालुराम साहू, मनकराम साहू, प्रदीप जायसवाल, अमित पन्ना, प्रहलाद बंजारे, गोपाल यादव, मिनीकेतन गबेल, पंचराम निराला, विजय आनंद, राजेन्द्र चौहान, शिवकुमार भट्ट, तुलसी उइके, मनहरण राठौर (इंटक) कृष्ण कुमार साहू, बसंत टंडन, राखी श्रीवास, संगीता जांगड़े, जया लहरे, श्याम बाई खुंटे, मंदोदरी टंडन, पार्वती जांगड़े आदि सहित कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दाढ़ी में सोन सिर बाई के स्मृति में प्याऊ घर का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वैशाख शुक्ल प्रथम दिवस को स्वर्गीय सोन सिर बाई की स्मृति में श्री राम मंदिर ट्रस्ट गिधवा के तत्वाधान में दाढ़ी में डॉ दुबे अस्पताल के सामने प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया।

जिसमें फूलसिंह चंद्राकर शिशिर दुबे रामकुमार चंद्राकर सुदर्शन चंद्राकर अजय यादव सहित नगर वाशी उपस्थित रहे।

# जीवदायिनी शिवनाथ नदी के प्रवाह को ग्रीष्मकालीन सूखे के प्रभाव से बचाना है तो उठाना पड़ेगा कड़े कदम

## कृषि विभाग कि जनजागरूकता अभियान, ग्रीष्मकाल में अधिक पानी लेने वाले फसल ना लेवे

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भीषण गर्मी के अंतर्गत प्रकृति से प्राप्त अनमोल धरोहर को सजीव जगत के कल्याण के लिये संरक्षित करके रखना सबसे अधिक आवश्यक है। जिसके अंतर्गत जिले के सीमा होकर गुजरने वाले जीवनदायिनी शिवनाथ नदी (सदानीरा) को (सूखे) के प्रवाह से बचाने हेतु प्रशासन को ठोस कदम उठाना सबसे अधिक अनिवार्य है ताकि इनके भर्राशाही व अनियमितताओं पर नियंत्रण कसा जा सके।

**ग्रीष्मकालीन में सबसे अधिक पानी खीचने वाले फसलों के कृषि पर रोक लगे** - जानकारों के अनुसार ग्रीष्मकालीन फसलों मे धान का फसल सबसे अधिक पानी खीचता है। इस पैमाना इस बात से लगाया जा सकता है कि यह 1 किलो धान पक कर तैयार होने के लिये 5000 लीटर पानी कि पूर्ति करना पडता है। जबकि इसके तुलना मे गेहूँ के फसल मे बहुत कम पानी लगता है। अंतर इसमें इतना होता है कि धान एकड एकड मे 25 क्विंटल होता है तो गेहूँ 5 क्विंटल इस कारण वर्तमान समय मे ग्रीष्मकालीन फसलों के अंतर्गत अंचल में धान की खेती सबसे अधिक किया जा रहा है, जिसमें पानी का बेहिसाब दोहन होता है। इसकी जगह ऐसे फसलों को प्राथमिकता दिया जावे जिसमें पानी कम मात्रा में प्रयोग होता है। इस हेतु कृषि विभाग को जनजागरूता फैलाने हेतु आदेशित करने किया जाना चहिये।

**बोरपंप के जरिये 24 घंटे नदी से पानी खींचा जाना** - नदी के किनारे बेहिसाब अवैध बिजली कनेकशन लगाकर बोर पंप के जरिये 24 घंटे लाखो लीटर पानी खींचा जा रहा इसे तत्काल रोका जावे।





**सम्बन्धित विभाग का लचर रवैय्या** - जल संसाधन विभाग (पी.एच.ई) व माईनिंग विभाग सोया हुआ है, इनकी निष्क्रियता के चलते कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा प्रतिवर्ष एनीकट को खोल दिया जाता है और नदी का पूरा पानी बह जाता है इस पर तत्काल रोका लगाया जावे। इस हेतु जल संसाधन व माईनिंग विभाग (पी.एच.ई) को कड़ा निर्देश जारी किया जाना चहिये।

**बचे हुये नदी के एनीकेट से पानी को संरक्षण पर ध्यान नही दिया गया तो सूखे का भयावह स्थिति** - वर्तमान में कुम्हार खान एनीकट में पानी बचा हुआ जिसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है। यदि इस एनीकट को खोल दिया जाता है तो पूरा इलाका भयंकर सूखे की चपेट में आ जायेगा। इसे बचाने हेतु तत्काल आदेश जारी किया जाना चहिये। ध्यान नही दिये जाने के ही कारण मंदकू दीप का एनीकट खोल दिए जाने के चलते आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर लेबल 500 फीट नीचे चला गया है, जिससे भारी जल संकट कि स्थिति पैदा हो गया है। अतः इस पर कड़ी कार्यवाही किया जावे।

**नदी किनारे स्थित विभिन्न बड़ी औद्योगिक ईकाइयां स्वयं का जलाशय निर्मित करे** - ग्रीष्मकाल में नदी में सूखे को ध्यान में रखते हुए जिले में जितने भी औद्योगिक इकाइयाँ हैं। उन्हें अपने स्वयं का बांध बनाने हेतु निर्देशित किया जावे ताकि वे अपने उपयोग का पानी खुद संग्रहित करे व नदी जैसे जीवदायिनी पानी के स्त्रोतों के अस्तित्व को बेमौत मरने से बचाया जा सके।

**अवैध उत्खनन पर लगाम लगाया जावे** - जिले की नदियों में हो रहे रेत के अवैध खनन को रोका जावे। चूँकि रेत माफिया क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं और नदी की पानी को खाली कर रेत का उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इनके द्वारा रेत को डम्प करके रखा जाता है और बरसात में कई गुना रेट पर बेचा जाता है। इस पर तत्काल रोक लगाया जावे।

> नदी किनारे जितने भी अवैध बोरपंप लगाकर पानी खीच रहे है विभाग उन पर बहुत जल्द कार्यवाही किया जायेगी।
> **-अकल्सेन केल्स**
> ग्रामीण विद्युत सहायक अभियंता

# सिसकोल ने छत्तीसगढ़ में 3,000 नौकरियों और बढ़ते मानव संसाधन के जरिए इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्टील सेक्टर में अपनी विरासत रखने वाले क्षेत्र में, स्टील इंफ्रा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (सिसकोल) एक सशक्त परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसने छत्तीसगढ़ को आधुनिक रोजगार, कौशल विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर में नवाचार का एक उभरता हुआ केंद्र बना दिया है। आज एक मीडिया राउंडटेबल की मेजबानी करते हुए, सिसकोल ने विकास, सशक्तिकरण और भारत की कुछ सबसे प्रतिष्ठित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में इसके योगदान की आकर्षक कहानी साझा की है। सिसकोल ने अपने परिचालन में 3,000 से अधिक कर्मियों को रोजगार दिया है जिसमें फैब्रिकेशन स्टाफ से लेकर कॉन्ट्रैक्ट कामगार, परियोजना प्रबंधन प्रोफेशनल और टेक्नोक्रेट तक शामिल हैं। सिसकोल ने वित्त वर्ष 2019 से 2024 के दौरान 28.75% की प्रभावशाली चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ मजबूत राजस्व वृद्धि दर्ज की है। भिलाई एक महत्वपूर्ण रोजगार केंद्र के रूप में विकसित हुआ है, जिसने 2,500 से अधिक कामगारों को रोजगार दिया है और पूरे छत्तीसगढ़ में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आजीविका अवसरों को बढ़ावा दिया है। कंपनी ने 2027 तक 1,270 नई नौकरियां देने का अनुमान लगाया है, जो समावेशी और सतत क्षेत्रीय विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। सिसकोल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रवि उप्पल ने कहा, हमारे द्वारा बनाई गई प्रत्येक संरचना में छत्तीसगढ़ की भावना, इंजीनियरिंग की सटीकता और प्रगति का वादा है। हम केवल इस्पात संरचनाओं का डिजाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण और स्थापना नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम हम ज़िंदगियाँ संवार रहे हैं, आजीविकाओं को सशक्त बना रहे हैं, और भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को तेज कर रहे हैं।

# भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर का जयन्ती पर दक्षिण विधायक, सभापति, संस्कृति विभाग अध्यक्ष व आमजनों ने किया सादर नमन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर को उनकी जयन्ती पर नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से राजधानी शहर के महंत घासीदास संग्रहालय के समीप स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष जयन्ती कार्यक्रम रखा गया। नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा रखे गए संक्षिप्त और गरिमामयी जयन्ती आयोजन में पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, नगर निगम रायपुर के पूर्व पार्षद सुनील वान्द्रे और नगरवासी विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों, श्रमवीरों, अधिकारियों, कर्मचारियों, आमजनों ने सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर को जयन्ती पर प्रतिमा स्थल में उनका सादर नमन किया।

# प्राचीन दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से निकली भव्य शोभा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित 17वां वर्ष हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष हनुमान जनमोत्सव शनिवार पढ़ने की वजह से भक्तों में हनुमान जी के प्रति और भी अधिक भक्ति भाव देखा गया। मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने बताया की श्री हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विशेष रूप दुर्ग से बुलवायी गयी भगवान श्रीराम भक्त हनुमान जी की मूर्ती रथ पर सवार झांकी ने अनेक लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया, भक्तिमय डी.जे. धुन पर नाचते झूमते हुए जय जय सियाराम के नारे लगाते महिला,पुरुष, युवा ने खूब आंनद उठाया, आस्था प्रकट की। मंदिर प्रांगण में पूजन हवन के पश्चात भंडारा रखा गया था, जिसमे हज़ारो लोगो ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। संध्या 8: बजे सैकड़ो दिये से हनुमान जी की महाआरती की गयी एवं संगीतमय धुन में सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हुआ, लल्लू महराज एवं अंशु महराज की भजन मंडली द्वारा देर रात्रि तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान भजन की प्रस्तुती ने भक्तो का मन मोहित कर दिया। मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने श्री हनुमान जन्मोत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को सफल बनाने समिति सदस्यों एवं आयोजन में पधारे समस्त माताओ, भाई, बहनों, युवा भक्तो का आभार ज्ञापित किया है।

# पीएमवाय टीम ने गुलमोहर पार्क पीएम वाय कॉलोनी के सोकपीट की तत्काल बैरिकैटिंग की

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार नगर निगम की प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमवाय) की टीम द्वारा विगत दिवस की आकस्मिक दुर्घटना के पश्चात तत्काल नगर निगम जोन 7 क्षेत्र के तहत गुलमोहर पार्क पीएमवाय कॉलोनी के सोकपीट के चारों ओर जनजीवन सुरक्षा की दृष्टि से बैररिकैटिंग करने की कार्यवाही स्थल पर की गयी है। वहीं नगर निगम जोन 6 की टीम द्वारा जोन के तहत छत्तीसगढ़ नगर में शीतला मन्दिर के समीप पेयजल कार्य हेतु खोदे गए गड्ढे को तत्काल पाटने की कार्यवाही स्थल पर तत्काल की गयी है।

# सुशासन तिहार-2025 को समर्पित स्व. करूणा शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज बलौदाबाज़ार में आयोजन हुआ कार्यशाला एवं संगोष्ठी

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



सुशासन तिहार-2025 के उपलक्ष्य में स्वर्गीय करुणा शुक्ला शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कार्यशाला एवं भव्य संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सुशासन तिहार-2025 के विभिन्न चरणों की जानकारी प्रदाय करना था एवं संगोष्ठी प्रदेश के विकास कार्यो और सरकार की जनहितकारी योजनाओ/ गतिविधियों को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। संस्था के प्राचार्य, डॉ. आर. के. अग्रवाल तथा व्याख्याताओं द्वारा भारत माता एव छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्याशाला की प्रस्तावना कुंदन कुमार एवं कु. पूजा वैष्णव द्वारा, सुशासन तिहार-2025 के विभिन्न चरणों की जानकारी उपलब्ध कराये एवं संगोष्ठी की प्रस्तावना कार्यक्रम के संचालनकर्ता गणेश राम, व्याख्याता यांत्रिकी द्वारा रखा गया जिसमे उन्होंने सुशान के मुख्य पहलुओ पर प्रकाश डालते हुए सरकार के योजनाओ पर भी अपनी बात संक्षिप्त में रखा। वक्ता, नवनीत साहू, कु. कविता बिर्जे एवं कु. ऋतु बंजारे ने अपने वक्ताओं में छत्तीसगढ़ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, और रोजगार के क्षेत्रों में हुई प्रगति को विस्तार से चर्चा की। कॉलेज के प्राचार्य ने राज्य की प्रगति और नागरिकों के जीवन में लाए गए सकारात्मक परिवर्तनों पर प्रकाश डाला और मुख्यमंत्री ऋण ब्याज योजना एवं प्रधान मंत्री इंटरशिप योजना पर विशेष प्रकाश डालते हुए। विद्यार्थियों को इस योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किये, साथ ही प्रदेश के विकास में सकारात्मक योगदान देने के भी संदेश दिये । संस्था के शिक्षक राहुल कुमार यादव और भूपेंद्र राठौर ने नई पीढ़ी को राज्य के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और इस बात पर जोर दिया कि पिछले एक वर्ष में सरकार ने जनहित के कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

# पुलिस जवानों ने किया रक्तदान 20 यूनिट रक्त प्राप्त

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं सर्वधर्म रक्तदाता फाउंडेशन बलौदाबाज़ार के तत्वावधान में पुलिस कम्युनिटी हाल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस जवानों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल 20 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। रक्तदान से प्राप्त रक्त से प्रसव, दुर्घटना, सर्जरी के साथ-साथ एनीमिया, सिकल सेल और हीमोफीलिया के मरीजों को भी मदद मिलती है जिन्हें समय-समय पर रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है। कलेक्टर दीपक सोनी ने इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता से रक्तदान करने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि रक्तदान शिविर हेतु दान दाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे लोग रक्तदान हेतु आगे आ रहे हैं। रक्तदान महादान है इसके माध्यम से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है ।18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है।

## आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, फिटनेस और समुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना

# मल्लिन गांव में हुआ ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



ग्राम मल्लिन, विकासखंड पलारी जिला बलौदाबाजार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ, जिसमें आस-पास के गांवों से आए 120 से अधिक युवक युवती खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, फिटनेस और समुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था।प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबडडी, रिले दौड़ जैसे आधुनिक खेलों के साथ-साथ खो-खो और रस्साकशी जैसे पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया। सभी मुकाबले नॉकआउट प्रणाली के तहत आयोजित किए गए, जिससे खिलाड़ियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न हुई। नेहरू युवा केन्द्र जिला अधिकारी अर्पित तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच रामकली मिर्झा, प्रतिनिधि महेश राम मिर्झा, उद्योराम साहू, छबि राम, लोकनाथ साहू, परसराम साहू,सोहन राम साहू, फागू राम मिर्झा, अहिल्याबाई साहू, बिंदा साहू, प्रेमिन बाई, संपत बाई, हेडमास्टर जितेंद्र कुमार पटेल,सरोज साहू, महेंद्र पटेल, छबिलाल पटेल, रामकुमार, कैलाश फेकर, नकुल निर्मलकर, चंदूराम साहू ग्राम वरिष्ठजन एवं स्कूली बच्चे शामिल थे। सरपंच रामकली मिर्झा के द्वारा स्कूल को खेल सामग्री जैसे वॉलीबॉल, डोर, फुटबॉल, बैडमिंटन, चेस, गोला, रिंग आदि सामग्री भेंट किया गया। इस आयोजन को नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ, जिन्होंने आयोजन की पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह प्रतियोगिता देशभर में एनवायकेएस द्वारा चलाए जा रहे ब्लॉक स्तरीय खेल कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। मल्लिन गांव की यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं की खेल प्रतिभा का प्रतीक बनी, बल्कि यह भी दर्शाया कि सामूहिक प्रयासों और ग्रामीण सहभागिता से बड़े आयोजन भी सफल बनाए जा सकते हैं।

# नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदगणों ने पेयजल पाईप लाईन विस्तार का किया भूमिपूजन व मुरूम तालाब का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत जनसामान्य एवं वार्डवासियों को पेयजल की सुविधा प्राप्त हो सके, इसके लिए पेयजल विस्तार का भूमिपूजन एवं स्थानीय मुरूम तालाब में पानी भरने से वार्डवासियों को मिलने वाली सुविधा, कार्यो का निरीक्षण किया गया। पेयजल की व्यवस्था किये जाने 15वें वित्त से पाईप लाईन विस्तार का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा वार्ड क्र. 01 एवं 02 में श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना की गयी। इस भूमिपूजन के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले पार्षद अमितेश नेताम व अंजनी पात्रे के द्वारा भी श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना की गयी। वार्ड में पेयजल की सुविधा का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। पाईप लाईन विस्तार से पेयजल की सुविधा लोगो को मिलने व कार्य प्रारंभ होने पर वार्डवासियों में हर्ष व्याप्त है व वार्डवासियों ने परिषद के कार्यो की सराहना भी की गयी। पाईप लाईन विस्तार भूमिपूजन के पश्चात् स्थानीय मुरूम तालाब में पानी भरने का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। जिससे वार्ड में भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदगणों ने इस दौरान मुरूम तालाब क्षेत्र का अवलोकन भी किया। भूमिपूजन एवं मुरूम तालाब निरीक्षण के दौरान पार्षद रेखा-पोषण पटेल, डिगेश्वरी-रविन्द्र नामदेव, गौतम चैहान, सुरेश घृतलहरे पूर्व पार्षद गोविंद पात्रे, नितेश शर्मा, उपअभियंता कमलेश्वरी गुरूपंचायन, ध्यानु गुप्ता, प्रसुन शर्मा, जितेन्द्र सोनी, प्रसन्न दीवान, आनंद साहू, रविन्द्र नामदेव, विशाल पाड़े, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेकर की जयंती पर जिला पंचायत में कार्यक्रमों का आयोजन

## सभी विकासखंडों के 10- 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के व्हीएलई सर्विस प्रदाता के मध्य हुआ एमओयू

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेकर की जयंती के अवसर पर रविवार को जिला पंचायत के सभागार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यकम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वर्चुअली तौर पर जुड़े और संबोधित किया। कार्यक्रम में सबसे पहले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद संविधान की उद्देशिका हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हज़ार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं का वाचन किया गया।





कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र हेतु जिले के सभी विकासखंडों के 10- 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के व्हीएलई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू हुआ।

### बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर समावेशी, समतामूलक और न्यायप्रिय समाज के निर्माण में निभाए सक्रिय भूमिका : मुख्यमंत्री साय

वर्चुअली तौर पर जुड़े मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रनिर्माण में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेकर के विचारों को युगप्रेरक बताते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम उनके आदर्शों पर चलें, और एक समावेशी, समतामूलक और न्यायप्रिय समाज के निर्माण में सि य भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मोदी की अधिकांश गारंटियों को हमारी सरकार ने पूरा कर लिया है। आज हम पंचायतों को सर्वसुविधायुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीएससी कॉमन सर्विस सिस्टम की शुरुवात कर रहे हैं। इसमें महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी अनेक सुविधा प्रदान की जाएगी।

### कार्यक्रम में जल संरक्षण के लिए लिया गया जल शपथ

कार्य म में भू जल संरक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण और संवर्धन के बारे में बताया गया। सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधिगण, समस्त अधिकारी और कर्मचारीयों के द्वारा जल संरक्षण व वाटर हार्वेस्टिंग बनाने हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश को मजबूत और समृद्ध बनाने में अपना योगदान दिया है। हम सब उनके आदर्शों और विचारों में चलकर देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। उन्होंने जल संरक्षण पर सभी को साथ मिलकर काम करने की अपील भी की। कलेक्टर रोहित व्यास ने जल जागृति अभियान की जानकारी देते हुए जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से गर्मी बढ़ रही है, जल स्तर घट रहा है।

# 134 वीं जयंती पर याद किये गए बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर

## जिला कांग्रेस कार्यालय मे मनाई गई सविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर कि 134 वीं जयंती



पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती मनाई जा रही है। इस कड़ी मे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व मे उन्हें श्रद्धांजलि दी गई,, एवं द्वारा दिए गए कार्यों को स्मरण किया गया. इस अवसर पर वर्मा ने कहा कि सविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर एक प्रेणना स्त्रोत है, उन्होंने अपना सारा जीवन समाज के हित मे समर्पित कर दिया, उनके दिखाए रहा पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है, ज़ब देश मे छुआ छुत आशिक्षा जोरो पर थी उस समय उन्होंने शिक्षा का अलख जगाया, उन्होंने भारत के सविधान की नीव रखी। आज पुरा देश उनकी 135 वीं जयंती पर उन्हें नमन करता है। शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब का योगदान समाज के लिए अतुलनीय है, हमें उनके दिखाए मार्ग मे चलना चाहिए.उनके चरणों मे शत शत नमन। इसी कडी में कांग्रेस जनों के द्वारा मुंगेली रामगढ़ स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर संजीत बनर्जी, श्याम जायसवाल, चुरावन मंगेश्कर, थानेश्वर साहू शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, संगठन महामंत्री संजय यादव, दिलीप बंजारा, लक्ष्मी कांत भास्कर, इंद्रजीत कुरे, कुलदीप पाटले, रणजीत सिंह, आयुष सिंह श्रीनेत, राम तलरेजा, राजेंद्र यादव, रमेश राजपूत, नरेंद्र साहू, रवि कोशले, अभिषेक यादव, रूप दास चतुर्वेदी, शिवम जायसवाल, जय सोनी, नवनीत शुक्ला उर्मिला रमेश यादव,मंजू शर्मा, संतोषी मोना नागरे, निधि पौराणिक, उपस्थित रहे।

# प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्ति होने पर जीवराखन पटेल को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

मिडिल स्कूल चिपरीकोना के प्रधान पाठक जीवराखन पटेल की अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर संकुल केंद्र चिपरीकोना के मिडिल स्कूल चिपरीकोना में विदाई समारोह का आयोजन रखा गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत हो रहे जीवराखन पटेल तथा समारोह की अध्यक्षता सकुल प्रभारी टिकेश्वर पटेल ने की। सर्वप्रथम समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर धोबालाल पटेल के द्वारा जीवन परिचय का वाचन किया।इस विदाई समारोह में संकुल के शिक्षक रघुनाथ चौधरी, तोष कुमार चौधरी, साधव सिदार, अशोक पटेल,



तीर्थ कुमार नाग, दीपक पटेल, महेंद्र चौधरी, निर्मला नाग, गीता सिदार, ब्रतकश्यप, सुमित्रा दास मानिकपुरी, टेम प्रसाद जगत, अयोध्या सिदार,परमानंद बेहरा, विद्याधर पटेल, उमाशंकर पटेल, हेमसागर पटेल, मनी लाल पटेल, तेरस सिंह राय, एवं बाहर से आए हुए शिक्षक एवं गणमान्य नागरिकों डीजेंद्र कुर्रे, कीर्तन लाल देवांगन, अवध राम जगत, विजय जगत, शंकर सिदार सीता बाई यादव शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं गांव के भारी संख्या में गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीव राखन पटेल ने अपने 43वर्ष शिक्षकीय जीवन के अनुभव को साझा किया। अंत में विद्यार्थीयों की उज्वल भविष्य कामना के साथ भाव बिनी विदाई ली। विद्यार्थियों, पालकों, पूर्व छात्र छात्रों, ग्रामीण जानो, सकुल, विधायक परिवार द्वारा भेंट स्वरूप उपहार दिए एवं साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी।

# रामगढ़िया सेवक सभा के नए पदाधिकारियों की घोषणा



■ बलदेव सिंह भुई अध्यक्ष, हरपाल भामरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ओंकार सिंह मुद्दड़ सचिव मलकीत सिंह रियल कोषाध्यक्ष बनें

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

सरदार बलदेव सिंह भुई रायपुर की रामगढ़िया सेवक सभा के सर्वसम्मति से अध्यक्ष और हरपाल सिंह भामरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए है। ओंकार सिंह मुद्दड को सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई है। जिसमें 5 उपाध्यक्ष, एक सचिव, दो सह-सचिव, एक कोषाध्यक्ष, दो सह कोषाध्यक्ष और दो पीआरओं की नियुक्ति की गई है। साथ ही बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की भी नियुक्ति की गई है। पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 साल को होगा। निवृतमान अध्यक्ष जसविन्दर सिंह राणा ने नए अध्यक्ष बलदेव सिंह भुई की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में बेहतर काम करने के लिए शुभकामनाएं दी। जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष बलदेव सिंह भुई, उपाध्यक्ष हरपाल सिंह भामरा, जगदीश सिंह जब्बल, अटल सिंह हंसपाल, सुरेन्द्र सिंह हंसपाल, गुरुबचन सिंह भामरा, सुखविन्दर सिंह भामरा को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। ओंकार सिंह मुद्दड़ को सचिव पद पर हरदीप सिंह भामरा को सुरेन्द्र सिंह बाड़े को सहसचिव पद पर मलकीत सिंह रीहल को कोषाध्यक्ष, चरणजीत सिंह पनेसर और रविराज फ्लोरा को उपकोषाध्यक्ष, तेजपाल सिंह हंसपाल और अमरदीप सिंह चग्गर को पीआरओ पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के रुप में जसविन्दर सिंह राणा, मनजीत सिंह पनेसर, चरणजीत सिंह हुन्जन, सुखदेव सिंह नोते और डॉ. सुरेन्द्र सिंह मथारु, त्रिपातपाल सिंह भूई, हरभजन सिंह आसी, महिंदर सिंह भूई, बलराज सिंह फ्लोरा, रविंदर सिंह सीरे, जसपाल सिंह भामरा, हाकम सिंह आसी, जरनैल सिंह आसी, मंजीत सिंह गिल को शामिल किया गया है।

# दुल्हादेव महोत्सव में सम्मिलित हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम बंसुला के आईआईटी ग्राउंड में चौहान समाज के तत्वावधान में दो दिवसीय दुल्हादेव महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बसना के लोकप्रिय विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। समाज प्रमुखों द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत सम्मान किया गया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने समाज को संबोधित करते हुए की समाज को हमेशा संगठित रह कर समाज के लिए कार्य करना चाहिए। क्योंकि जिस समाज में एकता नहीं होती उस समाज का विकास संभव नहीं है। चौहान समाज द्वारा दुल्हादेव महोत्सव कार्यक्रम कर सुकन्या विवाह कर पुण्य के कार्य किया है। जो कि पूरे अंचल में चौहान समाज द्वारा किया गया अद्भुत कार्य से अन्य समाज को भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। जिससे दहेज प्रथा रुपी कुरीति से पार पाया जा सकता है। चौहान समाज द्वारा किया गया यह कार्यक्रम सराहनीय है। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने इस मंगल कार्य हेतु चौहान समाज को बधाई दी और नव विवाहित जोड़ों को सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद, बिलाईगढ विधायक कविता लहरें, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, मण्डलाध्यक्ष नरेन्द्र यादव, गाड़ा समाज ब्लाक अध्यक्ष गौतम चौहान, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप निराला, चौहान सेना कार्यकारी अध्यक्ष उदेयराम चौहान, अरेकेल सरपंच मंजू बृजलाल चौहान,लक्ष्मी नाग, प्रमोद ग्वाल, लता बेला मोगरे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन शाखा इकाई एनटीपीसी सीपत ने किया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन शाखा इकाई एनटीपीसी सीपत द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें के थीम के साथ मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ 14 अप्रैल 2025 को अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में किया गया। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार द्वारा मुख्य अतिथि अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अन्य सभी महाप्रबंधक गण एवं सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों का अभिवादन किया गया। अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर 1944 में हुये बाम्बे डाकयार्ड की भीषण अग्नि दुर्घटना एवं देश भर में प्रत्येक वर्ष होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को मुख्य अतिथि अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), आलोक कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक (आरएलआई एवं बीई) ब्रज राज रथ, महाप्रबंधक (अनुरक्षण), जय प्रकाश सत्यकाम, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सत्यजीत भट्टाचार्य, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा), केऔसुब के असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार एवं अन्य अधिकारीगणों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई। अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने सभी को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जिससे संयंत्र के कर्मचारियों, गृहणियों व बच्चों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता आएगी।

# माध्यमिक शाला आस्ता में मनाई गई डॉ.भीम राव अंबेडकर जयंती

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड स्थित माध्यमिक शाला आस्ता में शिक्षकों के साथ अंबेडकर जयंती मनाई गई। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्त्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 4 संकुलों से आस्ता, बहेरना, राझाडीपा एवं अंधरझर के सीएससी साथ ही प्राथमिक शाला, उच्चतर माध्यमिक शाला के 31 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंबेडकर जयंती के माध्यम से शिक्षा तथा राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदानों के प्रति शिक्षक साथियों में समझ विकसित करना था। ताकि उन्हें अपने शैक्षिक कार्यों में बेहतर प्रेरणा मिले। कार्यक्रम के आरंभ में राझाडीपा एवं आस्ता संकुल के सीएससी ने सभी शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों का स्वागत किया गया ततपश्चात अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुकेश ने संस्था की ओर सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए डॉक्टर अंबेडकर का जीवन परिचय एवं विविध क्षेत्रों में उनके योगदानों को विस्तारपूर्वक रेखांकित किया। साथ ही शिक्षा में उनके योगदानों को रेखांकित करते हुए शिक्षक के तौर पर स्कूली एवं कक्षागत प्रक्रियाओं में बच्चों के सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के साथ-साथ संवैधानिक मूल्यों पर कार्य किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों- स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के मूल्यों के अनुरूप बच्चों के जीवन व्यवहार में शामिल करने तथा बच्चों में वैज्ञानिक व तार्किक सोच, आलोचनात्मक विवेक विकसित करने पर स्पष्टता बनाने का प्रयास किया गया। इसके उपरांत अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के चंद्रदेव के द्वारा अंबेडकर जयंती पर केंद्रित डिजिटल पोस्टर को प्रदर्शित करते हुए उस पर बारी-बारी से शिक्षकों के साथ चर्चा की, इस चर्चा के बाद सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बारी-बारी से अपने विचार रखने हेतु आमंत्रित किया गया। चर्चा के अंत में अंबेडकर पर केंद्रित कुछ महत्त्वपूर्ण पुस्तकों के बारे में उन्हें बताया गया। सीएससी ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



# अंबेडकर जयंती पर भाजपा ने किया नमन, कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा विचारों को हम आत्मसात कर रहे हैं

■ नेताओं ने कहा ङ वर्षों तक डॉ. अंबेडकर को कांग्रेस ने किया नजरअंदाज

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को नमन किया और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शामिल पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्णकुमार राय ने अपने उद्बोधन में कहा की डॉ. अम्बेडकर ने न केवल समाज को समता का संदेश दिया बल्कि भारत को एक मजबूत संविधान भी दिया, जो आज भी हमारे लोकतंत्र की रीढ़ है। राय ने जहां बाबा साहब के योगदान को याद किया, वहीं कांग्रेस पर तीखा हमला भी बोला। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस ने वर्षों तक अंबेडकर जी के योगदान को हाशिए पर रखा। जब वे समाज में समानता और दलित अधिकारों की बात कर रहे थे, तब कांग्रेस ने उन्हें सत्ता से दूर रखा। भाजपा ने ही उन्हें असली सम्मान दिया, उनकी तस्वीर को संसद भवन में जगह दिलवाई और उनके विचारों को नीति-निर्धारण में स्थान दिया। विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि अम्बेडकर जी ने जीवन भर सामाजिक विषमताओं के खिलाफ संघर्ष किया। हमें उनके बताए आदर्शों पर चलकर समाज मे समानता और न्याय को स्थापित करना होगा। विधायक भगत ने आगे कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के नाम पर सिर्फ राजनीति की, लेकिन भाजपा ने उनके सिद्धांतों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने भी कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, जो पार्टी आज डॉ. अंबेडकर की जयंती पर ट्वीट तक सीमित है, वही पार्टी दशकों तक उनके नाम को भुलाती रही। भाजपा ने ही अंबेडकर को भारत रत्न दिलाया, और उन्हें विश्वपटल पर सम्मानित किया। जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक समरसता की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

बाबा साहब का सपना था- ऐसा भारत जहाँ हर व्यक्ति को बराबरी का अधिकार मिले, और भाजपा उस दिशा में समर्पित है।

## कलेक्टर व्यास ने कहा, सायबर जागरूकता का यह प्रयास सराहनीय है

# पुलिस और यूनिसेफ द्वारा जिले में तीन दिवसीय 'क्लीक सेफ-स्टेईग सेफ ऑनलाईन' प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में बच्चों और युवाओं को इंटरनेट की दुनिया में सुरक्षित रखने के लिए ' क्लीक सेफ-स्टेईग सेफ ऑनलाईन' अभियान के अंतर्गत द्वितीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण 14 से 16 अप्रैल तक जिला पंचायत स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह , एडिशनल एसपी अनिल सोनी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर दिल्ली से पधारे YLAC संस्था के विशेषज्ञ शुभ्रा झा एवं ईशीता बागची के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के प्रारम्भ में जिला कलेक्टर जशपुर ने कहा कि जशपुर जिले में साइबर जागरूकता पर पुलिस प्रशासन यूनिसेफके द्वारा यह बहुत ही सराहनीय पहल है यह प्रशिक्षण इस जनजातीय क्षेत्र के लिए बहुत ही लाभदायक होगी,साथ ही उद्बोधन में जशपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जी ने भी कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमारे जिले में साइबर योद्धा तैयार किया जा रहे हैं जो जशपुर जिले के सभी विकासखंडों में साइबर जागरूकता पर कार्य करेंगे । इस प्रशिक्षण में जिले के सभी ब्लॉकों से आए जय हो कार्यक्रम से जुड़े राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स, युवाओं एवं बाल संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रथम दिवस में वालंटियर्स को डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पीड़ित व्यक्ति से कैसे स्वाद करे, रिपोर्ट कैसे करे जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के द्वितीय एवं तृतीय दिवस (15 व 16 अप्रैल) को पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कार्यक्रम जशपुर पुलिस, यूनिसेफ के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित बनाना है। समस्त गतिविधियों और प्रशिक्षण में डाक्टर राजीव रंजन तिग्गा सहायक प्राध्यापक व राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी बगीचा, हरिशंकर राम साइबर सेल जशपुर,तेजराम सारथी जिला समन्वयक, देवेश सिंह जिला समन्वयक, शालिनी गुप्ता ब्लाक समन्वयक एवं जय हो लीडर गुरूदेव प्रसाद एवं समस्त साइबर योद्धा शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त किए व इस प्रशिक्षण में सभी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के द्वारा बताया गया कि जशपुर जिले में यूनिसेफके माध्यम से साइबर फ्रॉड के खिलाफ साइबर योद्धाओं की टीम के साथ ही पुलिस अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि साइबर फ्रॉड के इस भयावह समस्या से आसानी से निपटा जा सके।



# भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ अग्रवाल, कहा-बाबा साहब का संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती प्रदेशभर में मनाई जा रही है। बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल भी डॉ.अंबेडकर के जन्मदिवस समारोह शहीद वीर नारायण सिंह चौक में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक अग्रवाल ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलनकर 'संविधान शिल्पी' की फोटो पर माल्यार्पण किया। विधायक अग्रवाल ने भारत के संविधान निर्माता, समाज सुधारक और स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतर डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनकी जयंती के अवसर पर नमन किया। डॉ संपत अग्रवाल ने शहीद वीर नारायण सिंह चौक में आयोजित जन्म दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर एक विलक्षण व्यक्ति त्व के धनी थे। वे बहुभाषाविद्, प्रखर विधिवेत्ता, कुशल अर्थशास्त्री, सामाजिक न्याय के पक्षधर, और दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण सामाजिक विषमताओं के उन्मूलन और समानता, स्वतंत्रता तथा बंधुत्व के मूल्यों को प्रतिष्ठित करने हेतु समर्पित किया।बाबा साहब का संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत है। विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहेब का राष्ट्र निर्माण में योगदान न केवल अतुलनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है। डॉ अग्रवाल ने सभी नागरिकों से संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक आदर्शों और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आत्मसात करने और उन्हें और अधिक सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के महाअधिवेशन में हुए शामिल

■ ग्राम नरदहा में सामाजिक भवन के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज के 79वें महाधिवेशन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम नरदहा में कुर्मी समाज के सामाजिक भवन हेतु 50 लाख रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और प्रदेश की महान विभूतियों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू तथा छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि कुर्मी समाज एक परिश्रमी और आत्मनिर्भर समाज है, जो परंपरागत रूप से खेती-किसानी से जुड़ा रहा है और विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत किए गए वायदों में से अधिकांश वायदे हमारी सरकार द्वारा अल्पकाल में ही पूर्ण किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसके लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में यह सुविधा 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से प्रारंभ होगी, और इसका विस्तार चरणबद्ध ढंग से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन गरीबों के लिए 18 लाख पक्के मकानों की स्वीकृति दी गई। कुर्मी समाज के कृषक हितों को ध्यान में रखते हुए, किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान की खरीदी की गई, साथ ही पिछले दो वर्षों का धान बोनस भी किसानों को दिया गया। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि दो दिन पूर्व केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें फोन कर यह जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ के लिए 3.5 लाख नए आवास और स्वीकृत किए जा रहे हैं। इससे हम और अधिक जरूरतमंदों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर घर के सपने को साकार कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, जो पूर्व में बंद कर दी गई थी, अब पुनः प्रारंभ की जा चुकी है, ताकि हमारे बुजुर्ग अपने इच्छित तीर्थ स्थलों की यात्रा कर सकें। उन्होंने कहा कि जीवन में एक बार तीर्थ करने की इच्छा हर बुजुर्ग की होती है, लेकिन आर्थिक कारणों से यह सपना अधूरा रह जाता है, जिसे अब हम साकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों के पारिश्रमिक को 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये किया गया है। वनवासी भाइयों के पैरों की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए, चरण पादुका योजना को वर्ष 2025-26 के बजट में पुनः शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इस दिशा में लगातार प्रभावी कार्य कर रही है। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

# राजधानी की सुरक्षा पर चिंता : सांसद बृजमोहन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, पुलिस बल बढ़ाने की मांग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ते अपराध, यातायात की गंभीर समस्याओं और पुलिस बल की भारी कमी को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर राजधानी और जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु तत्काल रिक्त पदों की भर्ती एवं अतिरिक्त पुलिस बल स्वीकृत करने की मांग की है। सांसद अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया है कि राजधानी रायपुर की जनसंख्या 16 लाख से अधिक हो चुकी है, वहीं रायपुर, बिरगांव, माना, मंदिरहसौद जैसे नगरीय क्षेत्रों को जोड़ दें तो यह आंकड़ा 30 लाख से ऊपर पहुंचता है। साथ ही लगातार हो रहे वीवीआईपी मूवमेंट, साइबर अपराधों में वृद्धि और बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण पुलिस बल पर अत्यधिक भार पड़ा है। वर्तमान में रायपुर जिले में 3805 पुलिस पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 796 पद रिक्त हैं। आरक्षकों के 2738 स्वीकृत पदों के विरुद्ध केवल 2007 पद ही भरे हुए हैं, जिससे आमजन को असुविधा और पुलिस बल को कार्य संचालन में कठिनाई हो रही है। यातायात व्यवस्था को लेकर अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया कि रायपुर में पंजीकृत वाहनों की संख्या 17 लाख से अधिक हो चुकी है, जबकि बीपीआर एंड डी के मानकों के अनुसार 2388 बल की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में मात्र 416 यातायात कर्मी उपलब्ध हैं। सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि रायपुर जिले में रिक्त पुलिस पदों की शीघ्र भर्ती कराई जाए तथा राजधानी के बढ़ते स्वरूप के अनुसार अतिरिक्त पुलिस बल की स्वीकृति दी जाए, ताकि अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्रभावी बनाया जा सके।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें किया नमन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन संघर्ष की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया जो भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करता है। मुख्यमंत्री साय ने बाबा साहब के विचारों को युगप्रेरक बताते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम उनके आदर्शों पर चलें, और एक समावेशी, समतामूलक और न्यायप्रिय समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# पेट्रोल पंप के लिए लाइसेंस की जरूरत खत्म, पेट्रोल पंप खोलना हुआ आसान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पंप के लिए राज्य स्तर पर लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। यह बदलाव 14 नवंबर 2024 को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना के जरिए लागू किया गया है। अब पेट्रोल पंप खोलने के लिए व्यवसायियों को सिर्फकेंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा। पहले की दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर इसे आसान बना दिया गया है।

**क्या बदला और क्यों है यह अहम** – पहले पेट्रोल पंप शुरू करने के लिए व्यवसायियों को कलेक्टर के माध्यम से खाद्य विभाग से क्रय विक्रय का लाइसेंस प्राप्त करना होता था। प्रत्येक वर्ष अथवा तीन वर्ष में एक बार लाइसेंस का रिन्यूवल कराना होता था। राज्य शासन और केंद्र, दोनों जगह से अनुमति लेने की दोहरी प्रक्रिया से समय और पैसा दोनों खर्च होते थे, साथ ही कागजी कार्रवाई भी बढ़ जाती थी। अब केवल केंद्र के नियमों का पालन करना काफी होगा। इससे व्यवसायियों को राहत मिलेगी और पेट्रोल पंप खोलने की प्रक्रिया तेज और सस्ती हो जाएगी। यह कदम छत्तीसगढ़ में व्यवसाय को बढ़ावा देने और नियमों को सरल बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है।

**व्यवसायियों को कैसे होगा फायदा** – अब कम कागजी कार्रवाई और एक ही स्तर की अनुमति से पेट्रोल पंप जल्दी शुरू हो सकेंगे। नए व्यवसायी, खासकर छोटे उद्यमी और तेल कंपनियां, बिना ज्यादा परेशानी के अपना काम शुरू कर सकेंगे। यह सुधार ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में पेट्रोल पंप खोलने को बढ़ावा देगा, जहां अभी ईंधन की पहुंच कम है।

**राज्य और जनता को क्या लाभ** – इस बदलाव से छत्तीसगढ़ में ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे लोगों को पेट्रोल-डीजल आसानी से मिल सकेगा। खासकर उन इलाकों में, जहां अभी पेट्रोल पंप कम हैं, वहां सुविधा बेहतर होगी। साथ ही, नए पेट्रोल पंप खुलने से राज्य में निवेश बढ़ेगा और बुनियादी ढांचे का विकास होगा। यह सरकार के उस लक्ष्य को भी पूरा करता है, जिसमें व्यवसाय करने में आसानी और आर्थिक विकास पर जोर दिया गया है।

# राज्यपाल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यपाल डेका ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्षो से भरा हुआ था। उन्होंने सामाजिक भेदभाव, छूआछूत, असमानता के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम माना और स्वयं इसके उदाहरण बने। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अनेक उपाधियाँ प्राप्त कीं और देश के पहले विधि मंत्री के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। राज्यपाल डेका ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर न्याय व समतामूलक समाज के निर्माण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। उन्होंने समाज के शोषित, पीड़ित एवं कमजोर तबके के लोगों के सशक्ति करण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज जब हम बाबा साहेब को याद कर रहे हैं, तब यह आवश्यक है कि हम केवल औपचारिकताएं न करें, बल्कि उनके विचारों को व्यवहार में उतारें। समता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांत को हमें समाज के प्रत्येक स्तर पर स्थापित करना होगा। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, उप सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजधानी ही नहीं पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में बढ़ते कानून व्यवस्था को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गये पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सांसद ने सरकार को आईना दिखाया है। राजधानी ही नहीं प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। भाजपा सरकार बनने के बाद पूरे प्रदेश में अपराधिक घटनायें बढ़ गयी है। अपराधी और अराजक तत्व बेलगाम हो चुके है। किसी भी सरकार के लिए इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है, उसके दल के ही एक सांसद जो वरिष्ठ नेता भी सरकार की कार्यप्रणालि को लेकर पत्र लिखने को विवश है। बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पत्र में जो कहा है इस विषय को कांग्रेस शुरू से ही उठाती रही है। सरकार है कि गूंगी बहरी बनी हुई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार सवा साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के सवा साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयी।

# नक्सलियों के सामूहिक आत्मसमर्पण पर दोगुना इनाम

■ गांव के नक्सल मुक्त होने पर 1 करोड़ रुपए के होंगे विकास कार्य

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में अब हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों को सरकार और अधिक प्रोत्साहन देगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में तैयार नई नक्सल आत्मसमर्पण नीति के तहत सामूहिक आत्मसमर्पण करने वालों को न केवल घोषित इनाम की दोगुनी राशि मिलेगी, बल्कि नक्सल मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों में एक करोड़ के विशेष विकास कार्य भी कराए जाएंगे। नक्सली संगठन की किसी फॉर्मेशन इकाई के यदि 80 प्रतिशत या उससे अधिक सक्रिय सदस्य सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण करते हैं, तो उन्हें उनके विरुद्ध घोषित इनामी राशि की दोगुनी राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जैसे अति नक्सल प्रभावित जिलों में यदि किसी ग्राम पंचायत क्षेत्र में सक्रिय समस्त नक्सली व मिलिशिया सदस्य आत्मसमर्पण करते हैं, और ग्राम पंचायत को नक्सल मुक्त घोषित किया जाता है, तो वहां एक करोड़ रूपए के विकासात्मक कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। नई नीति के तहत यदि पति-पत्नी दोनों आत्मसमर्पण करते हैं, तो उन्हें पृथक इकाई मानते हुए अलग-अलग पुनर्वास योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। हालांकि यदि किसी योजना में दोनों को एक इकाई माना जाता है, तो वहीं के अनुसार लाभ मिलेगा। इनामी राशि का निर्धारण दोनों के लिए पृथक रूप से किया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को राहत व सहायता राशि गृह विभाग के बजट से उपलब्ध कराई जाएगी। जिला कलेक्टर को यह सुनिश्चित करना होगा कि आत्मसमर्पण के 10 दिनों के भीतर पूरी राशि संबंधित व्यक्ति को प्रदान कर दी जाए। यदि किसी आत्मसमर्पित नक्सली पर पहले से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, तो उसके नक्सलवाद उन्मूलन में योगदान और 6 माह तक के अच्छे आचरण को देखते हुए मंत्रिपरिषद की उप समिति इन मामलों को समाप्त करने पर विचार कर सकती है।

# संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि देने जुटे जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आम नागरिक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर के इंद्रावती भवन के समीप कैपिटल कॉम्प्लेक्स परिक्षेत्र स्थित अम्बेडकर चौक पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्य म का आयोजन किया गया। यह कार्य म बी. आर. अंबेडकर जयंती समारोह संयुक्त आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं तथा आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्य म की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अम्बेडकर चौक के समीप रैली निकाली गई और जय भीम के नारे लगाये गए। इसके पश्चात समिति के पदाधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों द्वारा अंबेडकर जी के जीवन, विचारों और उनके द्वारा समाज में लाए गए ांतिकारी बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्य म को संबोधित करते हुए वक्त ाओं ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक न्याय का प्रतीक, दलितों और वंचितों के अधिकारों के संरक्षक तथा भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने केवल एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक विचारधारा के रूप में कार्य किया, जिसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। इस अवसर पर कार्य म के दौरान जय भीम, डॉ. अंबेडकर अमर रहें जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। संयुक्त आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नवा रायपुर के नागरिकों को डॉ. अंबेडकर के विचारों से जोड़ना और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्य म में सहभागिता कर रहे लोगों ने अंबेडकर जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। मुख्य अतिथि रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कांवरे ने संविधानिक आदर्शों के पालन हेतु सभी को सपथ दिलाई। अम्बेडकर जी के जातिविहीन समाज की परिकल्पना के बारे में बताया और कहा कि उनके विचारों को जनजन तक पहुंचाए। भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण के सदस्य धनंजय देवांगन ने आर्थिक स्वतंत्रता के संबंध में विचार व्यक्त किया। विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के बारे में जानकारी दी। जनसंपर्क के अपर संचालक आलोक देव ने बौद्ध अर्थशास्त्र के बारे अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गनवीर, छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, अपाक्स के अध्यक्ष सत्येंद्र देवांगन, प्रगति शील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के अध्यक्ष आर पी भतपहरी, संरक्षक विनोद भारती, अनिल कुमार बनज, एस के सोनवानी, अश्विनी कुमार बंजारा, एच के रंगारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403